फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 63 प्रभात जयपुर, मंगलवार 3 अक्टूबर, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



Pakistan And China Did Not Participate...

In six months I had to do a job which might normally takes four years, there were no funds and nobody had any clue as to how to raise funds.

There are no pain-free options in life

T Cell Enhances Immune System Memory



*महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सचिन पायलट शामिल हुए।*

# इस बार तेरे या मेरे नाम पर टिकट नहीं मिलेगा-पायलट

## पायलट ने यह भी कहा कि, सरकार कार्यकर्ताओं के दम पर बनती है

- महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के बाद मीडिया के साथ बातचीत में सचिन पायलट ने कहा कि, चुनाव जीतना ही एक मात्र क्राइटैरिया है तथा एस.सी./एस.टी. ओ.बी.सी. व माइनॉटिरी को पहले से ज्यादा प्राथमिकता दी जाएगी।
- पायलट ने राजस्थान में गठबंधन से इंकार किया व कहा कि, इंडिया एलायंस राष्ट्रीय स्तर पर है, राजस्थान में सिर्फ दो पार्टियां हैं, कांग्रेस और भाजपा।

जयपुर, 2 अक्टूबर (का.प्र.)। राजस्थान विधानसभा के लिए टिकट देने के लिए प्रत्याशियों के चयन पर कांग्रेस में मंथन चल रहा है। इस मुद्दे पर सोमवार को सचिन पायलट ने, प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर गांधी और शास्त्री जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि, राजस्थान में प्रत्याशी के लिए केवल चुनाव जीतना ही एकमात्र क्राइटीरिया तय किया गया है। जब फाइनल लिस्ट आएगी तो पहले से ज्यादा युवाओं, एससी- एसटी, ओबीसी माइनॉरिटी सबको प्राथमिकता देंगे, लेकिन जिताऊ को इग्नोर नहीं कर सकते हैं। पायलट ने कहा कि, इस बार "ये तेरा या मेरा" के नाम पर टिकट नहीं मिलेंगे। पायलट ने स्पष्ट किया कि, कांग्रेस आलाकमान पूरी तरह से गंभीर है कि कैसे जिताऊ उम्मीदवार को टिकट दिया जाए।

सचिन पायलट ने यह भी कहा कि, सरकार कार्यकर्ताओं के दम पर बनती है। कांग्रेस का कार्यकर्ता उत्साहित है वह जानता है कि, भविष्य हमारा है। नौजवानों, किसानों और कार्यकर्ताओं के मन में जो अभिलाषा है वह तभी पूरी होगी जब कांग्रेस की सरकार रिपीट होगी। उन्होंने कहा कि सरकार पार्टी के कार्यकर्ता बनाती है, पार्टी के कार्यकर्ता व नेता के दम पर हम जनता तक सरकार की बात पहुंचाते हैं, सरकार का निर्माण करते हैं और राजस्थान में सरकार और संगठन मिलकर काम कर रहे हैं, तभी जनता भी विश्वास कर रही है। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस पार्टी पहले से ज्यादा मजबूत है, पार्टी कार्यकर्ताओं को साध रही है, जहां कहीं भी हमें छोटा-मोटा कोई करैक्शन करना पड़ रहा है उसे हम लगातार करैक्ट कर रहे हैं और इस बार राहुल गांधी का फोकस व्यक्तिगत रूप से राजस्थान पर ही है। राजस्थान में गठबंधन को लेकर सचिन पायलट ने इन्कार करते हुए अकेले चुनाव लड़ने की वकालत की है। उन्होंने कहा कि, इंडिया अलायन्स राष्ट्रीय स्तर पर है, लेकिन राजस्थान में हमेशा मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच होता है।

राजस्थान में कांग्रेस मजबूत है क्योंकि अपने दम पर पूर्ण बहुमत की सरकार बना सकती है। पार्टी छोड़कर गए नेताओं को लेकर पायलट ने कहा कि, चुनाव के समय कुछ लोग पार्टी छोड़ेंगे कुछ जॉइन भी करेंगे। यह निजी निर्णय होता है। यह सही है या गलत, इस पर मैं बोलना नहीं चाहता, लेकिन राजस्थान में कांग्रेस पार्टी मजबूत है और जीतने की स्थिति में है।

# कास्ट सर्वे रिपोर्ट पर नौ दलों की बैठक आज

## बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह जानकारी दी

- नीतीश ने कहा कि सभी दलों से राय लेकर आगे की रणनीति तय की जाएगी।

पटना, 2 अक्टूबर। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जाति आधारित गणना की रिपोर्ट आज प्रकाशित कर दी गई और मंगलवार को अपराह्न साढ़े तीन बजे नौ दलों की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें सबकी राय लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। कुमार ने सोमवार को यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर गांधी संग्रहालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा, जाति आधारित गणना की रिपोर्ट को पब्लिश कर दिया गया है। नौ पार्टियों की सहमति से यह सब हुआ है। उन सब पार्टियों के सामने सभी चीजों को प्रस्तुत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि, कल ही (मंगलवार को) साढ़े तीन बजे नौ पार्टियों के लोगों के साथ हम लोग बैठक करेंगे। उसमें एक-एक चीजों का प्रजेंटेशन किया जायेगा। सबकी राय लेकर आगे कदम उठाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, जातीय गणना के साथ-साथ एक-एक परिवार की आर्थिक स्थिति की जानकारी ले ली गई है, उसकी रिपोर्ट भी जारी होगी। अनुसूचित जाति के लोगों की संख्या बढ़ी है, उनको भी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि, सबको लाभ मिले इसको लेकर कल की बैठक में एक-एक चीज को रखा जायेगा। कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अतिपिछड़ी जातियों के लिए विश्वकर्मा योजना लागू किये जाने और बिहार में अतिपिछड़ी जातियों की संख्या बढ़ने के सवाल पर कहा कि, उन्हें यह सब पता नहीं है कि,उन लोगों ने क्या लागू किया है। बिहार में हम लोगों ने जितना काम किया है उतना आज तक कोई नहीं किया है। बिहार में किसी एक जाति नहीं बल्कि सभी जातियों के हित में काम आगे बढ़ेगा। उन्होंने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि, वर्ष 2011 में केंद्र सरकार ने जनगणना करवाई थी लेकिन इसके 10 वर्षों के बाद जनगणना नहीं हुई है।

# डिज़ाइन बॉक्स के अरोड़ा की भारी तरफदारी की भंवर जीतेन्द्र सिंह ने

## डोटासरा को जीतेन्द्र सिंह ने सलाह दी कि, लड़ाई छोड़ कर डिज़ाइन बॉक्स राजस्थान में और काम दें

- डोटासरा दुविधा में हैं, क्योंकि अरोड़ा ने राहुल गांधी के बारे में बहुत अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया है और यह भी कहा है कि, वे नेता बनने लायक नहीं हैं।
- जीतेन्द्र सिंह ने असम के प्रभारी के रूप में, डिज़ाइन बॉक्स को कांग्रेस का चुनाव अभियान चलाने की जिम्मेदारी सौंपी थी, पर पार्टी की भारी हार हुई थी।
- दो अन्य प्रमुख नेता, हिमाचल की आशा कुमारी और उनके भाई, छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव भी डिज़ाइन बॉक्स के समर्थक बताये जाते हैं।
- जीतेन्द्र सिंह की सलाह पर ही राजस्थान में डिज़ाइन बॉक्स को चुनाव अभियान की जिम्मेदारी दी गयी है।

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। ऐसी खबर है कि गांधी परिवार के साथ घनिष्ठ पारिवारिक संबंध रखने वाले कांग्रेस के एक सीनियर नेता ने राजस्थान के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा को फोन कर कहा है कि वह डिज़ाइन बॉक्स के मुखिया अरोड़ा के साथ हुई तकरार को भूल जाएं। उन्होंने डोटासरा से यह भी कहा कि वह अरोड़ा को और काम दें।

अलवर के नेता जितेन्द्र सिंह ने यह जानकारी होने के बावजूद भी अरोड़ा की पैरवी करना जारी रखा कि डिज़ाइन बॉक्स के प्रमुख ने राहुल गांधी के लिए अपशब्द कहे थे और वह तो यहां तक कह गए थे कि राहुल नेता बनने लायक नहीं हैं और यदि पार्टी उनकी बात सुने या उनके कहने पर चले तो वह जीतने की उम्मीद नहीं रख सकती।

सूत्र बताते हैं कि जितेन्द्र सिंह जब असम के ए.आई.सी.सी. प्रभारी थे, तब उन्होंने असम के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के चुनाव प्रचार के लिए इसी डिज़ाइन बॉक्स को हायर किया था, लेकिन उस चुनाव में कांग्रेस बुरी तरह पराजित हुई थी। यह पहले ही बताया जा चुका है कि जितेन्द्र सिंह ने ही अशोक गहलोत को डिज़ाइन बॉक्स को हायर करने की सलाह दी थी।

जितेन्द्र सिंह के अलावा कांग्रेस के दो अन्य सीनियर नेताओं, हिमाचल प्रदेस की आशा कुमारी और छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं उनके भाई टी.एस. सिंह देव ने डिज़ाइन बॉक्स की पैरवी करने में प्रमुख भूमिका निभाई थी। यद्यपि डिज़ाइन बॉक्स अपने काम से कांग्रेस को किसी भी राज्य में नहीं जितवा सका। क्या इन नेताओं के डिज़ाइन बॉक्स के साथ कोई बिज़नैस लिंक्स हैं? यह बात अभी भी जांच का विषय है।

सूत्र कहते हैं कि घटना और तकरार को भूल जाने की जितेन्द्र सिंह द्वारा सलाह दिए जाने के बाद आवेशित डोटासरा मीडिया में चले गए और उन्होंने एक हिंदी दैनिक को अपना साक्षात्कार दिया। राजस्थान और कांग्रेस हलकों में अब यह प्रश्न किया जा रहा है कि अरोड़ा एक ऐसी पार्टी को कैसे जीत दिलवा सकेंगे, जहां वह स्वयं ही उसके सीनियर नेताओं को अपशब्द कह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नवरात्रि में घोषित होगी राजस्थान में भाजपा की पहली लिस्ट

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में केन्द्रीय निर्वाचन समिति ने रविवार को राजस्थान विधानसभा के लिए उम्मीदवारों की पहली और छत्तीसगढ़ चुनाव के लिए इसकी सूची को स्वीकृति दे दी लेकिन नामों की घोषणा 15 अक्टूबर से आरंभ होने वाले नवरात्रों में की जाएगी।

- प्रत्याशियों की पहली लिस्ट को प्र.मंत्री ने मंजूरी दे दी है। इसमें वसुंधरा राजे, राजेन्द्र राठौड़, सतीश पूनिया आदि के नाम होने की संभावना है।

30 से ज्यादा नामों को स्वीकृति दी गई है जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, विपक्ष के नेता राजेन्द्र सिंह राठौड़, पूर्व भाजपाध्यक्ष सतीश पूनिया तथा सांसद दिया कुमारी गुर्जर, सुखबीर सिंह जौनपुरिया, किरोड़ी लाल मीणा तथा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कर्नाटक में कांग्रेस भी जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी करेगी

## यह जनगणना कांग्रेस की पूर्व सिद्धारमैया सरकार (2013-18) ने करवाई थी

- राज्य के मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया ने कहा है कि, सरकार 2015 के सामाजिक आर्थिक सर्वे (जात आधारित जनगणना) की रिपोर्ट स्वीकार करने पर विचार कर रही है।
- पर ऐसी आशंका है कि, इस रिपोर्ट के जारी होने से वोकलिग्ग व लिंगायत समुदाय नाराज हो सकते हैं, क्योंकि जात आधारित जनगणना के आंकड़ों से इन समुदायों की सही संख्या पता लग सकती है।

**-लक्ष्मण वेंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। बिहार सरकार द्वारा जातीय जनगणना के तुरंत बाद कांग्रेसनीत कर्नाटक सरकार की पूर्व में सिद्धारमैया सरकार (2023-2018) द्वारा करवाई गई जातीय जनगणना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवा रही है।

मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया यह संकेत दे चुके हैं कि सरकार 2015 में करवाए गए सामाजिक आर्थिक सर्वे को स्वीकार करने की सोच रही है, लेकिन बिहार सरकार द्वारा जातीय जनगणना के आंकड़े जारी करने के बाद कांग्रेस सरकार का भी रास्ता खुल गया है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ओ.बी.सी. की जातिगत जनगणना का मुद्दा उठाया है और यू.पी.ए. सरकार द्वारा करवाई गई जात आधारित जनगणना की रिपोर्ट जारी न करने के लिए भाजपा को आड़े हाथों लिया है।

यह कदम भाजपा के हिन्दुत्व के गुब्बारे की हवा निकालने के लिए उठाया गया है। अब राहुल गांधी ने यह मांग की है और पहले बिहार के नेताओं नीतीश कुमार और लालू यादव ने यह मांग की थी और बाद में अन्य विपक्षी दलों ने भी मुद्दा उठाया। उम्मीद है कि इससे सबसे पिछड़ी और अन्य पिछड़ी जातियों के वोट पार्टी या गठबंधन को मिल जाएंगे क्योंकि इसमें उन्हें आरक्षण और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिला है। विपक्षी नेता और विशेषकर राहुल गांधी ओ.बी.सी. के कल्याण के मुद्दे पर काफी मुखर रहे हैं और उन्होंने प्रश्न किया कि किस प्रकार भाजपा केवल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बिहार कास्ट सर्वे: भाजपा नेतृत्व समझ नहीं पा रहा है, इसका पलटवार कैसे करे

## सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, बिहार की कुल आबादी में अति पिछड़ी व अन्य पिछड़ी जातियाँ कुल 63 प्रतिशत है

- बिहार की कुल आबादी 13.07 करोड़ से अधिक है, इसमें से 36 प्रतिशत अति पिछड़ी जातियाँ व 27.13 प्रतिशत अन्य पिछड़ी जातियाँ हैं।
- जद (यू) व राष्ट्रीय जनता दल ने कास्ट सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक होने को एतिहासिक मौका बताया, वहीं भाजपा की बिहार इकाई ने इसे ढकोसला की संज्ञा दी है।
- लेकिन, भाजपा की प्रदेश इकाई कास्ट सर्वे रिपोर्ट का श्रेय लेने की कोशिश में अवश्य जुट गई है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि, कास्ट सर्वे को हमारा पूर्ण समर्थन था, हमने ही इसे शुरू करवाया था।

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। आज दोपहर जारी हुए बिहार के जातिगत सर्वे के डेटा के प्रकाशन ने छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम के आगामी विधानसभा चुनावों और अगले साल होने जा रहे लोकसभा चुनावों के लिए मंच तैयार कर दिया है क्योंकि विपक्ष के गठबंधन "इण्डिया" द्वारा जातिगत जनगणना के वादे के एक निर्णायक मुद्दा बनाने की उम्मीद है।

जातिगत जनगणना के आंकड़ों की घोषणा ने बिहार में जनता दल युनाइटेड एवं राष्ट्रीय जनता दल के सत्तारुढ़ गठबंधन और विपक्षी भाजपा के बीच तगड़ा वाक्युद्ध छेड़ दिया है। जद, यू नेता एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उसकी सहयोगी आर.जे.डी. के पितृपुरुष लालू प्रसाद यादव ने इस रिपोर्ट के प्रकाशन को जहां ऐतिहासिक बताया है, वहीं भाजपा नेताओं ने इसे एक "ढकोसले" की संज्ञा दी है।

चूंकि कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल गांधी इस मुद्दे का भारी समर्थन कर रहे हैं, वहीं भाजपा व उसका शीर्ष नेतृत्व भौंचक्का है और उसे अभी तक यह समझ नहीं आ रहा है कि इसका पलटवार करने के लिए क्या रणनीति अपनाई जाए।

जातिगत जनगणना का मुद्दा आगामी चुनावी संघर्ष को किस प्रकार से प्रभावित करने जा रहा है, इस बात का अंदाजा इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी सार्वजनिक सभाओं में जातिगत मुद्दे पर अधिक जोर देते रहे हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि रिपोर्ट के प्रकाशन और गांधी जयन्ती का संयोग रहा है। उन्होंने इस काम के लिए सर्वे टीम को बधाई दी। अब अगला कदम क्या? के जवाब में उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा की उन नौ राजनीतिक पार्टियों की एक मीटिंग आयोजित की जाएगी जिन्होंने सर्वे के समर्थन में सर्वानुमति से वोट किया था। उन पार्टियों को सर्वे के निष्कर्षों से अवगत करवाया जाएगा। पूर्व में ट्विटर के नाम से जाने वाले "एक्स" पर की गई एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि "जातिगत सर्वे ने विभिन्न जातियों की आर्थिक स्थिति के बारे में भी जानकारी उपलब्ध करवायी है और इसके डेटा के आधार पर सभी समुदायों के विकास के कदम उठाए जाएंगे।" भाजपा उन नौ पार्टियों में से एक थी जिन्होंने जातिगत सर्वे का समर्थन किया था। पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव ने भी सर्वे रिपोर्ट के प्रकाशन का स्वागत करते हुए कहा कि "भाजपा" के षड्यंत्रों और कानूनी बाधाओं के बावजूद यह काम पूर्ण कर लिया गया। उन्होंने "एक्स" पर पोस्ट किया कि "ये आंकड़े वंचित एवं दमन का शिकार वर्गों तथा गरीबों का उनकी आबादी के हिसाब से प्रतिनिधित्व देने के लिए देश में एक मापदंड तय करेंगे ताकि उनके विकास के लिए नीतियां बनायी जा सकें। यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि समाज के वर्गों को उनकी संख्या के हिसाब से विकास में हिस्सेदारी मिले।"

आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा से मुकाबले की योजना बना रहे विपक्ष के "इण्डिया" गठबंधन के एक प्रमुख व्यक्ति एवं आर.जे.डी. नेता लालू यादव ने कहा कि "हम जब वर्ष 2024 में सरकार का गठन करेंगे तब हम जातिगत जनगणना करवाएंगे।" यादव के पुत्र एवं बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि रिपोर्ट का प्रकाशन दशकों लम्बे इस संघर्ष में मील का एक पत्थर है। उन्होंने कहा कि "इस सर्वे ने ना केवल जातिगत आंकड़े उपलब्ध करवाएं हैं, बल्कि उनकी सामाजिक आर्थिक स्थिति का भी हवाला दिया है। अब सरकार इस डेटा के आधार पर संपूर्ण विकास सुनिश्चित करेगी।"

उपमुख्यमंत्री ने भाजपा को निशाना बनाते हुए कहा कि "इतिहास गवाह है कि भाजपा नेतृत्व ने किस प्रकार बाधाएं उत्पन्न करने की कोशिश की। बिहार ने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। बिहार ने एक रास्ता दिखाया है।" भाजपा के सीनियर नेता एवं केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सर्वे रिपोर्ट को एक ढकोसला बताते हुए कहा कि "यह सर्वे लोगों में संशय उत्पन्न करने वाला है।"

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सीटों के बंटवारे पर मतभेद

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। विपक्ष के "इण्डिया" गठबंधन ने अपनी सहयोगी पार्टियों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं, यद्यपि इसके संविधान को बने तीन महीने से अधिक हो गए हैं और गठबंधन की तीन मीटिंग्स भी हो चुकी है। इसके बजाए, मतभेद बढ़ रहे हैं, जिससे सीट शेयरिंग में मुश्किलें आ सकती हैं। उन सीटों पर विवाद बढ़ रहा है जिन पर सभी पार्टियां दावा कर रही हैं। गत 13 सितम्बर को शरद पवार के दिल्ली स्थित आवास पर हुई पिछली कोआर्डिनेशन मीटिंग में चार मुद्दों पर सहमति बनी थी, लेकिन उनमें से अब तक एक ही मुद्दे पर अमल किया गया है। कांग्रेस तथा कुछ

- इंडिया गठबंधन के सीटों के बंटवारे में और देरी हो सकती है, क्योंकि जिन सीटों पर सभी दल प्रत्याशी खड़े करना चाहते हैं, उन्हें लेकर विवाद बढ़ रहा है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राहुल गांधी ने स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका

अमृतसर, 2 अक्टूबर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को निजी दौरे पर अमृतसर पहुंचे और स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। गांधी ने सिर पर पगड़ी की जगह नीले रंग का पटका बांधा हुआ था। उन्होंने स्वर्ण मंदिर में मत्था टेकने के बाद लंगर हॉल में बर्तन सेवा की। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता के अनुसार गांधी का अमृतसर का यह निजी दौरा है। उनका पंजाब में पार्टी नेताओं से मिलने या कोई जनसभा करने का कार्यक्रम नहीं है। पार्टी के वरिष्ठ नेता राज्य की राजनीतिक परिस्थितियों विशेषकर सुखपाल सिंह खैरा की राज्य की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार द्वारा की गयी गिरफ्तारी के सम्बंध में राहुल से मिलना चाहते हैं। पार्टी नेता राहुल को उन कार्यकर्ताओं और नेताओं के बारे में भी बताना चाहते हैं, जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों में जांच शुरू करते हुए राज्य सरकार ने उन्हें जेलों में डाला है। इससे पहले राहुल गांधी का यहां अमृतसर हवाई अड्डे पर

- सिर पर नीला पटका बांधे राहुल ने लंगर हॉल में बर्तन सेवा भी की।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

हृदय की विशालता ही उन्नति की नींव है। –जवाहरलाल नेहरु

# एक देश, एक शिक्षा

प्रधानमंत्री ने आव्हान किया है कि भारत की स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष, 2047 तक भारत देश के विश्व के विकसित राष्ट्रों में सम्मिलित कराना है। भारत की स्वतंत्रता के बाद, अब तक की यात्रा विकासशील देश के रूप में रही है। विकसित राष्ट्र बनने के लिए केवल अर्थव्यवस्था को मजबूत करना ही पर्याप्त नहीं है। यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि देश की पूरी जनसंख्या, देश की प्रगति में सक्रिय और अपनी क्षमता अनुसार पूरा योगदान दे सके। इसके लिए आवश्यक है कि देश के सभी बच्चों को समान रूप से अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा के अवसर प्राप्त हों। विश्व में कोई भी ऐसा विकसित देश नहीं है जहां के सभी बच्चों को समान शिक्षा के अवसर उपलब्ध न हों। शिक्षा में जितनी असमानता हमारे देश में में है, उतनी संभवतया किसी देश में नहीं है। सर्वाधिक समृद्ध देश अमेरिका में भी लगभग 90 प्रतिशत बच्चों को एक समान स्तर की शिक्षा प्राप्त होती है एवं वे सभी बच्चे सरकारी विद्यालयों में अध्ययन करते हैं। भारत में यह स्थिति ठीक उल्टी है। ठीक-ठाक शिक्षा भी केवल पांच प्रतिशत बच्चों को ही प्राप्त है।

शिक्षा का अधिकार कानून 2010 में आया और उसमें विद्यालयों के लिए कुछ न्यूनतम प्रावधान निर्धारित किए गए। यह खेद का विषय है कि आर टी ई कानून लागू होने के लगभग 13 वर्ष बाद एवं स्वतंत्रता के 75 वर्ष बाद भी भारत के लगभग 15 लाख विद्यालयों में से अधिकतम एक लाख विद्यालय ही ऐसे हैं जो आईटीआई कानून में लिखी गई विभिन्न शर्तों की पूर्ति करते हैं। शिक्षा के प्रति सरकारों की उदासीनता का ही परिणाम है कि न तो भारत का कोई भी विश्वविद्यालय दुनिया के प्रथम 100 विश्वविद्यालयों में स्थान बना पाया एवं न ही यहां की स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में कोई सुधार हो पाया है। शिक्षा के क्षेत्र में जितनी असमानता भारत में है, उतनी किसी अन्य देश में नहीं है। दोनों प्रकार की शिक्षा व्यवस्था का एक विहंगम दृश्य प्रस्तुत करना पाठकों के लिए उपयोगी होगा।

दृश्य एक-- शहर के किसी कच्ची बस्ती अथवा गांव का राजकीय विद्यालय कुछ इस प्रकार का दिखाई देता है। पास में गंदे पानी का नाला बह रहा हो। आसपास, गाय भैंस, बकरियां आदि जानवर मुक्त रूप से विचरण करते हों। जहां पर दो कच्चे पक्के छोटे कमरे हों। बिजली की नियमित व्यवस्था न हो। खेल के मैदान का तो प्रश्न ही नहीं। बालिकाओं के शौचालय न हों। शिक्षक इक्का-दुक्का ही वहां पद स्थापित हों और वे भी अपनी इच्छा अनुसार कभी-कभार विद्यालय आते हों। अनुपस्थित अध्यापकों के बारे में पता करने पर बताया जाए कि वे कोई सूचना देने शिक्षा अधिकारी के कार्यालय गए हैं। बच्चों के बैठने के लिए न बेंच की व्यवस्था हो न टेबल कुर्सी की। पीने का पानी नहीं हो। अधिकांश विद्यालयों में बैठने के लिए फटी हुई टाट पट्टी हो। एक-एक कमरे में दो-तीन कक्षा के विद्यार्थियों को इकट्ठा करके अलग-अलग समूह में बैठा दिया गया हो, और एक ही शिक्षक सबको एक साथ पढ़ाने का उपक्रम करता हो।

इस प्रकार के विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी 5-7 वर्ष की तथाकथित स्कूली शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी न तो सरल अंकगणितीय गणना कर सकते हैं, न ही सरल हिंदी में लिख-पढ़ या समझ सकते हैं। इसकी पुष्टि 'प्रथम' संस्थान द्वारा किए गए शिक्षा के स्तर के वार्षिक प्रतिवेदनों (Annual Staus of Education Report) में गत कई वर्षों से हो रही है। शिक्षा को प्राथमिकता न दिए जाने का ही परिणाम है कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होने के स्थान पर अधिकांश बच्चों के लिए शिक्षा के स्तर में गिरावट ही देखी जा रही है। देश के 90 प्रतिशत बच्चे ऐसे ही विद्यालयों में पढ़ रहे हैं।

दृश्य दो-- बहुत बड़ा स्कूल परिसर है। बच्चों को स्कूल की बस या कारों के द्वारा लाया जा रहा है। हरे-भरे, लंबे-चौड़े खेल के मैदान हैं। प्रत्येक क्लासरूम वातानुकूलित है, स्मार्ट बोर्ड भी है। प्रत्येक बच्चे के पास लैपटॉप है। सुसज्जित प्रयोगशाला है। सभी बच्चे साफ-सुथरी अच्छी यूनिफॉर्म में आते हैं। प्रति दस विद्यार्थियों पर एक शिक्षक है। छोटे बच्चों के लिए खेलने के लिए कई प्रकार के साधन उपलब्ध हैं। पढ़ाई के अलावा कई गैर शैक्षणिक गतिविधियां समय-समय पर आयोजित की जाती हैं। इन विद्यालयों के माता-पिता, बच्चों को घर पर पढ़ाने की क्षमता रखते हैं। स्कूलों में शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी है।

इस प्रकार के कुछ विद्यालय किसी ट्रस्ट या मिशनरी द्वारा संचालित हैं, किन्तु अधिकांश, व्यवसाय की तरह संचालित किए जाते हैं।

दृश्य 3-- गली मोहल्ले में खास पर शहरों की कच्ची बस्तियों में आजकल अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खुल गए हैं, जहां पर 1000-1500 मासिक फीस ली जाती है।

इनमें तथा-कथित रूप से अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई होती है। घरों पर काम करने वाले, ड्राइवर अथवा मजदूरी करने वाले कई अभिभावकों के बच्चे इनमें पढ़ते हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि निर्धन व्यक्ति भी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देना चाहते हैं। उनके सुनहरे भविष्य की कल्पना को साकार करने के लिए वे दिन-रात कड़ी मेहनत करके, अपनी कमाई में से कुछ पैसे बचा कर, बच्चों की फीस जुटाते हैं। इन विद्यालयों में पढ़ाने वाले शिक्षकों का शोषण होता है और उन्हें 5-7000 /- प्रति माह का वेतन मिलता है। ऐसे विद्यालय को चलाने वालों का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को व्यवसाय की तरह ही चलाना है।

**देश के शिक्षकों में क्षमता और प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। बस केवल स्थानांतरण के चक्कर से उन्हें मुक्त करने की आवश्यकता है। स्थानीय, सदैव उपलब्ध शिक्षक, बच्चों के भविष्य के साथ अपने भविष्य को जोड़ पाएगा बच्चों का भविष्य देश के भविष्य के साथ वैसे ही जुड़ा हुआ है।**

दूसरी श्रेणी के विद्यालय जिनका उल्लेख ऊपर किया है, उन्हें चलाने वाले अधिकांश व्यवसायी होते हैं, जिन्होंने जिन्होंने शराब, पत्थर, परिवहन या रियल एस्टेट जैसे व्यवसाय से अकूत सम्पत्ति अर्जित कर शिक्षा को भी व्यवसाय की तरह चलाना प्रारंभ किया है। इस प्रकार की शिक्षण संस्थाएं, प्राथमिक विद्यालय से लेकर मेडिकल विश्वविद्यालय तक उपलब्ध हैं। शिक्षा के निजीकरण का जो दौर लगभग 30 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ था, वह अब चरम पर है। अच्छी सार्वजनिक शिक्षा उपलब्ध कराने के दायित्व से सरकारों ने लगता है, मुंह मोड़ लिया है। विश्व के अधिकांश विकसित देशों में लगभग सारे विद्यालय सरकारी हैं। भारत में भी सैनिक स्कूल, नवोदय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय हैं जो इस बात को सिद्ध करते है कि सरकार चाहे तो अच्छे विद्यालय संचालित कर सकती है।

दृश्य एक में उल्लिखित विद्यालय अमीर, उच्च आय वर्ग के लोगों के लिए सीमित होकर रह गए हैं। स्वाभाविक है, जो विद्यार्थी ऐसे विद्यालय से निकलेंगे, वे जीवन की हर दौड़ में अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों की तुलना में पहले से ही कहीं आगे खड़े होंगे। उनके माता-पिता के पास पर्याप्त संसाधन होने के कारण वह उच्च शिक्षा हेतु निजी विश्वविद्यालय में प्रवेश लेकर के अपने भविष्य को संवारने में लग जाएंगे। इनमें से कई तो विदेशों में जाकर बसने की सोच लेते हैं। आजकल ऐसे विद्यार्थियों की संख्या में भी वृद्धि हुई है जो कक्षा 12वीं के बाद ही सीधे स्नातक स्तर की पढ़ाई करने के लिए विदेश चले जाते हैं। ऐसे विद्यार्थियों के विदेश में पढ़ाई हेतु प्रवेश को आसान बनाने के लिए उनके लिए आई बी का परीक्षा पाठ्यक्रम उपलब्ध कराया जाता है। इन विद्यालयों का वार्षिक शुल्क 3 लाख रुपए से 30 लाख तक का हो सकता है।

अपनी शिक्षा पर इतनी अधिक धनराशि खर्च करने के बाद, शिक्षा पूरी होते ही, उसे किस प्रकार समाज से वसूल करें, यही मुख्य ध्येय हो जाता है। ऐसा करने में, चाहे गरीब परिवारों का शोषण ही क्यों न करना पड़े? जिस प्रकार के कॉर्पोरेट अथवा निजी चिकित्सालय इस प्रकार की शिक्षा प्राप्त परिवारों के बच्चों द्वारा खोले गए हैं, वे अन्य व्यवसाय की तरह ही मुनाफा कमाने के माध्यम बनकर रह गए हैं। सबको स्वास्थ्य सुलभ कराने का सपना, जनता से दूर करने में, ऐसे निजी अस्पताल संचालकों की बहुत बड़ी भूमिका है।

प्रधानमंत्री, केंद्र सरकार एवं, शिक्षाविदों और नीति निर्धारकों को एक बात समझ लेनी चाहिए कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना सभी परिवारों के बच्चों को अच्छी गुणवत्तापूर्ण समान शिक्षा उपलब्ध कराए बिना संभव नहीं हो सकता है। हम 142 करोड़ व्यक्तियों का देश होने का दम भरते हैं। प्रधानमंत्री जी तो कई बार अनेक स्तरों पर सर्वाधिक युवा जनसंख्या भारत में होने को बहुत महत्त्वपूर्ण बताते हैं। यह जनसंख्या, तभी भारत को मजबूत और विकसित बनाने में योगदान कर पाएगी, जब इन सबको समान रूप से अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा। फिलहाल तो ऐसा करना कई वर्षों तक संभव नहीं लगता क्योंकि किसी भी दल द्वारा अपने चुनाव प्रचार में अच्छी और समान शिक्षा सबको उपलब्ध कराने की बात तक नहीं की जाती है। किसी भी दल के घोषणा पत्र में इस बारे में कोई उल्लेख तक नहीं होता कि वह सत्ता में आने पर सबको समान रूप से शिक्षा उपलब्ध कराएंगे।

मूलभूत सुविधाओं से वंचित विद्यालय, पर्याप्त शिक्षकों के अभाव एवं माता-पिता के शिक्षित न होने से उनके मार्गदर्शन के अभाव में, किस प्रकार के नागरिक समाज में बड़े होकर बनेंगे, उसकी कल्पना ही की जा सकती है। समाज में जिस प्रकार से अपराध और वर्ग संघर्ष बढ़ रहा है उसमें और तेजी से वृद्धि होगी, यदि हम अधिकांश जनसंख्या को अच्छी शिक्षा प्रत्येक स्तर पर प्रदान नहीं कर पाएंगे।

इसका हल केवल यही है कि सरकार अगले 10 वर्ष सबको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। इस हेतु, आवश्यकता अनुसार पर्याप्त बजट भी उपलब्ध कराना होगा। यह कार्य केवल निजी संस्थाओं के भरोसे छोड़ देने से शिक्षा में असमानता को, सरकार, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से बढ़ावा ही देगी। असमान शिक्षा, देश को विकसित बनाने में सबसे बड़ी बाधा है। यह बात सबको अब भी समझ में नहीं आई तो फिर विकसित राष्ट्र का सपना केवल जुमला ही बनकर रह जाएगा। जब सबको समान अच्छी शिक्षा मिलेगी, तब ही सब किसी उपयोगी कार्य में संलग्न हो पाएंगे। तब, बेरोजगारी की समस्या भी नहीं रहेगी। इसके लिए न केवल राज्य स्तर पर शिक्षा और विद्यार्थी के अनुपात को ठीक करना होगा अपितु यह भी सुनिश्चित करना होगा कि समुचित रूप से प्रशिक्षित शिक्षक पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हों। शिक्षक-प्रशिक्षण को भी आमूल चूल रूप से बदलना होगा ताकि वे बच्चों को खोजी एवं जिज्ञासु बनने हेतु प्रोत्साहित कर सकें।

सर्वाधिक उपयुक्त तो यह होगा कि प्रधानमंत्री जी अपने सार्वजनिक संबोधनों में शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करने की बात करना प्रारंभ करें एवं इस हेतु बजट की किसी भी प्रकार की समस्याओं को आड़े नहीं आने दें। हमने देखा है कि प्रधानमंत्री जी जो तय कर लेते हैं, उसे कर गुजरने की क्षमता भी रखते हैं। बस केवल उन्हें अपनी इस क्षमता और शक्ति का प्रयोग देश में समान शिक्षा प्रदान करने की दिशा में करने की आवश्यकता है।

सरकार, शिक्षा और स्वास्थ्य अपने हाथ में रखते हुए अन्य सभी क्षेत्रों में निजीकरण कर दे तो किसी को आपत्ति नहीं होगी। वैसे भी सरकार का काम व्यवसाय करना नहीं है। सरकार को कई प्रकार के व्यवसाय के कामों से अपने आप को अलग कर लेना चाहिए। जहां तक शिक्षा और स्वास्थ्य का प्रश्न है, यह मूल रूप से शासन की जिम्मेदारी है। यही वह बात है जो देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

आशा करनी चाहिए कि आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव में राजनीतिक दल, शिक्षा के महत्व को समझ कर इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करने की बात अपने चुनावी घोषणा पत्र में करेंगे। शिक्षा की प्रशासनिक संरचना में भी आवश्यकता के अनुसार सारे परिवर्तन किए जाने चाहियें।

देश के शिक्षकों में क्षमता और प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। बस केवल स्थानांतरण के चक्कर से उन्हें मुक्त करने की आवश्यकता है। स्थानीय, सदैव उपलब्ध शिक्षक, बच्चों के भविष्य के साथ अपने भविष्य को जोड़ पाएगा बच्चों का भविष्य देश के भविष्य के साथ वैसे ही जुड़ा हुआ है।

आइए, हम सब मिलकर शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करने हेतु सरकारों पर दबाव बनाएं। ऐसा करके हम देश को विकसित राष्ट्र बनाने के यज्ञ में अपनी आहुति दे पाएंगे।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# नहीं थम रहे सड़क हादसे



अविनाश जोशी

सड़क हादसे जिंदगी की रफ्तार को रोक देते हैं। परिवार टूट जाते है एवम कई बार तो यह प्रश्न होता है की आगे की जिंदगी कैसे जी जाएगी। ऐसा कोई दिन नहीं गुजरता जिस दिन देश के किसी भी भाग में सड़क हादसा न हो और कुछ लोगों को जान से हाथ न धोना पड़े। अमूमन सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होने वाले आम जन होते हैं। इसलिए वे अखबारों की सुर्खियां नहीं बन पाते, जिससे उन दुर्घटनाओं पर लोगों का ध्यान भी नहीं जाता है। अनुमानत हमारे देश में हर मिनट में एक सड़क दुर्घटना होती है और हर तीन मिनट में सड़क दुर्घटना में एक जान जाती है। दुनिया में सबसे ज्यादा सड़क हादसे भारत में ही होते हैं। जबकि चीन, रूस और अमेरिका जैसे कई देशों में भारत की अपेक्षा कहीं अधिक संख्या में कारें हैं। दुर्घटनाओं पर राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़े दिल दहलाने वाले हैं। पिछले दस साल में सड़क हादसों में होने वाली मौतों में लगभग चालीस प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि इस अवधि में आबादी में सिर्फ बारह प्रतिशत का इजाफा हुआ है। ज्यादातर मौतें दो-पहिया वाहनों की दुर्घटना में हुई हैं और तेज व लापरवाही से वाहन चलाना उनकी वजह रही है।

आज के युग में विज्ञान ने मनुष्य का जीवन अत्यंत सरल बना दिया है उससे उतना कठिन परिश्रम नहीं करना पड़ता जितना पहले करना पड़ता था हर क्षेत्र में आज मनुष्य वैज्ञानिक उपकरणों का प्रयोग करता है वाहन भी विज्ञान की ही देन है जिसके माध्यम से आज हम एक दूसरे स्थान तक आसानी से पहुंच जाते हैं परंतु इन्हीं भावनाओं के कुछ नुकसान भी है वायु को दूषित करने के अतिरिक्त सड़क दुर्घटना भी इन्हीं वाहनों की देन है। सड़क सुरक्षा के मानकों का महत्त्व समझना और समझाना दोनों जरूरी है, क्योंकि देश में सड़क नेटवर्क का तेजी से हो रहे विस्तार, गाड़ियों की संख्या में हो रही वृद्धि और शहरीकरण का नकारात्मक पक्ष सड़क दुर्घटनाओं के रूप में सामने आ चुका है। सड़क हादसों में होने वाली मौतें और अपंगता की बढ़ती संख्या ने यह सोचने पर विवश किया है कि क्या विकास की धुरी मानी जानी वाली सड़कें मौत का प्रमुख कारण और जगह बनती जा रही हैं?

हमारी सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है। इस पर नियंत्रण के उचित कदम उठाए जाने चाहिए। साथ ही वाहनों की सुरक्षा के मानकों की समय-समय पर जांच होनी चाहिए। भारी वाहन और पब्लिक ट्रांसपोर्ट को परमिट दिए जाने की प्रक्रिया में कड़ाई बरती जाए। ड्राइविंग लाइसेंस के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता भी तय की जाए, साथ ही छोटे बच्चों और किशोरों के वाहन चलाने पर कड़ाई से रोक लगे। तेज रफ्तार, सुरक्षा बेल्ट का प्रयोग न करने वालों और शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। स्कूलों में भी सड़क सुरक्षा से जुड़े जागरूकता अभियान चलाए जाएं, तभी भारत में सड़कों पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लग पाएगी।

शहरों में लालबत्ती पार करने, अधिक रफ्तार से गाड़ी चलाने और आगे निकलने की प्रवृत्ति आम है। यह दुर्घटनाओं को आमंत्रित करने जैसा है। इससे सैकड़ों लोग घायल होते और मरते हैं। इसमें यातायात पुलिस की लापरवाही कम जिम्मेदार नहीं है। वहीं हादसा होने के बाद घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाने में हुई देरी घायल व्यक्ति की मौत का बड़ा कारण है, मगर आम लोग घायल व्यक्ति की मदद के लिए आगे नहीं आते। राज्य सरकार की तरफ से घायल को तत्काल चिकित्सा और राहत पहुंचाने वाली सुविधाएं भारत में बहुत कम हैं।

पिछले कुछ सालों में भारत सरकार ने सड़क सुरक्षा संबंधी कई उपाय किए हैं। उनमें सुरक्षित बुनियादी ढांचे को प्रोत्साहित करना, जागरूकता पैदा करना, सुरक्षा कानूनों का प्रवर्तन, सड़क सुरक्षा सूचना का डेटाबेस तैयार करना जैसे उपाय शामिल हैं। इसके कुछ सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। मगर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं ने इन सारे उपायों पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। वजह है कि इन उपायों का पालन ठीक से नहीं कराया जा रहा है। कठोर कानून के बावजूद लोगों को उसका भय नहीं सतता, जिसका परिणाम प्रतिदिन सैकड़ों सड़क हादसों के रूप में सामने आता है। विडंबना ही कही जाएगी कि जो सुझाव सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए यातायात विशेषज्ञों द्वारा दिए जाते रहे हैं उन्हें मुस्तैदी के साथ पालन कराने के लिए यातायात पुलिस कुछ दिन तो काम करती है, लेकिन धीरे-धीरे फिर वही पुराना ढर्रा कायम हो जाता है। वरना क्या कारण है कि भारत में ही सबसे अधिक सड़क हादसे होते हैं?

विश्व के कुल वाहनों का महज दो फीसदी भारत में हैं, पर सड़क हादसों में होने वाली मौतें बारह फीसदी से ज्यादा हैं। दुनिया के तमाम देशों ने अपने कड़े सड़क कानून और जनजागरूकता अभियानों के जरिए सड़क हादसों में वृद्धि नहीं होने दी, लेकिन पिछले बीस सालों में सड़क दुर्घटनाओं की वजह से भारत में पचहत्तर फीसद से ज्यादा की वृद्धि हो चुकी है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि भारत में कितना सड़क कानूनों का पालन किया और कराया जाता है। सड़क सुरक्षा पर जारी की गई विश्व स्थिति रिपोर्ट ने सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते मामले की मुख्य पांच वजहें बताई हैं। इनमें सीमा से ज्यादा तेज गाड़ी चलाना, नशे में गाड़ी चलाना, सुरक्षा पेटी न बांधना, दुपहिया चलाते वक्त हेलमेट न पहनना और बच्चों की सुरक्षा के उपायों की अनदेखी शामिल है।

इंटरनेशनल रोड फेडरेशन के मुताबिक नब्बे फीसदी हादसे ड्राइवर की गलती की वजह से होते हैं। इस पर यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या ड्राइविंग लाइसेंस देते वक्त कायदे से जांच-परख की जाती है? क्या सुरक्षा मानकों पर गाड़ियों की कड़ी जांच-पड़ताल होती है? ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर क्या और सख्ती होनी चाहिए? भारत में रोज तेरह सौ से ज्यादा सड़क हादसे होते हैं और हर दिन सड़क हादसों में करीब चार सौ मौतें होती हैं। सड़क हादसों में सालाना करीब बीस अरब डॉलर का नुकसान होता है।

भारत में बारह करोड़ से ज्यादा वाहन हैं और इनके चलने के लिए पर्याप्त सडकें होना जरूरी है। सवाल यह है कि क्या सड़क हादसों में होने वाली मौतों को रोका जा सकता है? जिस तरह देश-समाज की सुरक्षा वाले कानूनों का पालन महज दिखावा बन कर रह गया है वैसे ही यातायात नियमों की अनदेखी एक प्रवृत्ति बन गई है। यातायात नियमों का पालन, अतिरिक्त सावधानी, वाहन को नियंत्रित सीमा में रखना, पैदल यात्रियों का सड़क पार करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतना, सड़कों को मानक रूप में बेहतर बनाए रखना और 'ओवरटेक' करने से बचना जरूरी है। सड़क सुरक्षा सप्ताहों में जिस तरह पुलिस यातायात नियमों के पालन के लिए लोगों को जागरूक और बाध्य करती है, वैसी जागरूकता हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन जाए, तो हादसों में कमी लाई जा सकती है।

**–अविनाश जोशी,**
**स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक**

# बड़गांव व रघुनाथपुरा में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

## विकास कार्य नहीं होने पर वार्ड पंचों ने इस्तीफे की धमकी दी

**अजमेर, (कासं)।** भिनाय पंचायत समिति से कुछ ही दूरी पर स्थित ग्राम बड़गांव व रघुनाथपुरा की अच्छी खासी आबादी है। चुनाव के दिनों में नेता लोग यहां दिन भर चक्कर काटते हैं। बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन अब हालत देखें तो गांव पर तरस आता है। लेकिन न तो इस हालत को देखने के लिए नेता आते और न ही कभी कोई अफसर। विकास कार्य की कमी के चलते यह दोनों गांव पिछड़ता नजर आ रहा है। सरकार के समान विकास के वादे झूठे साबित हो रहे हैं।

ग्रामीण तो यहां तक कह रहे हैं कि उनके साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है। गांव की सरकार यानि ग्राम पंचायत के कार्यकाल को भी करीब तीन साल गुजर चुके हैं। लेकिन गांव के हालात जस के तस है। वास्तव में कोई सुधार गांव में नहीं हुआ है।

ग्राम सुरखंड बड़ागांव के वार्ड 3 के पंच विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि गांव में पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। जिससे हर समय गांव की गलियों में गंदा पानी भरा रहता है। इसके अलावा लगभग हर गली निर्माण न होने के कारण बुरा हाल है। गांव की ज्यादातर गलियां खस्ता हाल में है। हर समय कीचड़ भरा रहता है। गांव की शायद ही कोई गली ऐसी हो जिसमें कीचड़ न भरा हो। इन सबके चलते गांव की वर्तमान स्थिति बेहद खराब है। गांव की गलियों से गुजरना भी मुश्किल हो जाता है।

ग्राम पंचायत के पांचों ने सोमवार को सचिव दुलाराम जांगिड़ को ज्ञापन सौंप कर अवगत करवाया कि ग्रामवासियों ने बड़गांव में विकास कार्य करवाने के लिए हमारे ऊपर विश्वास करके हमे वार्ड पंच चुना, लेकिन गांव में विकास कार्य नहीं होने कारण ग्रामवासियों के विश्वास पर हम खरे नहीं उतर पाए इसलिए आए दिन हमें ग्रामवासियों की गालियां व ताने सुन-सुन कर कान पक गए।

- **सचिव को सौंपा ज्ञापन, सड़क व नाली निर्माण की मांग**

विगत तीन वर्षों से ना तो पक्का काम चला और न ही चलने की संभावना दिख रही है। ग्राम बड़गांव में नालियां, पुलिया व सीसी सड़क आदि की ग्राम बड़गांव में जरूरत होने के बावजूद पंचायत प्रसाशन का ध्यान होते हुए भी आंख पर पट्टी बांध कर नजर अंदाज किया जा रहा है। जबकि ग्राम पंचायत के फंड में पैसा पड़ा है। ग्राम सभा व वार्ड सभा में प्रस्ताव लिए जाते है, लेकिन काम नहीं किया जाता है। फिर ग्राम सभा व वार्ड सभा करने का क्या महत्व सरकार द्वारा गांव में साफ सफाई पर जोर दिया जा रहा है। लेकिन सड़कें व नालियां टूटी हुई होने के कारण कीचड़ व गंदगी पूरे गांव में फैली हुई है। बार-बार इन विकास कार्यों के लिए पंचायत प्रसाशन को अवगत करवाने व निवेदन करने के बाद भी चक्कर पर चक्कर दिए जा रहे हैं। कुछ कार्यों की छह माह पूर्व स्वीकृति निकालने के बावजूद भी विकास कार्य नहीं करवाया जा रहा है। प्रसाशन द्वारा ग्राम रघुनाथपुरा व बड़गांव के ग्राम वासियों के साथ सोतेला व्यवहार किया जा रहा है। वार्ड पंचों ने चेतावनी देते हुए कहा कि विकास कार्यो पर 15 दिवस में स्वीकृति व स्वीकृत निकले हुए कार्यों पर काम नहीं चलाया गया तो हम सभी वार्ड पंच एक साथ इस्तीफा देंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी पंचायत प्रशासन की होगी। इस दौरान वार्ड दो पदम भील, वार्ड तीन के विष्णुदत्त शर्मा, वार्ड चार के महावीर सोनी, वार्ड पांच रामकाना मेघवंशी, वार्ड छह के लाडा देवी, वार्ड सात के धनराज जाट सहित बड़ी संख्या में वार्ड पंच उपस्थित रहे। सचिव दूलाराम जांगिड़, ग्राम पंचायत बड़गांव का कहना है कि जिन कार्यों की स्वीकृति निकाली गई है, उन कार्यों को शीघ्र ही पूर्ण करवा दिया जाएगा।

# "वंदे भारत ट्रेन" हादसे का शिकार होने से बची

**भीलवाड़ा, (निसं)।** हाईस्पीड वंदे भारत ट्रैन सोमवार सुबह बदमाशों की करतूत के चलते दुर्घटनाग्रस्त होने से बच गई। घटना, गंगरार और सोनियाणा स्टेशनों के बीच हुई। गनीमत रही कि ट्रैन के पायलेट और सहायक की नजर पत्थरों पर पड़ गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

रेलवे सूत्रों के अनुसार, हाईस्पीड वंदे भारत ट्रैन सोमवार सुबह उदयपुर से रवाना होकर करीब साढ़े नौ बजे सोनियाणा-गंगरार रेलवे स्टेशनों के बीच इलेक्ट्रिक पोल 158/18-19 से कुछ दूरी पर पहुंची थी कि ट्रैन के पायलेट व सहायक की नजर ट्रैक पर रखे पत्थरों व ट्रैक के बीच गढ़े कीलों पर पड़ गई। चालक ने सतर्कता बरतते हुये ट्रैन को ब्रेक लगाकर इन पत्थरों व कीलों से 5-7 मीटर की दूरी पर रोक लिया। इससे यह ट्रैन दुर्घटनाठास्त होने से बच गई। यहां दोनों ट्रैक पर करीब दस मीटर की दूरी तक गिट्टी पत्थर रखे

- **बदमाशों की करतूत, यह घटना गंगरार और सोनियाणा स्टेशनों के बीच हुई**
- **पायलेट और सहायक की नजर पत्थरों पर पड़ गई, हादसा टला**

हुये मिले और दो कीलें दोनों पटरियों के बीच गढ़े हुये थे। पायलेट व सहायक ने इंजिन से उतर कर ट्रैक से पत्थर व कीले हटाये और इसकी जानकारी रेलवे अधिकारियों के साथ ही रेलवे सुरक्षा बल को दी। करीब 10 मिनिट खड़ी रहने के बाद वंदे भारत ट्रैन भीलवाड़ा के लिए रवाना हुई। रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी व रेलवे के अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरु की है।



**रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी व रेलवे के अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरु की।**

## राशिफल मंगलवार 3 अक्टूम्बर, 2023



पंडित अनिल शर्मा

आश्विन मास, कृष्ण पक्ष, पंचमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2080, कृत्तिका नक्षत्र सांय 6:04 तक, वज्र योग प्रात: 8:17 तक, कौलव करण सांय 5:52 तक, चन्द्रमा वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-वृष, मंगल-कन्या, बुध-कन्या, गुरू-मेष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से सांय 6:04 तक है। कुमार योग सांय 6:04 से आरम्भ होगा। आज मंगल तुला राशि में सांय 5:58 पर प्रवेश करेगा। आज कृत्तिका ओर पंचमी का श्राद्ध है। आज ईद-ए-मौलाद है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:20 से 10:48 तक, लाभ-अमृत 10:48 से 1:44 तक, शुभ 3:12 से 4:40 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:24, सूर्यास्त 6:08

### मेष


आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### वृष


व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों के लिए दिन अच्छा रहेगा। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

### मिथुन


आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। घर-परिवार के कारणों के कारण भागदौड़ रहेगी।

### कर्क


आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

### सिंह


व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

### कन्या


व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। आर्थिक मामलों में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

### तुला


चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### वृश्चिक


परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### धनु


अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### मकर


घर-परिवार में अनावश्यक वाद-विवाद बढ़ सकते हैं। अनावश्यक धन खर्च होगा। परिजनों के व्यवहार के कारण दु:ख हो सकता है। व्यावसायिक अड़चनें अभी बनी रहेगी।

### कुंभ


घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक परेशानियों से राहत मिलेगी।

### मीन


परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# इकबाल हत्याकाण्ड में चार गिरफ्तार

**जयपुर।** राजधानी परकोटा स्थित सुभाष और रामगंज इलाके में शुक्रवार देर रात को हुए इकबाल हत्याकांड के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में एक नाबालिग को भी निरूद्ध किया है। वहीं घटना की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) भी गठित गई है।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बताया कि 29 सितम्बर को इकबाल पुत्र अब्दुल मजीद निवासी 2546

- मामले में एक नाबालिग निरूद्ध
- घटना के त्वरित अनुसंधान के लिये स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) गठित
- शान्ति समिति व सीएलजी की मिटिंग लेकर साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने की अपील

नमदगरों का मोहल्ला रामगंज बाजार की हत्या के संबंध में उसके भाई अलफेज मंसूरी ने सुभाष चौक थाने में हत्या का प्रकरण दर्ज करवाया था। मामले की त्वरित जांच के लिये अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रेवन्तदान के नेतृत्व में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया गया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि इस हत्याकाण्ड में शामिल सभी अपराधियों की पहचान कर ली गई है। वहीं आरोपी युवराज उर्फ राज कश्यप पुत्र प्रमोद कश्यप, शुभम मेहरा उर्फ गोलू पुत्र दौलत निवासी गंगापोल सुभाष चौक व दो अन्य आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया गया है। घटना में शामिल एक विधि से संघर्षरत बालक को भी निरूद्ध किया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। उधर, इस मामले को लेकर भ्रम फैलाने वालों के खिलाफ प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए सोशल मिडिया सेल का भी गठन किया गया है।

डीसीपी नोर्थ राशि डोगरा डूडी ने बताया कि सोमवार को जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में क्षेत्र के सभी गणमान्य व्यक्तियों, शांति समिति व सीएलजी सदस्यों की मिटिंग पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रथम कैलाश चन्द्र विश्नोई, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त द्वितीय कुंवर राष्ट्रदीप व जिला जयपुर उत्तर के पुलिस उपायुक्त, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त व सभी थानाधिकारी भी शामिल हुए। सभी आम जनता से साम्प्रदायिक सौहार्द व शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की गयी। उधर, दूसरी ओर सुभाष चौक इलाके और रामगंज बाजार में सहित अन्य स्थानों पर आज भी पुलिस का जाप्ता तैनात रहा।



माणक चौक इलाके में जौहरी बाजार स्थित पुरोहित जी के कटले में हमले के खिलाफ पूर्व विधायक मोहनलाल गुप्ता ने सोमवार को व्यापारियों के साथ थाने पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

# पूर्व विधायक मोहनलाल गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई

**जयपुर।** माणक चौक इलाके में जौहरी बाजार स्थित पुरोहित जी के कटले में समुदाय विशेष के लोगों द्वारा व्यापारियों पर किये गये हमले के खिलाफ पुलिस कार्रवाई नहीं करने के विरोध में पूर्व विधायक मोहनलाल गुप्ता ने सोमवार को व्यापारियों के साथ थाने पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई है। साथ ही उन्होंने कटले में जाकर वहां के व्यापारियों से मिलकर उनकी कुशलक्षेप जानी।

- पुरोहित जी के कटले में व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर हमले किए गए थे।

गुप्ता ने बताया कि पुलिस की अकर्मण्यता एवं निष्क्रियता के चलते असामाजिक तत्वों की हिम्मत इतनी बढ़ गई कि दिन दहाड़े हजारों की संख्या में एकत्रित होकर सबसे व्यस्तम बाजार पुरोहितजी के कटले में लूटपाट कर चले गए। वहीं पुलिस ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। यह कानून व्यवस्था की शर्मनाक स्थिति को उजागर करती है। एक समुदाय विशेष पर कार्रवाई नही करने देना सरकार की दोगली नीति को दर्शाता हैं। गुप्ता ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मांग की गहलोत राजस्थान के मुख्यमंत्री के साथ-साथ गृहमंत्री भी है, उन्हें तुरन्त लूटपाट में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने के निर्देश देने चाहिए। गुप्ता ने कहा कि किशनपोल विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमीन कागजी साम्प्रदायिक भेदभाव का काम कर रहे है। उन्होंने एक बार भी व्यापारियों से इनके नुकसान के बारे में जानकारी नही ली और न ही पुलिस से अपराधियों के गिरफ्तारी की बात की। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष राधाकृष्ण परवाल, पूर्व मंत्री लक्ष्मीकान्त पारीक, त्रिलोक खण्डेलवाल, मण्डल अध्यक्ष दीपक शर्मा, मुकेश शर्मा व पार्षद संजय जयसवाल सहित कई लोग मौजूद रहें।

## पुरोहितजी के कटले में व्यापारियों से मिले सांसद बोहरा

**जयपुर।** बीते दिनों जौहरी बाजार स्थित पुरोहितजी के कटले में समुदाय विशेष के लोगों द्वारा लूटपाट एवं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की घटना को लेकर जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने कटले के व्यापारियों एवं स्थानीय लोगों से मुलाक़ात की। सांसद बोहरा ने कहा कि इस तरह की घटना जयपुर के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।

इससे शहर का शांतिपूर्ण माहौल एवं सामाजिक सौहार्द खराब हो रहा है। अब शहर में टूरिस्ट सीजन शुरू हो रहा है। ऐसे टाइम पर इस तरह की घटना से जयपुर आने वाले पर्यटकों की संख्या पर प्रभाव पड़ेगा। जिससे स्थानीय व्यापारियों का नुकसान होगा। सरकार को जल्द से जल्द कार्रवाई कर इस घटना में लिप्त दोषियों को गिरफ्तार करना चाहिए और इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इसका ध्यान रखना चाहिए।

सांसद बोहरा ने मौके पर पुलिस अधिकारियों से बात कर व्यापारियों के मुकदमे जल्द से जल्द दर्ज करने और अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

## कार्मिकों को मिलेगी शोषण से मुक्ति

**जयपुर।** हर वर्ग को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध करवाने के लिए राज्य सरकार संवेदनशीलता के साथ निर्णय कर रही है। इसी क्रम में प्लेसमेंट एजेंसियों से लगे कार्मिकों को शोषण से मुक्त करवाने के लिए राजस्थान लॉजिस्टिकल सर्विस डिलिवरी कॉर्पोरेशन का गठन किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा इस सरकारी कम्पनी के गठन से प्रदेश में प्लेसमेंट एजेंसियों से कार्मिक लगाने की प्रथा बंद हो जाएगी, जिससे कार्मिकों को शोषण से मुक्ति मिलेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में रविवार को हुई मंत्रिमंडल बैठक में यह महत्वपूर्ण और संवेदनशील निर्णय किया गया। रेक्सको की तर्ज पर गठित होने वाली आरएलएसडीसी कम्पनी से प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से राजकीय विभागों एवं अर्द्ध शासकीय संस्थानों में नियुक्त किए जाने वाले कार्मिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

# दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

**जयपुर, (का.सं.)।** महिला उत्पीड़न मामलों की विशेष अदालत महानगर द्वितीय ने शादी के दो महीने बाद ही दहेज के लिए पत्नी हत्या करने वाले प्रागपुरा निवासी अभियुक्त पति मुखराम यादव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि ऐसी कुत्सित मानसिकता वाला अभियुक्त किसी तरह की सहानुभूति का पात्र नहीं है।

- शादी के दो माह बाद ही दहेज के लिये पत्नी की हत्या का मामला
- अदालत ने अभियुक्त पर 10 हजार का जुर्माना भी लगाया

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक नरेश गजराज ने बताया कि मृतका विनीता की मां पुष्पा देवी ने महेश नगर पुलिस थाने में अपने दामाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा कि उसकी बेटी की शादी मुखराम के साथ 3 नवम्बर, 2014 को हुई थी, लेकिन शादी के तीन दिन बाद ही ससुराल वालों ने उसकी बेटी पर कम दहेज लाने का आरोप लगाकर उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। ससुराल वालों ने उससे कार देने की मांग की। वहीं पिता के रिटायरमेंट के समय भी जयपुर में मकान लेने के लिए पांच लाख रुपए मांगे और नहीं देने पर मानसिक व शारीरिक तौर पर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इसी के चलते 28 जनवरी 2015 को उसकी बेटी की महेश नगर थाना इलाके में किराए के मकान में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉक्टर्स ने विनीता की मौत गला दबाने के कारण दम घुटने से होना बताया। पुलिस ने रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पति मुखराम को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया। अभियोजन की ओर से 20 गवाहों के बयान दर्ज कराए। कोर्ट ने सबूतों व गवाहों के बयानों पर अभियुक्त पति को उम्रकैद व जुर्माने की सजा सुनाई।



राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर राजभवन में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मिश्र ने इन दोनों विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए जन जन को सत्य, अहिंसा और न्याय के साथ ईमानदारी से राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निर्वहन के आदर्शों को अपनाने का आव्हान किया है।

## रीको में पेंशन के एरियर का भुगतान करने की मांग

**जयपुर।** रीको रिटायर्ड एम्पलाईज वेलफेयर ऐसोसियेशन ( रीवा) की साधारण सभा की बैठक रविवार को रीको गेस्ट हाउस, मालवीय औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर में आयोजित की गई। बैठक के बाद रीवा के प्रधान सुरेश अग्रवाल, अध्यक्ष जी. एस. शेखावत, महासचिव कृष्ण गोपाल सीपरिया ने बताया कि रीको ने 30 सितम्बर तक लगभग 625 लम्बित पीपीओ के तहत 31 पीपीओ जारी कर, अधिशाषी निदेशक, अरूण गर्ग ने अपना आश्वासन पूर्ण किया है, इसके लिये सदस्यों ने गर्ग का आभार जताया और आशा की है कि शेष पीपीओ भी शीघ्र जारी करेंगे।

# बाइक सवारों के बीच झगड़े की आड़ में साम्प्रदायिक हिंसा का विरोध

**जयपुर।** शहर के गंगापोल क्षेत्र में 29 अक्टूबर को हुई दुर्घटना को साम्प्रदायिक रंग देने के विरोध में जयपुर बचाओ संघर्ष समिति द्वारा बुधवार को प्रातः 10 बजे बड़ी चौपड़ पर धरना दिया जाएगा।

समिति के राजकुमार शर्मा का कहना है कि बीच बचाव के दौरान आत्मरक्षा में हुई दुर्घटना को मॉब लिंचिंग का नाम देकर हिन्दू परिवारों को प्रताड़ित किया जा रहा है। घटना की आड़ में समुदाय विशेष की हिंसक भीड़ द्वारा शहर में की जा रही लूटपाट और तोड़फोड़ के विरोध में यह महाधरना दिया जाएगा।

- जयपुर बचाओ संघर्ष समिति का बड़ी चौपड़ पर धरना

उन्होंने कहा कि 29 सितम्बर 2023 को दो बाईक सवार मुस्लिम युवकों की आपस में टक्कर के बाद उनमें झगड़ा शुरू हो गया। आसपास रहने वाले लोगों ने बीच-बचाव कर झगड़ा खत्म करवाया लेकिन इसके बाद कुछ उपद्रवी घटना स्थल पर सरिये लेकर पहुंचे और हिंदुओं के साथ झगड़ा करने लगे।

शर्मा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि इस झगड़े के दौरान एक युवक ने आत्मरक्षा में हमलावर से सरिया छीन लिया और यह दुर्घटना घट गई। इसी क्रम में अगले दिन समुदाय विशेष की हिंसक भीड़ ने सड़कों पर उतर कर लूटपाट शुरू कर दी।

समिति का आरोप है कि स्थानीय विधायकों का प्रशासन पर लगातार दबाव होने के चलते पुलिस ऐसी घटनाओं में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं कर पाती। इसीलिए इन घटनाओं के प्रति विरोध जताने के लिए समिति बुधवार को बड़ी चौपड़ पर धरना देगी।

## प्रधानमंत्री जयपुर में घर ले ले, ताकि आने-जाने का समय और खर्चा बचे : खेड़ा

**जयपुर, (का.प्र.)।** सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10वीं बार राजस्थान के दौरे पर आये तथा 5 अक्टूबर को राजस्थान का 11वां दौरा करेंगे, उन्हें प्रदेश में ही एक घर ले लेना चाहिये, ताकि बार-बार आने जाने में हो रहे सरकारी खर्च का बोझ जनता पर ना पड़े। प्रधानमंत्री यदि सत्य बोलने का प्रण लें तो यह खर्चा राजस्थान के कांग्रेस कार्यकर्ता ग्रहण करने के लिये तैयार हैं।

कांग्रेस मीडिया एवं कम्यूनिकेशन विभाग के चेयरमेन पवन खेड़ा ने जयपुर मे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जाल में फंस गये तथा राजस्थान की कांग्रेस सरकार द्वारा लागू जनकल्याणकारी योजनाओं को अच्छा बताकर जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार ने काम किया है तथा अच्छी योजनाओं के बलबूते पर वोट भी राजस्थान की जनता कांग्रेस को ही देगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार पर बात करने का साहस किया है लेकिन भाजपा के ही वरिष्ठतम विधायक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में कैबिनेट मंत्री अर्जुनराम मेघवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि कैलाश मेघवाल ने कांग्रेस की सरकार अथवा कांग्रेस के किसी नेता पर भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगाये।

# प्रधानमंत्री का प्रदेशाध्यक्ष जोशी को बार बार तवज्जो देना बना चर्चा का विषय

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा बार-बार इतनी तवज्जो देने की चर्चाए आजकल अक्सर सुनाई पड़ रही हैं। जयपुर में स्थित दादिया की सभा के बाद भाजपा मुख्यालय में ये अक्सर चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले जयपुर स्थित दादिया में सभा के दौरान प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी को प्रधानमंत्री मोदी ने खुली जीप में बैठा कर लाए थे। वही सोमवार को प्रधानमंत्री ने सांवलियाजी में हेलीपेड से जोशी को अपने साथ में कार में बैठाकर सांवलिया सेठ मंदिर में पहुंचे। सभा स्थल तक साथ बैठाकर ले गए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में कहा कि सीपी जोशी मेवाड़ और राजस्थान के विकास के मुद्दों को संसद में जोर शोर से उठाते हैं और आज मेवाड़ की आवाज पूरे राजस्थान में गूंज रही है। वही ये भी कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीपी जोशी को साथ रखकर साफ मैसेज कार्यकर्ताओं को दिया है कि संगठन से बड़ा कोई नहीं है। वे हमेशा से ही नेता को नहीं संगठन को तवज्जो देते हैं। किसी अन्य नेता को साथ लेकर चलने में प्रदेश में चुनावी समय में गुटबाजी बढ़ने की संभावना रहती है जिसके लिए वे संगठन को ही तवज्जो देते हैं।

# बीस आई.पी.एस. अधिकारियों के तबादले

**जयपुर।** राज्य सरकार ने सोमवार रात एक बार फिर पुलिस विभाग में फेरबदल करते हुए भारतीय पुलिस सेवा के 20 अधिकारियों के तबादले किए हैं। इनमें दो पुलिस उपमहानिरीक्षक और 6 पुलिस अधीक्षक को भी बदला है।

- तबादलों में दो पुलिस उपमहानिरीक्षक और 6 पुलिस अधीक्षक शामिल

इस संबंध में संयुक्त शासन सचिव अक्षय गोदारा ने आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश के अनुसार आईपीए प्रीति चंद्रा को पुलिस उपमहानिरीक्षक आर्म्ड बटालियन जयपुर और ओमप्रकाश को पुलिस उपमहानिरीक्षक एसडीआरएफ जयपुर के पद पर लगाया है। इसके अलावा राजकुमार गुप्ता को पुलिस अधीक्षक सुरक्षा जयपुर, आलोक श्रीवास्तव को पुलिस अधीक्षक एसओजी जयपुर, पूजा अवाना को पुलिस अधीक्षक जीआरपी अजमेर, आदर्श सिधू को कमांडेंट 12वीं बटालियन, आरएएसी, नई दिल्ली, देवेन्द्र बिश्नोई को पुलिस अधीक्षक झुंझुनूं, श्याम सिंह को पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा, नारायण टोगस को पुलिस उपायुक्त जयपुर मैट्रो रेल कॉरपोरेशन जयपुर, मनीष त्रिपाठी को पुलिस अधीक्षक केकड़ी, कृष्ण चंद को पुलिस अधीक्षक शाहपुरा, लक्ष्मण दास को पुलिस अधीक्षक साइबर क्राइम जयपुर, राजेश कुमार यादव को पुलिस अधीक्षक गंगापुरसिटी, हनुमान प्रसाद मीणा को पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर कमिश्नरेट, राजेश कांवट को पुलिस उपायुक्त क्राइम जयपुर पुलिस कमिश्नरेट, नरेन्द्र सिंह मीणा को पुलिस अधीक्षक दूदू, रमेश मौर्य को पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) जोधपुर कमिश्नरेट, राजेन्द्र कुमार मीणा को पुलिस उपायुक्त क्राइम जोधपुर कमिश्नरेट, सुशील कुमार को कमांडेंट पांचवीं बटालियन आरएसी जयपुर और सुजीत शंकर का सहायक पुलिस अधीक्षक चौमूं जयपुर ग्रामीण के पद पर तबादला किया गया है।

# मशहूर गीतकार शैलेन्द्र के नगमों से श्रोता आत्म-विभोर हुए

**जयपुर, (का.सं.)।** जवाहर कला केंद्र का रंगायन सभागार आज शाम हिंदी सिने जगत के मशहूर गीतकार शैलेन्द्र के भावपूर्ण और मर्मस्पर्शी नगमों का साक्षी बना। सुपर 60 क्लब से जुड़े गायक-गायिकाओं की प्रत्येक प्रस्तुति के बाद सभागार में श्रोताओं की तालियों की गूँज देर तक सुनाई दी। इस महान गीतकार की जन्मशती के मौके पर देवरञ्जनी म्यूजिक स्कूल की तरफ से आयोजित कार्यक्रम "आवारा हूँ" में प्रस्तुत गीत सीधे श्रोताओं के दिल में उतरते चले गए।

इस यादगार कार्यक्रम की शुरुआत स्व. शैलेन्द्र की अमला मजूमदार, राजस्थान के पूर्व मुख्य सचिव अशोक जैन, मशहूर संगीतकार मदन मोहन की सुपुत्री संगीता गुप्ता और बॉलीवुड स्तम्भकार पवन झा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद कार्यक्रम की संयोजक और देवरञ्जनी म्यूजिक स्कूल की निदेशक डॉ. सरिता द्विवेदी ने चारों अतिथियों को सम्मानित किया। उन्होंने कार्यक्रम में विशेष सहयोग करने वाले अनिल बजाज, आयुष कल्ला और सुधीर माथुर को भी स्मृति चिन्ह प्रदान किये। तीन घंटे चले इस कार्यक्रम का प्रारम्भ शीर्षक गीत "आवारा हूँ" से हुआ और अंत में "जीना यहाँ मरना यहाँ" पेश किया गया। इस दरमियाँ जहां मैं जाती हूँ, गाता रहे मेरा दिल, बोल रे कठपुतली, मेरे मन की गंगा, किसी की मुस्कुराहटों




जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में सोमवार शाम को सुपर 60 क्लब से जुड़े गायक-गायिकाओं ने हिंदी सिने जगत के मशहूर गीतकार शैलेन्द्र के नगमों की प्रस्तुति दी।

# जूनियर गर्ल्स राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज़

**जयपुर, (का.सं.)।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के तत्वाधान में राजस्थान फुटबॉल संघ की ओर से आयोजित जूनियर गर्ल्स राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 का आगाज़ 2 अक्टूबर, को जयपुर के रॉयल फुटबॉल क्लब स्टेडियम में हुआ। इस दौरान प्रतियोगिता के पहले दिन दो मुकाबले खेले गए। जहां सुबह खेले गए मुकाबले में मेघालय तेलंगाना को 4 -1 के अंतर से पराजित किया। शाम को हुए मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने मेजबान राजस्थान को दो के मुकाबले तीन गोल से पराजित किया। जयपुर में शुरू हुए ये मैच 15 अक्टूबर तक चलेंगे जिसमें कुल 16 मैचेस खेले जाएंगे।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**सूचना** मैं राम दयाल बैरवा पुत्र श्री गोगाराम बैरवा आयु 43 वर्ष निवासी बैरवो की ढाणी गोविन्दपुरा उर्फ कैरिया टोंक राजस्थान 304502 मेरे पिताजी का नाम मेरे आधार कार्ड में गोगाराम बैरवा लिखा हुआ है और कुछ दस्तावेज में गंगा राम बैरवा लिखा हुआ है। जबकि उनका नाम गोगाराम बैरवा ही है और आगे भविष्य में गोगा राम बैरवा के नाम से ही जाना जाए।

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अचल सम्पति प्लाट नम्बर डी-55, योजना मुर्तीकला कॉलोनी, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर, राज. कुल क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज है। उक्त सम्पति श्रीमती श्याम देवी जैन को गुलाब बाडी भवन निर्माण सहकारी समिति लि. द्वारा जरिये आवंटन पत्र दिनांक 01.01.1988 द्वारा आवंटित हुई। श्रीमती श्याम देवी जैन ने उक्त सम्पति बाबत अपने जीवनकाल में रजिस्टर्ड वसीयतनामा दिनांक 31.05.2013 द्वारा अपने पुत्र नरेन्द्र कुमार जैन के हक में निष्पादित की। श्याम देवी जैन के स्वर्गवास के पश्चात उक्त वसीयतनामा दिनांक 31.05.2013 द्वारा नरेन्द्र कुमार जैन उक्त सम्पत्ति के विधिक रूप से मालिक, स्वामी, अधिकारी काबिज हुए। श्रीमती हेमलता जयवाल ने उक्त सम्पत्ति को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांकित 22.07.2021 द्वारा नरेन्द्र कुमार जैन से क्रय कर उक्त सम्पत्ति के एकमात्र रूप से विधिक रूप से मालिक, स्वामी, अधिकारी काबिज हुए। उक्त वसीयत स्व. श्रीमती श्याम देवी जैन की अपने जीवनकाल में निष्पादित अंतिम वसीयत है तथा पूर्णतः वैध व प्रभावी है। अब श्रीमती हेमलता जयवाल उक्त सम्पत्ति पर मेरी अभिभाष्य वित्तीय संस्था LIC HFL से ऋण ले रही है, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे, अधिकार व वसीयत पर कोई आपत्ति हो तो पन्द्रह दिवस में मय दस्तावेज सूचित करें अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।

दिनांक 30.09.2023 ऋषिकेश महर्षि, एडवोकेट (एस.आर.एम. पार्टनर) पता:- 82, एवरेस्ट विहार, किंग्स रोड, निर्माण नगर, जयपुर, राज.

**खोया पाया**

मेरी दुकान संख्या-2 रामचन्द्रपुरा सांगानेर जयपुर का आवंटन सह मांग पत्र और दुकान संख्या 3 का कब्जा पत्र दुकानों के कागजों की ओरिजिनल कॉपी सिद्धार्थ नगर ललित होटल के पीछे कहीं गिर गई है मिलने पर सम्पर्क करें- अक्षय मेहता ए-806, बालाजी टावर-9 महल रोड जगतपुरा-9414779600

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम सईदा से बदलकर सईदा बेगम पत्नि शफी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से पहचाना जाऐ। 2211 हरवंश की बगीची लाडली जी का खुर्रा रामगंज बाजार जयपुर

I Vivek Rawat S/o Babulal Rawat R/O 1, Shiva colony Tonkphatak Jaipur-15 have changed my minor Son's Name from Rudra to Rudra Rawat for all future purposes.



# बैंक कर्मचारियों ने 41 लाख की राशि की हेराफेरी की

## दोनों कर्मचारियों ने ऑनलाइन जुएं में 41 लाख रुपए की राशि उड़ाई

- **बैंक मैनेजर ने हिण्डौन नई मंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जांच शुरु**
- **30 सितंबर को बैंक का कैश चैक करने पर 41 लाख रुपए की नगदी कम मिली**

**हिण्डौन सिटी,** (कासं)। यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया की हिण्डौन शाखा के कर्मचारियों द्वारा 41 लाख रुपए हेराफेरी करने का मामला सामने आया है। बैंक के दो कर्मचारियों द्वारा ऑनलाइन जुएं में 41 लाख रुपए की राशि उड़ा दी गई। मामले में बैंक के मैनेजर जितेंद्र मीणा ने हिण्डौन नई मंडी थाने में बैंक कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

नई मंडी थाना अधिकारी बृजेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया की हिण्डौन शाखा के मैनेजर जितेंद्र मीणा ने रिपोर्ट पेश कि है कि 30 सितंबर को बैंक का कैश एसबीआई की चेस्ट बैंक शाखा में भेजने वाले थे। उस समय पाया गया कि बैंक में 41 लाख रुपए की नगदी कम है। कैश बैलेंस बुक से मिलान करने के बाद 41 लाख नगदी कमी की पुष्टि हुई। इसके बाद कैशियर से पूछताछ की तो उसने बताया कि रुपये उसने ही लिए है तथा वह उसे जल्द जमा कर देगा।

थानाधिकारी ने बताया कि प्राथमिक तफ्तीश में पता चला है कि जगदेव डागुर ऑनलाइन जुआ खेलता था। 30 सितंबर को बैंक के कैश के लेनदेन का कार्य कर्मचारी प्रेम मीना कर रहा था। जगदेव डागुर ने प्रेम मीणा के सहयोग से तीन-चार बार में 41 लाख रुपए की राशि बैंक से ली तथा उसे जुएं में लगा दिया और वापस बैंक में आकर बैठ गया। शाम को बैंक की राशि एसबीआई की चेस्ट में जमा करने के लिए जब कैश संभाला गया तो उसमें 41 लाख रुपए कम मिले। मैनेजर ने जब इन कर्मचारियों से पूछताछ की तो उन्होंने स्वीकार किया कि रुपये उन्होंने लिए है तथा पैसे जल्द आ जाएंगे। शाम को 7 बजे तक इंतजार करने के बाद भी जगदेव ने रुपये बैंक में जमा नहीं कराए तो रविवार को बैंक मैनेजर जितेंद्र मीणा ने हिण्डौन नई मंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कर दी। पुलिस मामले की जनता से जांच पड़ताल में जुटी है।

# नर्सेज ने गांधी जयंती पर भजन कर विरोध जताया

**सीकर,** (निसं)। राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वाधान में सोमवार को श्री कल्याण चिकित्सालय सीकर में तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र सीकर में नर्सेज ने गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए आमरण अनशन पर बैठे अपने प्रांतीय नेताओं के समर्थन में तथा अपनी जायज मांगों को पूरा किया जाने हेतु भजन कर सामूहिक उपवास रखा और सरकार को नर्सेज की मांगों पर संवेदनशीलता दिखाने की मांग की। आमरण अनशन पर बैठे नर्सेज नेताओं के समर्थन में विरोध प्रदर्शन लगातार जारी रखा जाएगा। नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के जिला संघर्ष संयोजक सुखवीर गोरा, सीताराम जांगिड़ तथा महिला संघर्ष संयोजिका मनोरमा थपलियाल ने बताया कि सरकार द्वारा नर्सेज की मांगों पर असंवेदनशीलता रखना खेदजनक है। तीन दिवस से सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर में नर्सेज का आमरण अनशन जारी है।

# फिरौती मांगने के आरोपी चूरु पुलिस के हत्थे चढ़े

## होटल संचालक पर फायरिंग कर फिरौती मांगने का मामला



फायरिंग कर फिरौती मांगने के मामले में फरार चल रहे आरोपियों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया।

**चूरू,** (कासं)। हरियाणा के हिसार जिले में एक होटल संचालक पर फायरिंग कर फिरौती मांगने के मामले में फरार चल रहे आरोपी अमन सुरा पुत्र रतन सिंह जाट (22) निवासी थाना बरवाला जिला हिसार व राकेश उर्फ राजा पुत्र अजमेर विश्नोई (25) निवासी थाना सदर हिसार रविवार देर रात गश्त कर रही तारानगर थाना पुलिस के हत्थे चढ़ गये। जिन्हें शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

एसपी राजेश कुमार मीना ने बताया कि वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार बुटोलिया व सीओ जय प्रकाश बेनीवाल के सुपरविजन में रविवार देर रात एसएचओ नवनीत सिंह मय टीम के गश्त पर थे। इस दौरान संदिग्ध युवकों अमर सुरा व राजेश उर्फ राका को डिटेन कर शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में भी हिसार जिले में अपराधिक मामले दर्ज है। दोनों आरोपियों से संबंधित थाना से आपराधिक रिकॉर्ड प्राप्त कर थाना हिसार की सीआईए से मालूम किया तो उन्होंने दोनों का थाना सिविल लाइन हिसार के प्रकरण में 5 सितंबर से फरार होना बताया। आरोपियों ने सिविल लाइन इलाके में एक होटल संचालक पर हथियार से फायरिंग कर फिरौती मांगी थी। उसके बाद पुलिस के डर से फरार होकर चूरू आ गए। इस कार्रवाई में कांस्टेबल हीरालाल की मुख्य भूमिका रही।

# जालोर व सांचोर जिले की दो विधानसभा सीटों पर हमेशा जातिगत राजनीति रहती है हावी

- **दोनों पार्टियां भी जातिगत आधार पर टिकट देती आई है, लेकिन इस बार भाजपा व कांग्रेस टिकट चयन को लेकर असमंजस में नजर आ रही हैं**
- **भाजपा के इस गढ़ को ढहाने के लिए कांग्रेस पूरा जोर लगा रही है। ऐसे में टिकट चयन को लेकर भी बड़ी ही सतर्कता बरती जा रही है**

**जालोर,** (कासं)। प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टी सक्रिय होकर चुनाव जीतने को लेकर रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। जालोर व सांचोर जिले की दो विधानसभा सीटों पर हमेशा जातिगत राजनीति हावी रहती है। वहीं दोनों पार्टियां भी जातिगत आधार पर टिकट देती आई है, लेकिन इस बार भाजपा व कांग्रेस टिकट चयन को लेकर असमंजस्य की स्थिति में नजर आ रही हैं। भाजपा के इस गढ़ को ढहाने के लिए कांग्रेस पूरा जोर लगा रही है। ऐसे में टिकट चयन को लेकर भी बड़ी ही सतर्कता बरती जा रही है।

प्रदेश में कांग्रेस व भाजपा दोनों प्रमुख दल सत्ता में आने को लेकर समीकरण बैठाने का प्रयास कर रहे हैं। जालोर विधानसभा सीट एससी होने के साथ मेघवाल जाति का बहुल होने से इस जाति के मतदाता काफी अहमियत रखते हैं। जालोर में भाजपा से वर्तमान विधायक जोगेश्वर गर्ग का टिकट लगभग तय माना जा रहा हैं। वहीं कांग्रेस से इस बार भाजपा के इस गढ़ को ढहाने के लिए मजबूत दावेदार की तलाश कर रही है। लेकिन कांग्रेस से पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल, पूर्व जिला प्रमुख मंजू मेघवाल, एनएसयूआई की छात्रानेता सुष्मिता गर्ग को चुनाव मैदान में उतार सकती है। रामलाल मेघवाल को टिकट नहीं मिला तो वे निर्दलीय ताल ठोकने की तैयार कर चुके है। वही रामलाल मेघवाल ही गर्ग को टक्कर दे सकते हैं। लेकिन मेघवाल के राज्यसभा चुनाव के दोरान क्रॉस वोटिंग करने से आलाकमान के समक्ष उनकी छवि धूमिल जरूर हुई तथा ये ही उनको टिकट नहीं मिलने में सबसे बडा रोडा बनी हुई है। लेकिन जालोर में कांग्रेस अधरझूल में नजर आ रही है। ऐसे में एनवक्त पर कांग्रेस किसी नये चेहरे को चुनाव मैदान में उतर सकती है।

आहोर विधानसभा क्षेत्र में चौधरी व पुरोहित समाज के मतदाताओं पर प्रत्याशी के हार-जीत का फैसला निर्भर करता है। आहोर में भाजपा के वर्तमान विधायक छगनसिंह राजपुरोहित विकास कार्य करवाने में सफल नहीं हुए। वहीं जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर आहोर क्षेत्र में विकास कार्य करवाने में सफल जरूर हुए हैं। ऐसे में आहोर सीट वयोवृद्ध भगराज चौधरी के समय कांग्रेस की गढ रही है। भगराज के बाद कांग्रेस का कोई दमदार प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं उतारने से लगातार तीन विधानसभा सीट भाजपा की झोली में जाती रही। ऐसे में कांग्रेस भाजपा के इस गढ़ को तोडने के लिए इस बार विकास कार्य करवाये है। वही दमदार प्रत्याशी की तलाश कर रही हैं। भाजपा से वर्तमान विधायक छगनसिंह व पूर्व विधायक शंकरसिंह राजपुरोहित के बीच टिकट को लेकर घमासान चल रहा है।

ऐसे में दोनो के बीच सहमति नही बनी तो भाजपा तीसरे विकल्प के रूप में किसी नये चेहरो को चुनाव मैदान में उतार सकती है वही कांग्रेस के पास अभी तक मजबूत दावेदार नही है। सवाराम पटेल कांग्रेस से दो बार इस क्षेत्र से हार चुके हैं तथा इस बार कांग्रेस भाजपा के इस गढ को ढहाने के लिए मजबूत प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतार सकती है। कांग्रेस से पहले चर्चाए थी कि पुखराज पाराशर ने इस क्षेत्र में विकास कार्य करवाये है तो चुनाव लडने के मूड में है। लेकिन पाराशर सीएम के खास होने से चुनाव के दौरान पूरा कार्य देखने से चुनाव लड़ने के मूड में नही है। ऐसे में कांग्रेस किसी नये चेहरे के रूप में चुनाव मैदान में उतार सकती है। आहोर में चौधरी व पुरोहित समाज के वोटरो के बल पर नैया पार की जा सकती है।

# आर.एस.एस. व भाजपा को मैं कुछ नहीं समझता : डोटासरा

- **डोटासरा ने नवसृजित बैरासर पंचायत भवन के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित किया**

**सुजानगढ़,** (निसं)। आरएसएस व भाजपा को में कुछ नहीं समझता हूं। ये बयान एक बार फिर पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा ने नवसृजित बैरासर पंचायत भवन के उद्घाटन समारोह में सम्बोधित करते हुए कही। डोटासरा ने कहा कि इस बार भाजपा को साफ कर देंगे। चूरू जिले में अब में घूस चुका हूं। यहां से राठौड़ को चुनाव हरायेंगे। भीड़ देख गद्गगद हुए डोटासरा ने भीड़ का वीडियो राजेन्द्र राठौड को भेजने का कहा। इसके अलावा केन्द्र सरकार द्वारा लागू किये गये महिला आरक्षण बिल पर डोटासरा ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिल लाने वालों को पता नहीं है कि यह बिल धरातल पर कब लागू होगा।

भाजपा की परिवर्तन यात्राओं पर निशाना साधते हुए डोटासरा ने कहा कि उनकी सभाओं में जनता से ज्यादा भीड़ नेताओं की होती है। डोटासरा ने सरपंच रामी देवी दुसाद व डॉ.रामेश्वर दुसाद द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय को उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत करने की मांग पर घोषणा करते हुए कहा कि आचार संहिता लगने से पहले बैरासर गांव की स्कूल उच्च माध्यमिक विद्यालय के रूप में क्रमोन्नत हो जायेगी। डोटासरा ने कहा कि बिना सरकार चुने ही भाजपा में दस मुख्यमंत्री बने फिर रहे हैं। डोटासरा ने कहा कि हमनें अगर कार्य किये है तो जनता हमें फिर से सत्ता में लेके आयेगी। इस अवसर पर कांग्रेस नेता पूसाराम गोदारा, पूर्व जिला प्रमुख भंवरलाल पुजारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष इन्द्राज खीचड, विद्याधर बेनीवाल, गणेश ढाका, दीवान सिंह भानीसरिया, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष विकास सारण, डॉ. रामेश्वर दुसाद, पंचायत समिति सदस्य रामूराम दुसाद, मनसुख गोदारा, महेन्द्र गोदारा, रूपाराम कस्वां सहित कांग्रेस के नेता मौजूद रहे। अतिथियों का माल्यापर्ण व साफा पहनाकर आयोजक डॉ.रामेश्वर दुसाद द्वारा स्वागत किया गया।

डोटासरा के जन्मदिवस पर ग्रामीणों द्वारा डोटासरा से केक कटवाया गया। डोटासरा ने तलवार से केक काटा व ग्रामीणों द्वारा दी गयी बधाई पर आभार जताया। डोटासरा ने कहा कि पहली बार राजस्थान में किसान के बेटे को शिक्षा मंत्री बनाया गया। भाजपा ने वोटों के लिए साईकिल के केसरिया रंग कर दिया। वोटों के लिए चड्ढी, बनियान के भी केसरिया रंग कर दिया। डोटासरा ने कहा कि इनसे वोट हासिल होने वाले नहीं है। वोटों के लिए जनता का दिल जीतना जरूरी है।

# आयुर्वेद विभाग के चिकित्सकों ने की डीसीपी की मांग

**अजमेर,** (कासं)। दो वर्षों से शेष वंचित सीनियर संविदा आयुर्वेद डॉक्टर्स एसेसिएशन के बैनर तले सोमवार को आयुर्वेद निदेशालय अजमेर पर अनिश्चित कालीन आमरण अनशन शुरू किया। डीपीसी की मांग को लेकर पिछले लंबे समय से आयुर्वेद संविदा चिकित्सकों द्वारा धरना प्रदर्शन जिले वार दिया जा रहा है, लेकिन आयुर्वेद विभाग व राज्य सरकार ने अभी तक मांगों को पूरा करना तो दूर संज्ञान तक नहीं लिया है।

वंचित सीनियर संविदा आयुर्वेद डॉक्टर्स एसेसिएशन के पदाधिकारी डॉ. सुनील खारवाल, डॉ. देशराज डागुर सहित अन्य ने बताया कि डीपीसी मांग सहित अन्य मांगों को लेकर पिछले दो वर्षों से शेष वंचित सीनियर संविदा आयुर्वेद चिकित्सकों का धरना प्रदर्शन जारी है। उन्होंने मांग की कि आयुर्वेद विभाग (नियम 1973) के चिकित्सकों की वर्ष 2023 की सभी पेंडिंग डीपीसी एक साथ शीघ्र करवाकर विभाग में उपलब्ध करीब तीन सौ पदों को वर्ततान में भर्ती (02/2023) की प्रतीक्षा सूची में जोडक़र वंचित रहे चिकित्सकों को नियमित किया जाए।

उन्होंने कहा कि आज तक सभी आयुर्वेद अधिकारी भर्ती से वंचित रहे चिकित्सकों का स्थायीकरण न होने के कारण आगामी भर्ती में अधिकांश वंचित चिकित्सक उम्र की सीमा पार कर कर जाएंगे ऐसे में जीवन भर स्थायी नहीं हो पाएंगे। साथ ही पिछले कई वर्षों से अटकी पड़ी ग्रामीण आयुर्वेद चिकित्सकों की 272 पदों की डीपीसी भी शीध्र करवा कर रिक्त पदों को वर्तमान भर्ती की प्रतीक्षा सूची में जोडक़र वंचित आयुर्वेद को नियमित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी मांगों पर आयुर्वेद विभाग तथा सरकार द्वारा अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। ऐसे में मजबूर होकर गांधी जयंती से आमरण अनशन शुरू किया है।

# गुर्जर समाज जिला अजमेर की समाज को टिकट देने की मांग

**अजमेर,** (कासं)। चुनाव के मद्देनजर एमबीसी वर्ग गुर्जर समाज जिला अजमेर ने कांग्रेस और भाजपा के केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व को पत्र प्रेषित कर अजमेर जिले में दो विधानसभा तथा एक लोकसभा सीट पर टिकट दिए जाने की मांग की है। गुर्जर समाज जिला अजमेर प्रवक्ता भगवान सिंह गुर्जर ने बताया कि सोमवार को संत-महंत, पंच पटेल गुर्जर समाज जिला अजमेर के चिडियादास महाराज के नेतृत्व में बैठक आयोजित कर विधानसभा और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोश व कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नाम का ज्ञापन प्रेषित किय। प्रवक्ता भगवान सिंह ने बताया कि एमबीसी वर्ग की गुर्जर जाति की आबादी प्रदेश के 16 जिलों में निवास करती है। गुर्जर समाज जिला अजमेर के संत, महंत, पंच पटेल चिडियादास महाराज ने कहा कि हर क्षेत्र में उपेक्षित होने की व्यथा को लेकर जिला गुर्जर समाज अजमेर ने एक राय होकर निश्चय किया है कि जो राजनीतिक दल गुर्जर समाज को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते हुए योग्य नेताओं को आगामी विधानसभा चुनावों में कम से कम 2 सीटों पर और अजमेर लोकसभा सीट पर एक प्रत्यशी घोषित करेगा, उसी दल को जिला गुर्जर समाज पूरे जिले में एकतरफा सहयोग व समर्थन करेगा।

# खान व्यवसायी से 25 लाख की अवैध वसूली की मांग

- **एक व्यक्ति ने पिस्टल से खान पर काम करने वाले पर मारने की नियत से गोली चलाई**

**पाटन,** (निसं)। खान मालिकों द्वारा 25 लाख की अवैध वसूली की मांग का प्रकरण थोई थाने में दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई सीताराम को दी है। वहीं धमकी भरे पत्र से क्षेत्र के अन्य खान मालिकों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

दर्ज प्रकरण में बताया कि नीमकाथाना के खान व्यवसायिक दौलतराम गोयल, महेंद्र गोयल की खान पर विगत रात्रि तीन लोग बाइक पर सवार होकर आए तथा खान पर काम करने वाले मक्खन लाल के हाथ में एक लिखित कागज थमाते हुए कहने लगे कि तेरे क्रेसर मलिक दौलतराम गोयल व महेंद्र कुमार गोयल को कह देना कि खान पर कांटा तुलाई मशीन चालू करने से पहले संदीप उर्फ सुखा शूटर निवासी पीथमपुरी से संपर्क कर लें तथा 25 लाख रुपए फिरौती के रुप में हमें दे दे, नहीं तो तेरे मलिक को जान से खत्म कर देंगे। तेरे दोनों मालिकों को जान से हाथ धोना पड़ेगा तथा खान भी हाथ से निकल जाएगी। उक्त व्यक्ति जोर-जोर से चिल्लाते हुए गाली-गलौज भी करने लगे। मैंने खान में काम कर रहे पुष्पेंद्र सिंह, छीतरमल, शायर धानका, बंसी खाती चौकीदार को बुलाया तथा गाली-गलौच नहीं करने के लिए कहा तो उक्त व्यक्तियों में से एक व्यक्ति ने पेंट में छुपा कर रखी पिस्टल को निकाल कर मुझे जान से मारने की नियत से मेरी तरफ गोली चलाई।

मैं तुरंत नीचे की तरफ बैठ गया जिससे पिस्टल से निकली हुई गोली मेरे सिर के ऊपर से निकल गई, जिस कारण मेरी जान बच गई। तीनों बदमाश कह रहे थे पच्चीस लाख रुपए नहीं दोगे तो खान मालिक दौलत गोयल एवं महेंद्र गोयल को जान से मार दिया जाएगा। खान मालिकों द्वारा इस प्रकरण को थोई थाने में दर्ज करवाया है। क्षेत्र में पहले भी इस तरह की कई वारदातें घट चुकी है। मक्खन लाल ने बताया कि मेरे को जो कागज दिया गया था उसमें संदीप सोलेत उर्फ सूखा शूटर पीथमपुरी व दीपक महाकाल हरिपुरा के नाम से लिखा है, जो कागज मेरे पास है।

# बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

**मण्डावरी,** (निसं)। मण्डावरी थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए बाइक चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल को बरामद करने में कामयाबी हासिल की है। थानाधिकारी धर्मेंद्र मीणा ने बताया कि चरत लाल ने थाने पेश होकर बाइक चोरी का मामला दर्ज करवाया था। जिस पर मण्डावरी थानाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वाहन चोरी की वारदातों को गम्भीरता से लेते हुए टीम का गठन किया। टीम ने इलाका थाना क्षेत्र में चोरी करने वाली सक्रिय गिरोह का पर्दाफास करते हुए मुखबीर खास मामूर किया जाकर आसूचना संकलन कर आरोपी बिजेन्द्र को गिरफ्तार कर चोरी गई मोटरसाईकिल को बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। जहां आरोपी विजेन्द्र सैनी को सोमवार को बांदीकुई स्थित अवकाशकालीन न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया जहां उनके आदेशों पर आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# राज्य मंत्री अशोक चांदना के गृह क्षेत्र हिंडोली में नगर पालिका की बेशकीमती जमीन पर अतिक्रमण

## अतिक्रमियों के आगे प्रशासन नतमस्तक, नोटिस देकर खानापूर्ति की

- **अतिक्रमियों ने खाई लगाकर गांवों को जोड़ने वाले रास्ते को बंद किया**
- **ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को रास्ता बहाल करने का ज्ञापन सौंपा**
- **भूमाफियाओं से मिलीभगत कर पंचायत ने खाली भूखंड पर ही बना दिए पुश्तैनी आवास के पट्टे**

**बून्दी,** (निसं)। बूंदी जिले के मंत्री अशोक चांदना के विधानसभा क्षेत्र हिंडोली में इन दिनों अतिक्रमण की बाढ़ सी आ गई है। क्षेत्र के प्रभावशाली लोगों ने राजनीतिक संरक्षण के चलते एनएच 12 पर स्थिति बेशकीमती पांच बीघा जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है। जिससे क्षेत्रीय लोगों के कुएं, खेतों, मकानों, कराड खेड़ी ,कालसो का बरडा, मोन्दोलिया का बरडा व छोटी फैक्टी जाने का रास्ता 30 फीट से सिकुड़ कर बंद सा हो गया है।

ग्रामीणों के अनुसार हिंडोली देव गुर्जर छात्रावास के सामने एन.एच 12 से होते हुए 30 फीट का आम रास्ता निकला हुआ है। दो दिन पहले अतिक्रमियों द्वारा आम रास्ते की जगह को बेचकर आम रास्ते पर जेसीबी से खाई लगवा दी व जमीन पर अतिक्रमण करते हुए सीमेंट के पिलर लगा दिये। जिससे 30 फीट का रास्ता सिकुड़ कर 12 फीट का रह गया। जिससे खेतों तक संसाधन ले जाने में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कालसो का झोपडा के ग्रामीणों ने 17 सितम्बर को उक्त अतिक्रमण की शिकायत को लकर उपखंड अधिकारी के ज्ञापन सौंपा था, जिस पर उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत ने 18 सितम्बर को पत्रांक 2308 जारी कर नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी को उपयुक्त कार्यवाही के आदेश दिए थे। जिसके बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। केवल मात्र नोटिस देकर



हिंडोली में लोगों ने राजनीतिक संरक्षण के चलते बेशकीमती पांच बीघा जमीन पर अतिक्रमण कर लिया।

खानापूर्ति कर ली है।

जानकार लोगों की माने तो उपखंड कार्यालय के पास स्थित खसरा नंबर 6326/ 2867 जो कि करोड़ों रुपए की आबादी क्षेत्र की जमीन है, जो तरमीमशुदा नगर पालिका के खाते की है। जहां पीछे कृषि भूमि एवं मजरों में आने जाने का आम रास्ता भी है। जिसको भी अतिक्रमियों द्वारा अतिक्रमण कर केवल 12 फीट का रख दिया गया है। जिस पर पंचायत समिति हिंडोली द्वारा मनरेगा कार्य के अंतर्गत ग्रेवल का कार्य भी करवाया गया था। स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण की शिकायत तहसीलदार उपखण्ड अधिकारी व नगर पालिका ईओ को कई बार की गई। प्रदेश के राज्य मंत्री अशोक चांदना का विधानसभा क्षेत्र होते हुए भी प्रशासन इसे खाली कराने में असमर्थ दिखाई दे रहा है जिसका सीधा-सीधा अर्थ यह लगाया जा सकता है कि अतिक्रमियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। इसी कारण अतिकर्मियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है उल्टा कार्रवाई करने वाले नगर पालिका ईओ को रातों-रात एपीओ कर दिया गया।

कार्रवाई नहीं होने पर क्षेत्रीय लोगों द्वारा न्यायालय की शरण लेते हुए उक्त जमीन के मामले को लेकर न्यायालय अपील की गई है जो कि विचाराधीन है। जिसकी सुनवाई मंगलवार को न्यायालय में होनी है। क्षेत्रीय लोगों की माने तो अतिक्रमी प्रभावशाली लोग हैं और इन्हें राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है जिसके चलते कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

**ग्रामपंचायत द्वारा जारी पट्टों का हो भौतिक सत्यापन :-** यही नहीं सरपंच व सचिव ने सारे नियम कायदों को ताक पर रखते हुए भू माफियाओं के साथ सांठगांठ कर खाली भूखंडों के ही पुश्तैनी पट्टे जारी कर दिए। जिससे राजस्व को करोड़ों रुपए की हानि हुई है। जानकार लोगों की माने तो पिछले छह-सात माह में हिंडोली ग्राम पंचायत द्वारा 1200 से ज्यादा पट्टे बनाए गए हैं अगर उनका भौतिक सत्यापन हो तो उनमें से 60 पट्टे नियम विरुद्ध पाई जाएंगे। स्थानीय लोगों ने जिला कलेक्टर से अपील की है कि उक्त जारी पट्टों का भौतिक सत्यापन कराया जाए ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके तथा सरकार को राजस्व का लाभ मिल सके व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

**कस्बे में जिधर देखो उधर सिवायचक भूमियों पर हो रहे आवासीय व व्यावसायिक अतिक्रमण :-** नए एनएच 52 से लेकर कस्बे तक खाली पड़ी सिवायचक भूमि पर अतिक्रमियों ने लूट मचा रखी है। कहीं आवासीय तो कहीं व्यावसायिक निर्माण कर के अतिक्रमण कर लिया गया है। हिंडोली थाने के पास नाथ समाज के व्यक्तियों द्वारा सिवायचक भूमि पर अतिक्रमण कर दर्जनों दुकानें बना ली है। वहीं देवनारायण छात्रावास के सामने भी अतिक्रमण कर दुकाने निर्मित करवाई जा चुकी हैं। इसी प्रकार अन्य लोगों द्वारा भी व्यावसायिक दुकानें बनाई गई है जिस पर प्रशासन आंखें मूंदे बैठा हुआ है। इन सभी स्थानों पर शिकायत करने के बाद केवल प्रशासन ने नोटिस देकर इतिश्री कर ली है। जिसका सीधा-सीधा अर्थ यह लगाया जा सकता है कि सभी अतिक्रमियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है।

कुलदीप सिंह शेखावत उपखंड अधिकारी हिंडोली ने बताया कि जमीन नगर पालिका अधिकार क्षेत्र की है, इसका पूरा उत्तरदायित्व नगर पालिका का है मेरे पास मामला आया था मैंने अंतरिम रूप से काम रुकवा दिया था तथा नगरपालिका ईओ को कार्रवाई के लिए आदेश भी जारी किया था। नगर पालिका अतिक्रमण को हटाने के लिए जाब्ता मांगेगा तो मैं जाब्ता उपलब्ध करा दूंगा।

राम सिंह गुर्जर, तहसीलदार हिंडोली ने बताया कि उक्त जमीन नगर पालिका के अधिकार क्षेत्र में आती है। ई.ओ. को इस पर कार्यवाही करने का अधिकार है। वहीं नाथ समाज के व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण कर बनाई गई दुकानों के मामले में जमीन रिकॉर्ड में एनएचएआई के नाम दर्ज है। मामले में जांच करा कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# जयपुर एयरपोर्ट पर साढ़े 12 किलो सोने के साथ छह तस्कर गिरफ्तार

## दुबई से जयपुर लाया गया था सोना, बाजार कीमत साढ़े 7 करोड़ रुपए

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने जवाहर सर्किल थाना इलाके में सोने की तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए छह तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से 12 किलो 467 ग्राम सोना एवं 2 लग्जरी वाहन को जब्त किया। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि यह सोना दुबई से लाया गया था। साथ ही जब्त किए गए सोने की बाजार कीमत 7 करोड़ 50 लाख रुपए आंकी गई है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ

- **शारजाह से छुपाकर लाया गया था सोना, एयरपोर्ट पर डिलीवरी देने से पहले ही पुलिस ने तस्करों को पकड़ा**

ने बताया कि सीएसटी ने जवाहर सर्किल थाना इलाके में सोने की तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जीशान अली (33) निवासी मुक्ता नगर प्रसाद कॉलोनी जिला बीकानेर,नन्दलाल (25) निवासी बराडा, जिला सीकर, सोहन सिंह भाटी (29) निवासी मुक्ता प्रसाद जिला बीकानेर, इरफान खान (32) निवासी कोतवाली सीकर जिला सीकर, मोहम्मद अयूब (48) निवासी सदर सीकर जिला सीकर और खलील खान(32)निवासी कोतवाली सीकर जिला सीकर को गिरफ्तार किया गया है।



जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने जवाहर सर्किल इलाके में कार्रवाई करते हुए सोने की तस्करी करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 12 किलो 467 ग्राम सोना और 2 लग्जरी वाहन जब्त किए। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार नन्द लाल एवं मोहम्मद अयूब सोने की तस्करी का काम करते है। गिरफ्तार नन्दलाल दुबई से यह सोने को छुपा कर जयपुर लाया था। वहीं अन्य आरोपित जीशान अली व सोहन सिंह उसे लेने के लिए एयरपोर्ट आये थे। इधर गिरफ्तार मोहम्मद अयूब खान से पूछताछ में सामने आया कि वह शारजाह दुबई से इस सोने को छुपा कर लाया था और खलील खान व इरफान उसे लेने के लिए एयरपोर्ट आये थे। गिरफ्तार आरोपियों से सोने की तस्करी के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# मंदिर में चाकू मारकर चौकीदार की हत्या

- **बनीपार्क क्षेत्र में हुई सनसनीखेज घटना**
- **हमलावर ने चाकू से गला काटकर गार्ड को लहुलुहान कर दिया था**

**जयपुर।** बनीपार्क में एक मंदिर परिसर में अज्ञात लोगों ने चौकीदार की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि लहूलुहान हालत में चौकीदार किसी तरह रोड तक पहुंचा और राहगीरों को चाकू लगने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को सूचित कर लोगों ने चौकीदार को गंभीर हालत में सैटेलाइट अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने सवाई मानसिंह अस्पताल रैफर कर दिया गया। जहां एसएमएस अस्पताल में चौकीदार ने सोमवार सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। फिलहाल हमलावर का पुलिस सुराग नहीं जुटा पाई है। हमलावर की शिनाख्त के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

पुलिस ने बताया कि मूलत: आगरा का रहने वाला सुनील ठाकुर (35) बनीपार्क स्थित पार्क में बने सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में चौकीदार का काम करता था और जेडीए ठेकेदार के जरिए यहां देखरेख के काम में लगा था। उस पर रविवार रात को किसी अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर उसका गला काट दिया। परिचितों ने उसे बनीपार्क सैटेलाइट अस्पताल पहुंचाया। जहां गंभीर हालत में उसे सवाई मानसिंह अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां सवाई मानसिंह अस्पताल में उपचार के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। परिवार के लोग शव लेकर आगरा रवाना हो गए हैं। पुलिस की प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि रविवार रात कोई शख्स पार्क में बेंच पर सो रहा था। जहां चौकीदार सुनील ठाकुर ने उसे टोका तो उस शख्स ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया और उसका गला काट दिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर हमलावर की शिनाख्त में जुटी है। इसके साथ ही एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय पार्षद रवि प्रकाश सैनी व अन्य लोग मौके पर इकठ्ठा हो गए। उन्होंने हमलावर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नारेबाजी की। इसके अलावा भाजपा पूर्व विधायक अरुण चतुर्वेदी ने भी इस घटना को लेकर रोष जताया और पुलिस से इस वारदात का जल्द खुलासा करने की मांग की है। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। वहीं मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की भी मांग की जा रही है। बनीपार्क थानाधिकारी महेश चंद ने बताया कि चौकीदार पर मंदिर परिसर में हमले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो खून ही खून फैला नजर आया। पुलिस ने एफएसएल टीम को मौके पर बुला कर सबूत जुटाए। एफएसएल जांच के बाद मंदिर परिसर में फैले खून को साफ कर दिया है।

## सार-समाचार

### हथियार सप्लायर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जयपुर।** जालूपुरा थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम उत्तर (डीएसटी) ने ऑपरेशन आग के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार सहित एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही पुलिस ने आरोपित के पास से दो देशी कट्टा और सात जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित नीमच (मध्यप्रदेश) से अवैध हथियार लाकर जयपुर में सप्लाई कर फरार हो जाता है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि जयपुर कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन' (आग) तहत जालूपुरा थाना पुलिस और डीएसटी उत्तर ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार की सप्लाई करने वाले सप्लायर विशाल पंवार निवासी कैंट नीमच मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से दो देशी पिस्टल और सात जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपित नीमच (मध्य प्रदेश) क्षेत्र के अवैध हथियार तस्करी की गैंग का सक्रिय सदस्य है जो जयपुर और राजस्थान के अन्य जिलों में बदमाशों को कम दामों में हथियार सप्लाई करते है । जिन हथियारों यह बदमाश संगीन अपराधों को अंजाम देते है। पुलिस आरोपित से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है, ताकि अन्य बदमाशों को पकड़ा जा सके।

### बाबा ने किया नाबालिग का अपहरण

**जयपुर।** गलता गेट थाना इलाके में ढोंगी बाबा द्वारा एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने का मामला सामने आया है। नाबालिग लड़की झाड़-फूंक से इलाज के दौरान ढोंगी बाबा के सम्पर्क में आई थी। बाबा ने उसको घर वालों को बिना बताए मिलने बुलाया और बहला-फुसलाकर उठा ले गया। नाबालिग की मां ने थाने में मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश निवासी 42 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि वह परिवार सहित गलता गेट इलाके में रहती है। और गुलजार कॉलोनी गलता गेट निवासी सलमान उर्फ ढोंगी बाबा करबला में झाड़-फूंक से इलाज करता था। करीब 6 महीने पहले उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को उसके भाई के साथ इलाज के लिए कर्बला भेजा। झाड़-फूंक से इलाज के दौरान उनकी बेटी सलमान उर्फ ढोंगी बाबा के सम्पर्क में आ गई। इस दौरान सलमान ने उसको अपनी बातों में फंसा लिया। गत 30 सितंबर को आरोपी ने नाबालिग से सम्पर्क किया और उसे घरवालों को बिना बताए मिलने के लिए बुलाया। जब उसकी बेटी मिलने गई तो आरोपी उसे अपनी बातों में फंसाकर अपहरण कर ले गया। देर शाम तक बच्ची घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने ढूंढना शुरू किया। इस दौरान नाबालिग बेटी के अपहरण की जानकारी मिली। इस पर पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया।

### मंत्रालयिक संगठनों की बैठक आज

**जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा कैबिनेट बैठक में मंत्रालयिक संवर्ग की घोर उपेक्षा किए जाने और चंद दिनों में आचार संहिता लगने की संभावना को देखते हुए मंत्रालयिक एकता मंच से संबद्ध संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष एवं महामंत्री, समस्त जिला संयोजकों, विभागीय समितियां के अध्यक्ष व मंत्री तथा समस्त सक्रिय कार्यकर्ताओं की एक आपात बैठक मंगलवार को दोपहर दो बजे राजकीय मुद्राणालय में होगी। बैठक में वर्तमान स्थितियों की समीक्षा कर सर्वसम्मति से आगामी कार्रवाई तय की जायेगी। मंत्रालयिक एकता मंच के प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र सिंह नरूका ने कहा कि बैठक में मंत्रालयिक संवर्ग के समस्त अन्य संगठनों एवं उनसे जुड़े हुए पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं का भी स्वागत है। यह समय एकजुट होकर पूरे संवर्ग के हितों के लिए कुछ कर गुजरने का है। अत: संगठन भेद बुलाकर सभी साथी उपस्थित हो।

### व्यापारी से 28 लाख रुपए ठगे

**जयपुर** (कासं)। विद्याधर नगर थाना इलाके में एक शातिर युवती ने व्यापारी हनीट्रैप में फंसाकर लाखों रुपए की धोखाधडी कर ली। युवती से परेशान होकर व्यापारी ने पिता से सहित तीन जनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार विद्याधर नगर इलाके में रहने वाला 44 वर्षीय पीड़ित व्यापारी ड्राई फ्रूट का व्यापार करता है। आरोप है कि वर्ष 2019 शिंवागी नाम की युवती को कारोबार संभालने के लिए काम पर रखा था। जिसके बाद कोरोना काल में व्यापार काफी प्रभावित हो गया, लेकिन पीड़ित ने फिर भी किसी को काम से नहीं निकाला। कुछ दिन बाद पीड़ित के पैर का ऑपरेशन हुआ। अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान शिंवागी ने काफी पैसो का गबन किया। पीड़ित ने शिंवागी को नौकरी से हटाने के लिए कहा तो शिंवागी ने काफी मांगते हुए काम पर लौट आई। शिंवागी ने कारोबारी को खाने में नशे की चीज मिलाकर दी और नशे की हालत में आपत्तिजनक फोटो खींच कर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और 28 लाख रुपए हड़प लिया। पैसे लेने के बाद भी 20 लाख रुपए की और डिमांड कर दी। रोज-रोज की ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर मामला दर्ज कराया।

### व्यापारी के पैसों से भरा बैग चोरी

**जयपुर।** कोतवाली थाने से महज 20 मीटर दूर अज्ञात बदमाश व्यापारी का पैसों से भरा बैंग चोरी कर फरार हो गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित ने थाने पहुंच अज्ञात बदमाश के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार इलाके में थाने के पास स्थित सीताराम सत्यनारायण नाम से होलसेल की परचून की दुकान है। पीड़ित रात को अपने बैंग में पचास हजार रुपए नकद लेकर घर गया था और सुबह बैंग लेकर वापस दुकान पर आ गया और बैंक खुलने का इंतजार करने लगा। पीड़ित ने बैंग को काउंटर पर रख दिया। कुछ देर बाद देखा तो बैंग गायब मिला।

# गर्लफ्रेंड की हत्या कर युवक ने खुद का गला भी काटा

## हरमाड़ा स्थित लोहामंडी में दोनों लहुलुहान हालत में मिले थे

- **दोनों शादी करना चाहते थे, परिवार मना कर रहा था**

**जयपुर।** राजधानी के हरमाड़ा इलाके में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक ने प्रेमिका की हत्या कर दी, फिर धारदार हथियार से खुद का गला काट लिया। बताया जा रहा है कि दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन परिवार की सहमति नहीं होने के कारण काफी परेशान थे। घटना की जानकारी मिलने पर हरमाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक युवती की मौत हो चुकी थी। युवक घायल है।

पुलिस ने बताया कि लोहा मंडी के पास एक खाली जगह पर किशन (26) और ज्योति (23) के खून से सने मिले। ज्योति और किशन को एसएमएस अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने ज्योति को मृत घोषित कर दिया। किशन की स्थिति गंभीर बनी हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों के बीच काफी समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन परिवार राजी नहीं था। सोमवार दोपहर दोनों लोहा मंडी के पास एक खाली जगह पर मिले। इसके बाद किशन ने ज्योति की हत्या कर दी। फिर खुद के गले पर धारदार हथियार से हमला कर लिया। इससे किशन बेहोश हो गया। आसपास मौजूद लोग हरियाणा नंबर की कार के गेट खुले देख घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद युवक और युवती के सड़क पर गिरे होने की जानकारी पुलिस को दी। हरमाड़ा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, परिवार के लोगों को घटना की जानकारी दे दी है।

# सुनील चतुर्वेदी बने उपाध्यक्ष

**जयपुर।** वरिष्ठ पत्रकार सुनील चतुर्वेदी को जीवन ज्योति सामाजिक विकास संस्थान के उपाध्यक्ष के तौर पर मनोनीत किया गया है। संस्थान के अध्यक्ष अमित चतुर्वेदी ने बताया कि लोगों को पर्यावरण और स्वच्छता के प्रति जागरुक करने वाली इस संस्था की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष पद पर बरिष्ठ पत्रकार सुनील चतुर्वेदी, सचिव हर्षी चतुर्वेदी, सदस्य ज्योति शर्मा, सम्राट, मोनिका, सृष्टि व जान्हवी चतुर्वेदी को शामिल किया गया है।

# सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वाला गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। शास्त्री नगर इलाके में रविवार रात हंगामा करने और साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने वाले युवक रामपूजन उर्फ अब्दुला पुत्र रामलाल शेख (35) निवासी खान जहांपुर (उत्तरप्रदेश) को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर दिया।

पुलिस ने बताया कि फसीउद्दीन निवासी रामगंज बाजार जयपुर ने लिखित शिकायत दी थी कि रविवार को शास्त्री नगर स्थित मैरिज गार्डन आरसी सेन्टर में विवाह के रिसेप्सन था। रात करीब साढ़े 10 बजे एक व्यक्ति आया और उनसे धार्मिक किताब छीनकर फाड़ दी और कहा कि यह किताब किसी काम की नहीं है। युवक के इस कृत्य से इस्लाम धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंची है।

पुलिस ने मामले की गंभीरता और मौके पर उपजे तनाव को देखते हुए मौके पर भारी जाप्ता तैनात किया। उधर समुदाय विशेष के लोगों ने युवक को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर थाने का घेराव कर दिया था।

शास्त्री नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर एहतियातन सुरक्षा के लिहाज से अतिरिक्त जाब्ता मौके पर बुलाया। सोमवार को पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रामपूजन उर्फ अब्दुला पुत्र रामलाल शेख (35) निवासी खान जहांपुर (उत्तरप्रदेश) को बताया। पुलिस ने बताया कि आरोपी की हरकतें पागलों जैसी है, उसकी जांच मनो चिकित्सक से करवाई है, जिसमें वह मानसिक विक्षिप्त पाया गया है।

# 17 कलाकारों ने साउथ इंडिया की कंटेम्प्ररी आर्ट 150 पेंटिंग्स के जरिए प्रस्तुत की



जवाहर कला केन्द्र में सूफी संगीत और दक्षिण भारत की खूबसूरत बनावट पर प्रस्तुत चित्र प्रदर्शनी को देखने के लिए सोमवार को युवा पहुंचे।

**जयपुर,** (का.सं.)। सूफी संगीत, क्लासिकल नृत्य और दक्षिण भारत की खूबसूरत बनावट से प्रेरित कंटेम्प्ररी आर्ट को जयपुर आर्ट लवर्स के बीच प्रस्तुत किया गया। जवाहर कला केंद्र और दक्षिण वर्णम के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय कला प्रदर्शनी का उदघाटन रविवार को हुआ था। अलंकार गैलरी में कंटेम्प्ररी आर्ट फ्रॉम साउथ इंडिया की पांच दिवसीय प्रदर्शनी का 1 से 5 अक्टूबर तक आयोजन होने जा रहा है। जिसके तहत दक्षिण भारत के जाने-माने और प्रख्यात 17 आर्टिस्ट्स अपने आर्ट फॉर्म्स के द्वारा दक्षिण की लोक संस्कृति की भव्यता को कैनवास पर प्रस्तुत कर रहे है। उद्धघाटन शत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर राजस्थान सरकार के राजस्थान पर्यटन विभाग की प्रमुख सचिव गायत्री राठौड़, आईएएस विवेक हरिनारायन, टीएन कैडर और तमिलनाडु सरकार के आईटी सचिव, राजस्थान सरकार आईएएस (रि) डॉ गुरदियाल सिंह संधू, समाजसेवक सुधीर माथुर, आईसीए गैलरी से अभिनव बंसल और ज़ेबुन मालवीय ने दीप प्रज्जवलन कर प्रदर्शनी की शुरुआत की।

प्रदर्शनी में एम्. सेनादीपति की लगभग 7 आर्ट वर्क्स शोकेस हुए जिसमें उन्होंने हैंडमेड पेपर और एक्रेलिक कलर्स के माध्यम से राधा कृष्ण, दुर्गा के रूप और माता और बच्चें के रिश्ते के भाव शोकेस किए गए। वहीं अवॉर्ड विनर राजा पेरुमल ने मिक्स मीडियम के माध्यम से अपनी 8 कलाकृतियों में प्रकृति के स्वाभाव और स्वरूपों को कैनवास पर शोकेस किया। लगभग 85 उम्र के इंडियन अवॉर्डी ए. सेल्वाराज ने अपनी 8 पेंटिंग्स के जरिए महिला की खूबसूरती को अलग-अलग पैमाने पर कैनवास पर सजाया। साथ ही यंग आर्टिस्ट नंदन ने अपनी 20 कलाकृतियों में आइवरी पेपर पर इंक आर्ट के जरिए रोजमर्रा की जिंदगी से प्रभावित होकर आकृतियां पिरोई।

# सात निकाय और 50 अफसरों का सम्मान



स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने 'प्रशासन शहरों के संग' अभियान में तय लक्ष्य के मुताबिक पट्टे वितरित करने पर जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त डॉ. जोगाराम को सम्मानित किया।

**जयपुर,** (का.सं.)। स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने सोमवार को 'प्रशासन शहरों के संग' अभियान में तय लक्ष्य से ज्यादा पट्टे वितरित करने वाले 7 नगरीय निकायों और 50 अफसरों का सम्मान किया। उन्होंने 7 निकायों को ट्रॉफी प्रदान कर और अभियान में 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने वाले निकायों के 50 अधिकारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अभियान में लक्ष्य से अधिक पट्टे जारी करने वाले 7 निकायों में जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर विकास न्यास कोटा, नगर विकास न्यास उदयपुर, नगर परिषद बाड़मेर, नगर परिषद कुचामनसिटी, नगर पालिका सूरतगढ़, नगर पालिका ईटावा शामिल रहे। नगरीय विकास मंत्री ने प्रथम स्थान पर रहे जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त डॉ. जोगाराम, सचिव एवं अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन) को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। अभियान में 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने वाले निकायों में से लगभग 50 अधिकारियों, जिनकें द्वारा अधिकतम पट्टे जारी किए गए है एवं उत्कृष्ट कार्य किया गया है, उन अधिकारियों को प्रशंसा पत्र दिया जाकर सम्मानित किया गया।

# राजस्थान वक्फ नियम-2023 का अनुमोदन

**जयपुर,** (का.सं.)। राज्य मंत्रिमंडल ने राजस्थान वक्फ नियम-2023 का अनुमोदन कर दिया है। इन नियमों के लागू होने से राज्य में वक्फ कार्य अधिक सुगमता, स्पष्टता एवं पारदर्शिता के साथ सम्पादित हो सकेंगे। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय वक्फ अधिनियम-1995 की धारा 109 में वक्फ के संचालन के लिए नियम बनाने की शक्ति राज्य सरकार को दी गई है। राज्य सरकार ने तत्परता दिखाते हुए नियम लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

राजस्थान वक्फ नियम-2023 में वक्फ सम्पत्तियों के मुतवल्ली, प्रबंध कमेटी और प्रबंध योजना के साथ ही मुतवल्ली की शैक्षणिक योग्यता का उल्लेख किया गया है। साथ ही, वक्फ सर्वे आयुक्त की नियुक्ति, सर्वे आयुक्त को जांच की शक्तियां एवं वक्फ सम्पदाओं की सूची के प्रकाशन से सम्बन्धित प्रावधान किए गए हैं। इसी प्रकार, नियमों में वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति, पदावधि और सेवा सम्बन्धी प्रावधानों के साथ ही मुख्य कार्यकारी अधिकारी या उसके द्वारा अधिकृत अधिकारी को किसी भी लोक कार्यालय में किसी वक्फ सम्पत्ति से सम्बन्धित अभिलेख, रजिस्टर या दस्तावेजों के निरीक्षण का अधिकार दिया गया है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी बोर्ड की कार्यवाहियों या अभिरक्षा में रखे अभिलेखों के निरीक्षण की आज्ञा निर्धारित फीस एवं शर्तों के अधीन रहते हुए दे सकेंगे। वहीं, अस्तित्व में नहीं रहे ओकाफ (वक्फ सम्पत्तियों) की जांच के लिए नियम बनाया है।

# 'महात्मा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेकर अपना लक्ष्य हासिल करने में जुटें युवा'

## गांधी जयन्ती पर राजस्थान विश्वविद्यालय में हुआ विशेष आयोजन

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान विश्वविद्यालय के गांधी अध्ययन केन्द्र में सोमवार को गांधी जयन्ती मनाई गई। अतिथियों द्वारा गांधी प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं सूत की माला पहनाकर कार्यक्रम विधिवत प्रारम्भ हुआ। सर्वप्रथम गांधी अध्ययन केन्द्र के निदेशक डॉ. राजेश कुमार शर्मा द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया साथ ही कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की गई।

राजस्थान विश्वविद्यालय की नव नियुक्त कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मैं तो गांधी के इस सिद्धांत को सदैव विद्यार्थियों के सामने रखती हूं कि गांधी दर्शन को हमें अपने चिन्तन मनन के द्वारा अचारण में लाना चाहिए। उन्होने सत्य, अहिंसा तथा स्वदेशी के उदाहरण द्वारा स्पष्ट करते हुए कहा कि साध्य एवं साधनों की पवित्रता के माध्यम से अधिकांश समस्याओं का समाधान संभव है। हमारा देश सबसे युवा देश है, इसका अर्थ है कि हम सबसे प्रोडेक्टिव हैं। युवा अगर सबसे प्रोडक्टिव और एफीसियेन्ट है तो देश कहीं न कहीं विश्व के शिखर पर अपनी प्रतिष्ठा कायम करने में सक्षम होगा। युवा जब शिक्षा के मन्दिर में शिक्षा लेने आये तो साध्य और साधन के बारे में गांधी मार्ग का अनुसरण करने का प्रयत्न करें। आज की युवा पीढी उसी देश में रह रही है जिस देश में झांसी की रानी, महात्मा गांधी, विवेकानन्द पैदा हुए थे। जिन्होने इतने महान कीर्तिमान स्थापित किए और वो भी इतनी विपरीत परिस्थियों में तो आज के युवा को अवसाद के बारे में तो सोचना भी नहीं चाहिए। युवाओं को गांधी दर्शन एवं गांधी के जीवन से प्रेरणा लेकर अपना लक्ष्य और कौशल को आत्मनिर्भरता से फलीभूत करना होगा। सफलता जीवन के लिये जरूरी है लेकिन उसमें सार्थकता भी होनी चाहिए।



गांधी जयंती पर राजस्थान यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में नव नियुक्त कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा शरीक हुईं।

मुख्य अतिथि एयर कमोडोर सत्येन्द्र शर्मा, उप महानिदेशक, एनसीसी निदेशालय, राजस्थान, जयपुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि गांधी का यह देश मूल्यों के लिए समूचे विश्व का नेतृत्व कर रहा है और पूरा विश्व आज भारत की ओर देख रहा है कि संघर्षों के समाधान का अन्तिम विकल्प गांधी दर्शन ही है जो आज के दौर में भी प्रभावी एवं प्रासंगिक है।गांधीजी के अहिंसा, सत्याग्रह, अपरिग्रह, सामाजिक न्याय आदि के द्वारा वर्तमान में विश्व कल्याण की भावना को बढावा दिया जा सकता है। गांधीजी ने प्रतिरोध, दृढता, क्षमाशीलता, सत्यनिष्ठा लक्ष्य के प्रति सम्पर्ण पर बल देते हुए सराहनीय कार्य करते हुए मानवता के उत्थान की भावना प्रतिपादन किया।

मुख्यवक्ता डॉ. सुषमा सिंघवी पूर्व अध्यक्ष, राजस्थान संस्कृत अकादमी, राजस्थान सरकार ने अपने उद्बोधन में कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक रूप से प्रत्येक व्यक्ति के लिए अनुकरणीय है।

गांधी अध्ययन केन्द्र के निदेशक डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि आज गांधी जयंती का उत्सव न केवल भारत में बल्कि सम्पूर्ण विश्व में अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। गांधी जी की प्रांसागिकता वर्तमान युवा पीढी के लिए निर्विवाद रूप से महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर जयपुर ग्रुप एनसीसी के ग्रुप कमाण्डर कर्नल वीरेन्द्र सिंह एवं राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलसचिव कालूराम (आर.एस.) चीफ वार्डन प्रो. ममता जैन एवं रूटा अध्यक्ष संजय कुमार आदि ने भी विचार रखें। संगीत विभाग के छात्रों द्वारा गांधीजी के प्रिय भजनों की स्वाराजंलि दी गयी। इस अवसर पर डॉ. नीलम सैन, डॉ. मुकेश वर्मा, डॉ. अनिल अनिकेत, डॉ. दीपक अवस्थी, डॉ. रविकेश, शोधार्थी रामप्रकाश मौजूद थे।



## World Meat Free Week

Even if you are an omnivore who eats meat on an everyday basis, this day is the perfect chance to take a break from your habits and try something new. You will probably not become a vegetarian after eating vegetarian for just one day, but that's hardly the point of this day–millions of people celebrating World Meat Free Week together could have an enormously positive impact on our Planet. Plus, you may well discover some interesting vegetarian dishes you had no idea existed before and incorporate them into your normal diet. Basically, it's a win-win situation!



#IMMUNOLOGY

## T Cell Enhances Immune System Memory

When humans or animals get infected, the body's immune system tries to not only clear the infection but also build up a memory of the pathogen that caused it. So, when the pathogen comes around again for possible reinfection, the body has an army of memory T cells that can recognize and destroy it. These T cells are a critical part of immunological memory, and an important component of efficient vaccines.





Manipulating one molecular signalling pathway in the T cells that participate in clearing influenza virus in the lungs can improve strength and longevity of immunological memory produced, researchers report.

When humans or animals get infected, the body's immune system tries to not only clear the infection but also build up a memory of the pathogen that caused it. So, when the pathogen comes around again for possible reinfection, the body has an army of memory T cells that can recognize and destroy it. These T cells are a critical part of immunological memory, and an important component of efficient vaccines.

Now, researchers are one step closer to making the T cell army stronger.

The new finding can potentially support the future development of more effective vaccines and therapeutics to combat influenza and other respiratory infections with the ultimate goal of increasing the body's immunological memory, which can both prevent and lessen the severity of infections and reinfections.

Emma Teixeiro and Mark A. Daniels, associate professors in the University of Missouri School of Medicine, led the NIH-funded study, which involved unique mouse models of influenza infection.

"Immunologists like myself have always wondered why T cells in the lungs after influenza infection disappear so quickly," Teixeiro says. "This research can help us solve that problem by increasing the amount of T cells that can fight against infection. In this study, we have identified novel ways to improve the generation and long-term maintenance of protective



immunity against influenza, and that is by manipulating a molecular target known as the IKK2/NFkBsignaling pathway."

Teixeiro adds that T cells can recognize parts of viruses that do not mutate, so if researchers can better understand how to strengthen the T cells and extend the timeframe when they can do their job appropriately, the body's immune system will ultimately be better suited to fight against infection and lessen the severity.

While the influenza virus was the focus of this particular study, gaining knowledge of the underlying molecular mechanisms and signaling pathways that regulate memory in tissues can be helpful to improve therapeutics for patients with cancer, autoimmunity, or other respiratory infections.

"By unveiling the biochemical and molecular secrets of these T cells, we can provide valuable information to other scientists who work on optimizing vaccine strategies," Teixeiro says. "The good news is there are already clinical treatments that do target this particular pathway we identified, so this study is a big step in the right direction, but we still have a long way to go."





Lavy Pinto wins gols for India.

# Pakistan And China Did Not Participate... PART:2

At various phases it was realized that without the active support of the government and the influential people the efforts would not be blessed with any success. Thus a strong organising committee was formed with President Rajendra Prasad as the Chief patron and Pandit Nehru and Vallabhbhai Patel as the patrons. Various committees were formed that had Gen. K M Cariappa, Sir Girija Shankar Bajpai, Nawab of Pataudi, Sr, Maharajkumar of Vizianagram " Vizzy" a number of ICS officers like R K menon, Shankar Prasad, Dr Tara Chand, Krishna Prasad, Usha Nath Sen and other dignitaries like Sir Biren Mukherjee, Sir Sobha Singh, Naval Tata, JRD Tata. Director de Mellow and organising secretary Sheri Dhawan were made a part of all the committees. Anthony de Mellow, a great sports organizer, who also served as the Board of Control for Cricket in India (BCCI) President was made the Director of the Asian Games Organising Committee.



Prakash Bhandari
*The writer is a senior journalist*








#HISTORY

As this was the first big international event India was staging the new government headed by Pandit Jawahar Lal Nehru was very concerned on the organizational aspect of it.

At the heart of the story of the Delhi Asiad was a desire for newly independent India to be noticed, the moment of arrival signified by an international event of Olympic proportions. Writing in 1959, Anthony de Mello, the Director of the organising committee, recounted the opening ceremony, "What was the greatest moment in Indian sport?

It is to be noted that nationalist India was invested in the idea of Asian unity and solidarity prior to its Independence – the Congress Working Committee in the 1920s proposed and later passed a resolution for the Asian Federation with India as its leader.

Anthony de Mellow knew the potential of Sheri Dhawan, who impressed de Mellow when a meeting called in the erstwhile Bombay to discuss the feasibility of organising the Asian games in Delhi. It was Sheri Dhawan, who assured the meeting that the first one lakh could be raised through NSCI.

Dhawan was a great sports lover by heart and was a sportsman in his youth in Lahore. He and his charming wife Parkash opened an office in a cramped building. While Sheri would do the organizational work, his wife would handle the office.

At various phases it was realized that without the active support of the government and the influential people the efforts would not be blessed with any success. Thus a strong organising committee was formed with President Rajendra Prasad as the Chief patron and Pandit Nehru and Vallabhbhai Patel as the patrons.

Various committees were formed that had Gen. K M Cariappa, Sir Girija Shankar Bajpai, Nawab of Pataudi, Sr, Maharajkumar of Vizianagram " Vizzy" a number of ICS officers like R K menon, Shankar Prasad, Dr Tara Chand, Krishna Prasad, Usha Nath Sen and other dignitaries like Sir Biren Mukherjee, Sir Sobha Singh, Naval Tata, JRD Tata. Director de Mellow and organising secretary Sheri Dhawan were made a part of all the committees. Anthony de Mellow, a great sports organizer, who also served as the Board of Control for Cricket in India (BCCI) President was made the Director of the Asian Games Organising Committee.

> Anthony de Mellow knew the potential of Sheri Dhawan, who impressed de Mellow when a meeting called in the erstwhile Bombay to discuss the feasibility of organising the Asian games in Delhi. It was Sheri Dhawan, who assured the meeting that the first one lakh could be raised through NSCI.

De Mellow writes in his memoirs, "It meant that in six months, I had to do a job which might normally span a period of four years." A meeting was called in Bombay to discuss the organizational aspects. There were no funds and nobody had any clue as to how to raise funds when SS Dhawan "Sheri" jumped on his feet and offered to raise Rs one lakh for the games, it was a big sum in those days. When Dhawan offered to raise the sum his brother Olympian M C Dhawan, who was the secretary of the Athletic Association of India and others were taken aback. But Sheri Dhawan's courageous offer put new hope into the sagging spirit of the organizing secretary.

De Mellow, then urged the executive committee of the National Sports Club of India, (NSCI) in Delhi to offer a loan of Rs one lakh to the IOA for staging the Asiad. The loan was granted and this was the only funds that the organizers had as there was no support from the government. NSCI also helped in building the swimming pool, stadium and also in importing equipments.



The main stadium and the venue of the opening ceremony, athletics, cycling and football was Irwin Amphitheatre, a multipurpose sport complex named after the Viceroy was rechristened National stadium and now it has been further rechristened as Dhyan Chand stadium.

"As the preparations were going ahead, the Union government began to realise the importance of the event. But the resource crunch was killing. Both de Mellow and Sheri Dhawan spent sleepless nights as the day of the inauguration was nearing. It was Sheri's idea to ask de Mellow to meet Pandit Nehru and ask for fundings from the government. Nehru, after much thought allowed Rs 10 lakh from the Prime Minister's Fund for the Asian Games. It was like hitting a jackpot then. Barring swimming and waterpolo all other events were organised in the National Stadium. The main office of the organising committee was also in the stadium precincts. The fund granted by Pandit Nehru helped in building the infrastructure. A month before the opening of the Games in March sixty percent of the job was done and when the Asian Games opened everything was complete. My father and mother would leave me to the care of my grandparents and would return only late in the evening and would start for work the next morning very early. Such was the dedication and commitment to make the Asian Games, a success." added Tutu Dhawan.

The technical aspect was supervised by Mehar Chand Dhawan, who was the sports teacher in Ajmer's Mayo College. He was assisted by his own team of trusted and dedicated officials.

Dhawan was an Olympian and had represented India in the 1932 Olympics in Los Angles and was also the secretary of the Athletics Federation of India and was a trained sports organizer from USA.

Pakistan was among the original founders of the Asian Games, declined to participate because of the Kashmir conflict and though China was invited, did not respond.

The Games featured six sports: athletics, aquatics—broken into diving, swimming, and water polo, disciplines— basketball, cycling—road cycling and track cycling—football and weightlifting "The record of the first Asian Games is, that Japan sent a 72-member strong team, the second largest after the host, and participated in all except aquatics events. Burma and India sent their contingents in all the events. Iran participated in all events, but did not send any female athletes. Ceylon, the Phillippines, Afghanistan, Nepal, Singapore and Thailand were the other participants.

The sports were broken down into 57 events. But due to various reasons, boxing and hockey did not make the final list for the Games. Except athletics, women did not participate in any other event.

In the Games, "Mr. Asia of 1951" was also contested as the non-medal event. The contingents were judged on the basis of their physical development, looks, and personality. "Parimal Roy of India won the event," said Tutu Dhawan.

The opening ceremony where Dr Rajendra Prasad was the Chief Guest saw some 40,000 spectators. A 31-gun salute was fired from the ramparts of the Purana Quila. Prime Minister Nehru presented his speech from which organisers of the Games adopted the official motto of the Games— "Play the game, in the spirit of the game". The Lighting of the Cauldron was done by the 1924 Olympian of India, Brig Dalip Singh with the help of Asian Games torch, which had been lit by the sun's rays in the Red Fort. Afterwards, Baldev Singh, a member of the Indian athletics squad, recited the athlete's oath on behalf of all competitors at the Games.

Athletics was the only sport in which all the eleven participated. The Games featured 24 medal events for men and 9 for women. Japanese women won all the 9 golds of their events and just lost four silvers to India and Singapore, two for each. In men's events, again Japan achieved highest number of golds with count of 11, but here Indian athletes finished just one medal behind to Japan with 10 golds. Toyoko Yoshino, a Japanese woman athlete, won all the golds in three throwing sports— shot putt, discus throw, and javelin throw. Lavy Pinto of India was the only man who achieved multiple gold medals, he finished at the top podium in men's 100 m and 200 m sprints running events.

> The opening ceremony where Dr Rajendra Prasad was the Chief Guest saw some 40,000 spectators. A 31-gun salute was fired from the ramparts of the Purana Quila. Prime Minister Nehru presented his speech from which organisers of the Games adopted the official motto of the Games- "Play the game, in the spirit of the game".

India won the football gold defeating Iran 1-0 in the final.

A total of 169 medals (57 gold, 57 silver, and 55 bronze) were awarded. The total number of bronze medals is less than the total number of gold or silver medals because bronze medals were not awarded in water polo and the team pursuit event of track cycling.

After the success of the Asian Games which received good attention in the Western media, Pandit Nehru sent a congratulatory message to Anthony de Mellow: "I wish to congratulate you on the success of the Asian Games. The arrangements made for them were extraordinarily good and everything went of remarkably well. You deserve full congratulations for this.

Humbly, but emboldened by Prime Minister Nehru's verdict on the success of the games de Mellow wrote back: "The magic is yours (Of Supreme Captain) and I did my humble bit to make that magic work and be seen by Asia "You have certainly made New Delhi the Capital of Asia. The young athletes of Asia have now all returned to their homes and countries. They were magnetized by your interest in them in their village, in their leisure, and in the stadium; and their guiding principle for the future will certainly be "to play the game in the spirit of the game" as was given to them by you.

Concluded.

*rajeshsharma1049@gmail.com*



#PSYCHOLOGY

# There are no pain-free options in life




If you find yourself chronically feeling bad, experiencing the same problems over and over, chances are high that you're stuck because you've been seeking the perfect solution. But you don't need a perfect solution; you need a powerful one.

Perfect solutions don't exist, because they're predicated on the total absence of pain's energy, which is scientifically impossible. Instead of trying to eradicate your pain, what you want to do is first clearly understand the pain you feel and then pick a more powerful pain — a pain that will ultimately make you stronger because you're able to hold more emotional energy.

Let's use an analogy that will make this clear. If you're trying to get physically stronger, you go to the gym and lift more weight. At first, 20 pounds may be the edge of what you can comfortably tolerate. But you decided your goal is to get stronger, and you know you must pick a more powerful weight. Let's say you work long enough that you're now able to lift 40 pounds. Clearly, you've gotten stronger.

But here's the thing: When you're able to lift 40 pounds, it's not that 20 pounds no longer exists. In fact, you will forever have to lift 20 pounds in order to lift 40 — 20 is inherently part of the 40. Twenty pounds didn't get easier; you got stronger.

To see how this relates to your emotional life, let's apply this logic of picking a more powerful pain with your partner.



Let's imagine your partner is upsetting you because you feel that you have to excessively take care of them — you do their laundry, cook their food, do all the grocery shopping, take care of the kids, pay all the bills, and even remind them about their own appointments. You feel more like a parent than a partner. You continue to do this work for them, all the while hoping they'll change. Maybe you've had multiple conversations with them about how their behaviour bothers you; maybe you've displayed your sadness to show them how their behaviour is hurting you; maybe you've even made snide remarks — all in the hope that they will change their behaviour to deliver you from your painful feelings. You may now decide it's time to choose a more powerful pain: You are no longer willing to do this much work on behalf of your partner because you feel like your own self-respect is waning. You know, though, that when you do this, you will have to face their threatening emotions. Chances are high that they will be mad at you. They also may be hurt, asking you why you don't care about them anymore. They might start to respond to you in passive-aggressive ways. Maybe your worst fear materializes and your new boundary leads to the end of the relationship. We realize this can sound devastating. But don't panic. It's clarifying — steadying, really — to realize that there is absolutely no scenario in which you magically avoid all pain. Now, ask yourself [this] question: Which pain do I choose? Do I choose the pain that comes from feeling disrespected, unappreciated, and parental? Or do I choose the pain that will likely come when I attempt to expand into a relationship with more self-respect, partnership, and intimacy?



These are not empty, moralistic questions — faux reflections where the choice is already self-evident. These questions are so powerful precisely because they orient you to the truth of your life, which is this: In a life where there is no pain-free option, which pain do I genuinely choose? This level of honesty is a total power move.

In the former caretaking scenario, you already know the precise pain your current situation offers simply because you've been living it for a while. It's totally okay to stay in this version of a relationship if this pain is genuinely acceptable to you. But if you desire to expand your edge — to meet the natural and stressful resistance that comes with change — you have the chance to build the relationship you've been dreaming about. This change, like any change, comes with the pain of the unknown.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# डिग्गी में संत की हुई निर्मम हत्या का एक महिने बाद भी नहीं हुआ खुलासा

## पदभार संभाल कर पुलिस उपाधीक्षक ने भूरिया आश्रम का जायजा लिया

**मालपुरा, (निसं)।** धर्म नगरी डिग्गी के भूरिया महादेव आश्रम में 93 वर्षिय संत सियाराम बाबा की 29 अगस्त की रात्रि को हुई निर्मम हत्या को 34 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस प्रशासन संत के हत्यारों का

- **29 अगस्त की रात्रि को हुई थी संत की निर्मम हत्या**
- **पुलिस के हाथ खाली, आश्रम में रखी हुई है संत की अस्थियां**

सुराग लगा गिरफ्तार करने में सफल नहीं होने से संत समाज व सनातन धर्म के लोगों मे गहरा आक्रोश बढता जा रहा है।

सोमवार को पुलिस उपाधिक्षक चक्रवर्ती सिंह राठौड़ ने कार्यभार संभालते ही संत सियाराम बाबा की हुई निर्मम हत्या की फाईल को हाथ में ले डिग्गी पहुंचकर भूरिया महादेव आश्रम व घटनास्थल सहित आसपास की 200 मिटर सीमा का बारीकी से मौका निरीक्षण कर जायजा लिया।

धार्मिक तीर्थस्थल पर 93 वर्षिय संत की रात के अंधेरे मे आश्रम पर निर्मम हत्या करने तथा संत समाज द्वारा हत्यारो की गिरफ्तारी होने के बाद ही संत समाज की परम्पराओं के अनुरूप संत की अस्थियो को गंगाजी मे विसर्जित करने व संत भंडारे का आयोजन करने की घौषणा के बाद अजमेर रैंज आईजी लता मनोज कुमार ने डिग्गी पहुंच घटना स्थल का जायजा ले एसपी राजर्षि राज वर्मा को मामले मे निष्पक्ष व त्वरित जांच एवं कार्यवाही के निर्देश देने के बावजूद 34 दिन बीत जाने के बावजूद भी पुलिस को हत्यारों का कोई सुराग नहीं लगना व हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होना पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवालियां निशान लगा रहा है।



पुलिस उपाधीक्षक चक्रवर्ती सिंह राठौड़ ने डिग्गी के भूरिया महादेव आश्रम का जायजा लिया।

# बाप पालिका क्षेत्र में सरकारी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण

## तहसीलदार ने पटवारी से रिपोर्ट मांगी

**बाप, ( निसं)।** विधानसभा चुनावों की सरगर्मियां भले ही शुरू नहीं हुई हो, लेकिन अतिक्रमण की बाढ़ सी आने लगी है। सरकारी भूमि पर धड़ल्ले से अतिक्रमण कर पक्के निर्माण करवाये जा रहे है। कानासर चौराहे पर हाइवे किनारे व कस्बे के अंदर जाने वाली सड़क पर केबिनें डालकर वहां कब्जा जमाने की होड़ मची हुई है। शिकायत मिलने पर सोमवार को बाप तहसीलदार ने दो जगह अवैध रूप से किये जा रहे निर्माण कार्य रूकवा उन्हे पाबंद किया है। साथ ही तहसीलदार ने हल्का पटवारी से अवैध कब्जे चिन्हित कर उनकी रिपोर्ट तीन दिन में देने को कहा है।

जानकारी के अनुसार बाप नगर पालिका क्षेत्र में सरकारी भूमि पर भू-माफिया बुलंद हौसलों के साथ अतिक्रमण कर रहे हैं। बाप नगर पालिका अध्यक्ष लीलादेवी पालीवाल द्वारा उपखंड प्रशासन को इस संबध में शिकायत की गई थी। जानकारी के अनुसार प्रशासन को तालाब की पाल की खुदाई कर वहां पक्का निर्माण करने, बिजली घर के पिछे तथा राजकीय महाविद्यालय के सामने हो रहे अतिक्रमण की शिकायत मिली थी।

- **तहसीलदार ने दो जगह अवैध रूप से किये जा रहे निर्माण कार्य को रूकवाया**

जिस पर प्रशासन सक्रिय हुआ तथा तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट शिव प्रसाद शर्मा, पटवारी अबदेश कुमार, पटवारी जितेंद्र मीणा तथा सहायक प्रशासनिक अधिकारी दिनेश पालीवाल व बाप पुलिस जाम्बा के साथ मौके पर पहुंचे।

तहसीलदार शर्मा ने बताया कि बाप कस्बे में तालाब की पाल खोद कर निर्माण कार्य करवाया जा रहा था, जिसे भी बंद करवाया तथा निर्माण नहीं करने के लिए हिदायत भी दी। डोलियो की ढाणी में सरकारी भूमि पर अवैध रूप से पक्का निर्माण कार्य करवाया जा रहा था, जिसे बंद करवाया। वहां मकान निर्माण में लगे मजदूरा को कार्य नहीं करने की हिदायत भी दी। उन्होंने बताया कि बाप हल्का पटवारी को भी पाबंद किया कि सरकारी भूमि पर अभी तक हुये अतिक्रमणों को चिन्हित कर उसकी तीन दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# निवेश के नाम पर नकदी हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भूखण्ड बेचने का झांसा देकर पीड़ित से नकदी हड़पने का मामला दर्ज किया है।

पीड़ित सुन्दर देवी पत्नी हीरालाल जाट निवासी कूरज राजसमन्द हाल झरनों की सराय ने आरोपी रतनलाल कुमावत पुत्र उदयलाल कुमावत निवासी धोली मगरी बेडवास के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि मेरे पति ठोकर पर पानी पतासा का थेला लगाते है। आरोपी से संपर्क होने पर उसने धोलीमगरी में एक भूखण्ड बेचने का प्रस्ताव रखा। इस पर 10 लाख 51 हजार में सौदा तय होने के बाद 2019 से आरोपी को टुकड़ों में 8 लाख 51 हजार रूपये का भुगतान कर दिया। गत दिनों रजिस्ट्री करवाने की बात कहने पर टालम टोल करना शुरू कर दिया। शंका होने पर पता चला कि आरोपी को कोई भूखण्ड नहीं है तथा अन्य व्यक्ति के भूखण्ड को अपना बना नकदी हड़प ली। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

# मौत पर मुआवजे की मांग पर रास्ता रोका, केस दर्ज

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के जूनी मंडी स्थित गंगश्यामजी के मंदिर में नंदोत्सव के समय हुए हादसे में घायल युवक की मौत के बाद परिजनों को मुआवजा राशि दिलाने की मांग को लेकर एमजीएच मोर्चरी के बाहर प्रदर्शन करने और रास्ता रोकने पर पुलिस ने भाजपा नेताओं, परिजनों, स्वर्णकार समाज के लोगों के खिलाफ पुलिस की तरफ से केस दर्ज किया गया है। सरदारपुरा थाने में इस बाबत केस दर्ज हुआ है।

सरदारपुरा थाने के एसआई दीपलाल के अनुसार 30 सितंबर की शाम से देर रात्रि तक भाजपा नेता अतुल भंसाली, राजेन्द्र सोनी, जनक सोनी, शिव कुमार सोनी के साथ दिलीप सोनी, नरेन्द्र सोनी, प्रेम नागौरी, दत्तु सोनी, शिवप्रकाश सोनी, निर्मल सोनी, किरपाराम सोनी, मोहन महामंत्री सोनी समाज, भोजराज सोनी अध्यक्ष समाज संगठन, जितेन्द्र उर्फ जीतू सोनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

जानकारी के अनुसार गत 8 सितंबर को भीतरी शहर के गंगश्याम जी मंदिर में रात में नंदोत्सव कार्यक्रम हादसे में एक युवक कैलाश सोनी गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी एमजीएच में 21 दिन बाद उपचार के बीच मौत हो गई थी। इस पर परिजन, समाज के लोगों सहित जनप्रतिनिधियों की तरफ से मुआवजा राशि और अन्य मांगों को लेकर 30 सितंबर को एमजीएच मोर्चरी के सामने सड़क पर जाम लगाकर रास्ता रोका गया था। जबकि राज्य सरकार की तरफ से हाल में एक विधेयक लागू किया गया था कि शव का सम्मान करना होगा। उसको लेकर कोई रास्ता रोकने या उपद्रव की मनाही थी, अन्यथा कड़े कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। मगर उक्त लोगों द्वारा शव का सम्मान नहीं किया गया और रास्ता रोककर प्रदर्शन करने के साथ जाम लगाया गया।

# वाटरवर्क्स की टंकी पर चढ़े मृतक बालिका के परिजन

**हनुमानगढ़, (निसं)।** संगरिया के गांव नगराना राजकीय प्राथमिक विद्यालय तथा आंगनबाड़ी केंद्र की डिग्गी में गिरने से चार वर्षीय बच्ची हरमन की हुई मौत के मामले में नाराज परिजन शाम छह बजे गांव के वाटरवर्क्स की टंकी पर चढ़ गए। वे लोग विद्यालय स्टाफ की लापरवाही को हादसे का कारण बता रहे हैं। उन्होंने यहां कार्यरत पांचों कर्मियों प्रधानाध्यापिका सहित दो अध्यापिकाओं व आंगनबाड़ी प्रतिनिधियों को निलम्बित करने सहित परिवार में एक सदस्य को सरकारी नियुक्ति तथा परिवार को मुआवजा दिलवाने की मांग उठाई है।

टंकी के ऊपर चढ ने वालों में मृत बच्ची हरमन के चाचा आदराम, सोनू, चुन्नीलाल, सुरेश, संदीप कुमार एवं पृथ्वीराज शामिल हैं। गांव में टंकी पर चढने की खबर फैलते ही भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर मौजूद विनोद पूनिया, रामसिह चहल, दलीप छिंपा, सुनील तिवाड़ी, रुपराम, फूसाराम

- **विद्यालय तथा आंगनबाड़ी केंद्र की डिग्गी में गिरने से बच्ची की मौत का मामला**

सहित अन्य लोगों ने छोटी सी बच्ची की मौत को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। शांति व कानून व्यवस्था के लिए एसआई लक्ष्मणसिंह, एएसआई वेदप्रकाश, कांस्टेबल रिंकू, रमेश, सुखवीर, मनदीप, कृष्णादेवी पहुंचे लेकिन कोई अधिकारी मौके पर समझाइश करने या बात सुनने के लिए नहीं पहुंचा। जबकि परिजन जिला कलेक्टर को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े हुए हैं। मौके पर ग्रामीण तथा बच्ची के परिजन मौजूद हैं। पंचायत समिति के पूर्व डायरेक्टर भागीरथ मेघवाल ने आरोप लगाया कि सीसीटीवी में बच्चे खुलेआम बरामदे में घूम रहे हैं। मौजूद विद्यालय स्टाफ ने उन पर कोई ध्यान नहीं दिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता 11 बजे ही चली गई। बच्चों की हाजिरी भी नहीं लगाई। आरोप लगाया कि तीनों शिक्षकों ने छुट्टी तक ले ली। प्रधानाध्यापिका प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही हैं, ऐसे में हाजिरी लगाकर चली जाती हैं। स्टाफ के कमरे से महज पांच फीट दूर डिग्गी है लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।

हरमन के पिता वार्ड पांच नगराना निवासी वीरपाल नायक ने आरोप लगाया कि उसकी बेटी हरमन (4) राजकीय प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी में पढने जाती थी। बेटा करण (6) इसी स्कूल में पढ़ता है। रोज की तरह स्कूल गई थी। जहां करीब 11 बजे आंगनबाड़ी में खेल रही थी। यहां बनी पानी की डिग्गी के अंदर गिरने से मौत हो गई। आरोप लगाया कि आंगनबाड़ी में बच्चों की कोई देखभाल नहीं है। डिग्गी पर ढ़क्कन के ताला नहीं लगा था। केंद्र बंद होने का समय लगभग एक बजे तक है लेकिन वहां के टीचर जब उनका मन करता है तब ताला लगाकर अपने घर चले जाते हैं। आंगनबाड़ी के अंदर ठंडे पानी के वाटरकूलर को कमरे के अंदर ताला लगाकर रखा हुआ है। जबकि बच्चों को पीने के लिए ठंडा पानी तक नहीं मिलता।

परिजनों के साथ प्रशासन की हुई वार्ता के बाद रात करीब नौ टंकी से परिजन नीचे उतर आए। लिखित में हुए समझौते के अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हीरा देवी को हटाते हुए विद्यालय के तीन शिक्षकों रतन दीप, नीलम, शिव सैन्या का पद स्थापन हनुमानगढ़ कर दिया गया। उन्हें 16 सीसीए का नोटिस देने, परिजनों के बयान के बाद फौजदारी मामला दर्ज कर दोषी कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई करने, चिरंजीवी बिमा योजना के तहत पांच लाख की सहायता दिलवाने सहित परिवार के एक सदस्य को आंगनबाड़ी में कार्यकर्ता के रूप में नियुक्ति दिलवाने पर सहमति बनी।

# नहर में नहाने गया बच्चा गिरा, दिल के पास घुसी कांच की बोतल

**बीकानेर, (कासं)।** खाजूवाला में नहर में बच्चों के साथ अठखेलियां करता बच्चा गिर पड़ा, जिससे उसके दिल के पास कांच की बोतल घुस गई। कांच की बोलत से घाव हो गया और उसकी एक आंत बाहर निकल गई। परिजन उसे खाजूवाला सीएचसी ले गए, जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद पीबीएम अस्पताल रैफर कर दिया। पीबीएम के चिकित्सकों ने देर रात को ही ऑपरेशन कर बच्चे की जान बचाई।

खाजूवाला से दो किलोमीटर दूर बीकानेर रोड पर जयसिंह का चार वर्षीय बेटा पुष्पेन्द्र सिंह दो-तीन बच्चों के साथ माइनर (नहर) में नहारे उतरा। नहर में अठखेलियां करते समय पुष्पेन्द्र गिर पड़ा। नहर में वह कांच की बोतल पर गिर पड़ा, जिससे उसके दिल के नीचे घाव हो गया और उसकी एक आंत बाहर निकल गई। परिजन उसे खाजूवाला सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर पीबीएम अस्पताल रैफर कर दिया।

परिजनों ने पीबीएम में समाजसेवी हरीकिशन सिंह राहपुरोहित से संपर्क किया। समाजसेवी ने बच्चे के लिए रक्त की व्यवस्था कराई। बच्चे को परिजन पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर लेकर पहुंचे। यहां सीएमओ डॉ.एलके कपिल ने बच्चे की कंडीशन देखकर सर्जरी के चिकित्सकों को कॉल कर बुलाया। देर रात को सर्जरी के डॉ. रामशरण व उनकी टीम ने बच्चे की आंत का ऑपरेशन किया। बाद में बच्चे को सुपर स्पेशियलिटी सेंटर में शिफ्ट किया गया। चिकित्सकों के मुताबिक बच्चे की हालत में सुधार है।

## वाहन चोर गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, पुलिस उप अधीक्षक चांदमल सिगारीया के निर्देश पर हाथीपोल थानाधिकारी लच्छीराम टेलर मय टीम ने तलाशी अभियान के दौरान दुपहिया वाहन चोरी मामले में शातिर आरोपी प्रेमा उर्फ प्रेमचंद पुत्र रामा बडगोटा निवासी शिवपुरा झाड़ोल को स्वरूपसागर रोड से चोरी की बाइक व तलवार सहित गिरफ्तार किया। पूछताछ में प्रेमा ने प्रतापनगर, सविना पुलिस थानाक्षैत्र में दो बाइक चोरी करने की वारदात करना स्वीकार किया है।

# तस्कर को 12 और सप्लायर को दस साल की जेल

## आरोपी के पास से 600 नशीले कैप्सूल बरामद किए थे

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिले के रावतसर में अपर जिला एवं सत्र जज राजेंद्र चौधरी ने नशीले कैप्सूल रखने के प्रकरण में आरोपी तस्कर लेखराम को 12 वर्ष के कठोर कारावास और 2 लाख रुपए जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही सप्लायर परमजीत को 10 वर्ष कठोर कारावास और 1 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुम्रना जमा नहीं कराने पर आरोपियों को तीन-तीन महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतने का आदेश दिया है।

प्रकरण के अनुसार स्थानीय पुलिस थाना के एसआई रामकरण ने 1 सितंबर 2020 शाम के पौने पांच बजे खोडा मार्ग पर गश्त के दौरान 24 डीडब्लूडी पुलिया के पास एक व्यक्ति को सफेद रंग का थेला उठाए देखा जो पुलिस को देख कर खेतों में छिपने का प्रयास कर रहा था। शक होने पर उसे काबू कर देखा तो उसके पास रखें सफेद रंग के थैले में 600 नशीले कैप्सूल पारवोरिन स्पास बरामद हुए, जिनके परिवहन अथवा रखने बाबत आरोपी के पास कोई वैद्य अनुज्ञा पत्र या परमिट नहीं था। पूछताछ में उसने नशीले कैप्सूल आरोपी परमजीत से लेना बताया। तब पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अनुसंधान के पश्चात न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। अभियोजन पक्ष की

- **जुर्माना नहीं चुकाने पर भुगतनी होगी अतिरिक्त सजा**

तरफ से कोर्ट में 12 गवाहों को परीक्षित करवाया गया और 41 दस्तावेज प्रदर्शित करवाए गए। पुलिस द्वारा बरामद कैप्सूल के जब्ती प्रपत्र पर अंकित विवरण व एफएसएल रिपोर्ट में दर्ज विवरण समान मिले। दोनों पक्षों को सुनने के बाद एडीजे राजेंद्र चौधरी ने बचाव पक्ष की दलीलों को अस्वीकार करते हुए दोनों आरोपितों को दोषसिद्ध करार देते हुए कठोर कारावास एवं जुर्माना की सजा सुनाई। राज्य सरकार की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक महेन्द्र जैन ने की।

एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों में अधिकांशतः सप्लायर के विरुद्ध आरोप प्रमाणित नहीं होते परंतु इस मामले में अनुसंधान अधिकारी द्वारा कोर्ट में प्रस्तुत आरोपितों की कॉल डिटेल से सामने आया कि 2 दिन पूर्व से बरामदगी तक आरोपियों के बीच लगातार फोन पर बातें हुई है। एडीजे राजेंद्र चौधरी ने अपने निर्णय में लिखा कि आरोपियों के मध्य लगातार मोबाइल फोन से सम्पर्क रहा है। साथ ही बचाव पक्ष ने यह साबित नहीं किया कि बातों की विषय वस्तु भिन्न थी। कोर्ट ने बचाव पक्ष की दलील कि सिम अन्य व्यक्ति के नाम की है, को भी खारिज करते हुए लिखा कि सामान्यतः आपराधिक प्रवृत्ति के लोग किसी दूसरे के नाम से सिम लेते हैं।

## छात्रा को कार में डालकर ले जाने का प्रयास

**रावतसर, (निसं)।** छात्रा से छेड़छाड़ व उसको जबरन कार में डालकर ले जाने के प्रयास के आरोप में स्थानीय थाने में एक नामजद सहित दो जनों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया। पुलिस के अनुसार परिवादी ने रिपोर्ट दी कि वह सुबह अपनी नाबालिग पुत्री को विद्यालय छोडने आया तो कार में सवार होकर दो युवक आए तथा पुत्री को अश्लील इशारे करने लगे। उनमें से एक युवक का नाम अल्ताफ है। दोनों को रोका तो वे मारपीट करने पर उतारू हो गए। पुत्री को जबरदस्ती कार में डालने की कोशिश की। शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने तथा पुत्री को अगवा करने की धमकी देकर फरार हो गए।

# गोगामेड़ी के खेत में मिले दो कंकाल, पुलिस जांच में जुटी

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिले की भादरा क्षेत्र के गांव गोगामेड़ी की रोही में स्थित एक खेत में दो कंकाल मिलने की घटना सामने आई है। इस घटना को लेकर सायं समय सूचना मिलने पर गोगामेड़ी पुलिस जांच में लगी है।

इस घटना को लेकर ग्राम न्यांगल निवासी भरतसिंह पुत्र हरदयाल ने गोगामेडी थाना में मर्ग दर्ज कराई है कि गोगामेड़ी के चक 5 जीजीएम में उसकी कृषि भूमि में ग्वार की फसल बोई हुई थी। वह एक माह पहले फसल पर कीटनाशक छिड़काव करके गया था।

- **दोनों शवों को कुत्तों ने नोच खाया था**
- **घटना स्थल पर छोटी बोतल व डिस्पोजल गिलास मिला**

अब खेत में लौटा तो वहां पर दो अज्ञात शवों के कंकाल बिखरे पड़े थे। इस मामले के दर्ज होने के बाद पुलिस उप अधीक्षक सुभाषचंद्र गोदारा, गोगामेडी थाना अधिकारी राधेश्याम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है। कंकालों की पहचान के प्रयास पुलिस टीम ने शुरू कर दिए हैं।

घटना स्थल पर एक छोटी बोतल व डिस्पोजल गिलास मिला है। मृतकों के शवों को कुत्तों ने नोच खाया लगता है। मौके पर कंकाल बचे हैं। कंकालों के पास नाम मात्र का एक पीले रंग का कपड़े का टुकड़ा मिला है। गोगामेड़ी मेले के चलते इस खेत से उठी बदबू को किसी ने महसूस नहीं किया होगा। मृतकों के उत्तर प्रदेश के होने व आत्महत्या करने का अनुमान लगाया जा रहा है। पुलिस जांच में जुटी है।

## वनकर्मी के साथ मारपीट कर नकदी लूटी

**उदयपुर, (कासं)।** पुरोहित तालाब पर तैनात वनकर्मी के साथ मारपीट कर नकदी लूट ले जाने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसार पीड़ित किशन पुत्र भानु कुमार निवासी बोरो का गुडा अंबेरी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 1 अक्टूबर को पुरोहित तालाब पर घुमने आए बदमाशों ने गाडी हटाने की बात को लेकर कहासुनी होने पर मेरे साथ मारपीट की तथा नाके में आकर गल्ले से 11 हजार 600 रूपये नकदी लूट लेगए। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

## अवैध शराब जब्त

**उदयपुर, (कासं)।** जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रियंका रघुवंशी, पुलिस उप अधीक्षक रामेश्वरलाल के निर्देश पारनवा थानाधिकारी उमेशचन्द्र के नेतृत्व में गठित दल ने अम्बासा में नाकाबंदी के दौरान ककुआराम पुत्र लालु डामोर निवासी छाली बोकड़ा पानरवा को रोककर तलाशी ली तो उसकी बाइक पर बोरे में 90 लीटर देशी महुआ शराब पाई गई। पूछताछ में संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर शराब व बाइक जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। इसी दौरान पुलिस दल ने गुराड नदी पुलिया पर उत्पात मचाते पुनाराम पुत्र फुलाराम निवासी सुलाव माण्डवा व मीठालाल पुत्र फताजी निवासी सुलाव को शांति भंग में गिरफ्तार किया।

# रेलवे ने से नया टाईम टेबल जारी किया

## कोटा मंडल से प्रारंभ एवं टर्मिनेट होने वाली ट्रेनों के समय में आंशिक बदलाव

**कोटा, (निसं)।** रेलवे ने एक अक्टूबर से प्रभावशील नई समय-सारणी जारी कर दी है। इसी के अन्तर्गत रेल परिचालन को सुचारू रूप से संचालित करने एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कोटा रेल मंडल से प्रारंभ एवं टर्मिनेट होने वाली गाड़ियों के आगमन/प्रस्थान समय सारिणी में परिवर्तन किया गया है। नई रेलवे समय सारणी के अनुसार कोटा मंडल के ओरजिनेटिंग/डेस्टिनेशन पॉइंट पर कई रेलगाड़ियों की समय सारिणी में परिवर्तन किया गया है। यात्रियों से अनुरोध किया कि यात्रा प्रारम्भ करने से पूर्व रेलवे पूछताछ एवं एनटीईएस/139 से जानकारी प्राप्त करके ही अपनी यात्रा प्रारम्भ करें।

**समय में बदलाव ट्रेनों का विवरण :-** रेलगाड़ियों के प्रस्थान समय में बदलाव-19811 कोटा-इटावा एक्सप्रेस ट्रेन-(पूर्व समय रात्रि 23.50 बजे) अब परवर्तित समय मध्य रात्रि 00.10 बजे रवाना होगी। 19807 कोटा-हिसार एक्सप्रेस ट्रेन-(पूर्व समय रात्रि 23.50 बजे) अब परवर्तित समय रात्रि 23.45 बजे प्रस्थान करेगी। 19813 कोटा-हिसार एक्सप्रेस ट्रेन-(पूर्व समय रात्रि 23.50 बजे) अब परवर्तित समय रात्रि 23.45 बजे रवाना होगी। 19104 कोटा-रतलाम एक्सप्रेस ट्रेन-(पूर्व समय दोपहर 13.40 बजे) अब परवर्तित समय दोपहर 13.30 बजे रवाना होगी।

रेलगाड़ियों के टर्मिनेट समय में बदलाव-20452 नई दिल्ली-सोगरिया एक्सप्रेस ट्रेन-पूर्व समय दोपहर 13.25 बजे और अब परवर्तित समय दोपहर 13.30 बजे। 19819 वडोदरा-कोटा एक्सप्रेस ट्रेन -पूर्व समय रात्रि 21.35 बजे और अब परवर्तित समय रात्रि 21.30 बजे। 19110 मथुरा-कोटा मेमू एक्सप्रेस ट्रेन-पूर्व समय 13.30 बजे और अब परवर्तित समय 13.20 बजे है।

# 'महिला आरक्षण पर केन्द्र ने जनता को गुमराह किया'

## अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैफ अली नकवी अजमेर आये

**अजमेर, (कासं)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैफ अली नकवी ने कहा कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव एवं राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में महिला आरक्षण बिल राजनीतिक एजेंडा के रूप में इस्तेमाल कर रही है। राष्ट्रीय प्रवक्ता सैफ अली नकवी आज अजमेर प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को महिला आरक्षण बिल देश में अविलंब लागू करना चाहिए। जनगणना और परिसीमन के बहाने वह बिल को टालना चाहती है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की कथनी और करनी में फर्क है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं कर राजस्थान की जनता के साथ सौतेला व्यवहार किया है और राजस्थान के सभी 25 सांसद मूकदर्शक बने हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी का चाल चरित्र और चेहरा आम जनता के सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण राजस्थान देश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में मॉडल के रूप में उभरा है। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि राजस्थान की कल्याणकारी योजनाओं के कारण राजस्थान में कांग्रेस की सरकार रिपीट होगी और हम दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा फ्लॉप शो साबित हुआ है। परिवर्तन यात्रा में भाजपा को आम समर्थन नहीं मिल रहा था केवल भाजपा के कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि कांग्रेस सरकार के विरोध में भ्रामक प्रचार प्रचार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश एवं प्रदेश की जनता अब जागरुक हो गई है और आने वाले चुनाव में भाजपा को मुंह तोड़ जवाब देगी।

उन्होंने कहा कि महंगाई राहत शिविर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की 10 जन कल्याणकारी योजनाओं से आम जन को जागरूक किया जा रहा है। शिविर में गरीब वर्ग को महंगाई से राहत मिली है। इससे भारतीय जनता पार्टी हैरान और परेशान है और बौखलाहट में अनर्गल बयानबाजी कर रही है। राष्ट्रीय प्रवक्ता नकवी ने कहा कि हम जो कहते हैं वह करते हैं जबकि भाजपा केवल जुमलेबाजी कर आमजन को गुमराह कर रही है।

उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में कांग्रेस को भारी बहुमत मिलेगा और मुख्यमंत्री का चयन विधायक दल की बैठक में किया जाएगा। प्रदेश में बढ़ती कांग्रेस की गुटबाजी पर उन्होंने कहा कि हर परिवार में छोटे-मोटे मतभेद होते रहते हैं लेकिन हम सब पांचों उंगलियां बनकर एक मुट्ठी में बंधे हुए हैं जबकि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी में अंतर्कलह चरम सीमा पर है। राजस्थान में मुख्यमंत्री के कई चेहरे घूम रहे हैं और आए दिन सिर फुटोव्वल हो रही है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता प्रियदर्शी भटनागर ने आरोप लगाया कि अजमेर जिले में सांसद, दोनों विधायक और नगर निगम अजमेर में भाजपा का बोर्ड है उसके बावजूद अजमेर में केंद्रीय योजनाओं का समुचित लाभ अजमेर की जनता को नहीं मिल रहा है जो कि निंदनीय है जबकि भारतीय जनता पार्टी राजस्थान में विगत 4 साल से अधिक समय से कांग्रेस के अभूतपूर्व सफल कार्यकाल से बौखलाहट में है। भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्राओं में खाली कुर्सियों से साफ जाहिर होता है कि भारतीय जनता पार्टी जनता के हाशिए पर आ गई है और राजस्थान में दोबारा कांग्रेस की सरकार रिपीट होगी।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एव पूर्व विधायक डॉ राजकुमार जयपाल, पीसीसी सदस्य महेंद्र सिंह रलावता, हेमंत भाटी, सुनील लारा अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान महासचिव शिवकुमार बंसल उपस्थित थे।

राष्ट्रीय प्रवक्ता नकवी के अजमेर पहुंचने पर कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने माला एवं साफा बनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन जिला मदरसा बोर्ड के सदर आरिफ हुसैन नरेश सत्यवाना, मोहित मल्होत्रा अरशद इंसाफ, सोना धनवानी, मनीष सेन, डॉ मंसूर अली, आलोक गुप्ता, कशिश बायला, रोशन प्रकाश, जुनैद पठान, चतुर्भुज शर्मा, जाहिद खान, मजहिर चिश्ती, ललित सत्यवाना, राजेश ईनानी, गजेंद्र रलावता अतुल अग्रवाल, सुमित्रा पाठक, जगत चौधरी, श्रवण टोनी, अशोक मटाई, जितेंद्र खेतावत अजय टेगौर सहित कई जने उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### विकास कार्यों का लोकार्पण 4 को

**पावटा।** कृषि विपणन राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा के मुय आतिथ्य व विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर की अध्यक्षता मे 4 अक्टूबर बुधवार को मंडी परिसर मैड चौराहा पर कृषि उपज मंडी मैड चौराहा, 4 करोड 4० लाख की लागत से बनने वाले राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैड, 4 करोड 4० लाख की लागत से बनने वाले कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय छात्रावास, 41 लाख की लागत से बनने वाले राजकीय उप स्वास्थ्य केंद्र जोधुला व सूरपुरा का लोकार्पण व 12 लाख की लागत से बने ग्राम सेवा सहकारी समिति जोधुला के नव निर्मित भवन का उद्घाटन व 99 लाख की लागत से 2.1 किमी. लंबी मिलता राम की ढाणी से नागा जी की डूंगरी तक सडक निर्माण कार्य मैड, 1 करोड 5 लाख की लागत से 3 किमी. लंबी मैड से जाटो की ढाणी व धानको की ढाणी होते हुए तेवडी तक सडक निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। कार्यत्र्क्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासन, विभागीय अधिकारी, क्षेत्रवासी व ग्रामीण जन मौजूद रहेंगे।

### जागरण का होगा आयोजन

**श्रीमाधोपुर।** निकटवर्ती गांव हांसपुर में निर्बल और असहाय गायों की मददगार साबित होने वाली श्रीराम गऊ नंदीशाला के तत्वावधान में 10 अक्टूबर मंगलवार रात्रि को दुसरे विशाल जागरण का आयोजन होगा। सर्दी को देखते हुए इस बार अक्टूबर में करवाने का निर्णय सर्व सम्मति से लिया । इसी को लेकर रविवार शाम को श्रीराम गऊ नंदीशाला प्रांगण में एक बैठक हुई । प्रबंधक बनवारी लाल मीणा ने बताया कि बैठक एडवोकेट हंसराज सैनी, की अध्यक्षता में हुई। सुबोध शर्मा, मोती लाल सैनी, जगदीश प्रसाद कुमावत, रघुनाथ रैगर, बाबू लाल कटारिया, प्रधान सैनी, कमल शर्मा, गजानंद सैनी, मांगीलाल जांगिड़, विजयपाल जाट, अध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, पृथ्वीसिंह शेखावत, गिरधारी लाल यादव, अशोक शर्मा, अशोक मीणा, मदनलाल शर्मा, विकास सैनी, मुक्ति लाल सैनी, अशोक चौधरी, किरोड़ीमल सैनी, विकास कुमार , मोतीराम, चरणसिंह शेखावत आदि ने भाग लिया।

# भाजपा एस.सी. मोर्चा सम्मेलन में उमड़ी भारी भीड़



विराटनगर के गांव बडनगर के अंबेडकर नगर में भाजपा एस.सी. मोर्चा समेलन का आयोजन किया।

**विराटनगर।** विधानसभा क्षेत्र के राजस्व गांव बडनगर के अंबेडकर नगर में आगामी चुनावों को लेकर भाजपा एससी मोर्चा समेलन जमू कश्मीर सांसद जुगल किशोर शर्मा के मुख्य आतिथ्य व भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष एडवोकेट भगवान सहाय बेनीवाल की अध्यक्षता एवं पूर्व विधायक डॉ. फूलचंद भिण्डा व विधानसभा विस्तार राजकुमार बैरवा के विशिष्ट आतिथ्य मे आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री सुबेसिंह मोरोडिया रहे। कार्यक्रम के संयोजक एससी मोर्चा जिला महामंत्री बद्री प्रसाद चौहान व जिला पार्षद तेजपाल धनवाडिया ने बताया कि अनूसूचित जनजाति कार्यकर्ता समेलन मे विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से कार्यकर्ताओ व समाजजनो की भीड उमड पडी। इस मौके पर मुय अतिथि जमू कश्मीर सांसद जुगल किशोर शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में हर वर्ग का उत्थान हो रहा है। भाजपा सरकार में ही हर वर्ग का विकास हुआ है। भाजपा गरीब, असहाय वर्ग को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। कांग्रेस ने संविधान निर्माता बाबा साहब को भी कभी आगे नहीं आने दिया और ना ही कभी एससी वर्ग का भला किया। आज मोदी सरकार बाबा साहब से जुडे हुए जीवन के पहलुओं के नाम पर विकास करवा रही है। मुय वक्ता भाजपा एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री सुबेसिंह मोरोडिया व एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष एडवोकेट भगवान सहाय बेनीवाल ने कहा कि कांग्रेस ने आज तक किसी वर्ग को आरक्षण नहीं दिया। कांग्रेस सरकार में हमेशा दलितों के साथ अत्याचार अन्याय हुआ है। कांग्रेस ने दलितों को केवल वोट बैंक समझा है। उनके विकास के लिए कोई काम नहीं किया।

■ **मोदी सरकार के नेतृत्व में हर वर्ग का हो रहा है उत्थान : जुगल किशोर शर्मा**

## विश्व शांति रैली सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित

**राजगढ़।** कस्बे में राष्ट्रिपता महात्मा गांधी लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विश्व शांति रैली सहित शैक्षिणक एवं सामाजिक संस्थाओं ने उत्साह एवं उल्लास के साथ बापू को याद किया।

इस अवसर पर उनकी ओर से किए गए कार्य एवं उनके व्यक्तित्व पर विस्तार से वक्ताओं ने प्रकाश डाला । लायंस क्लब की ओर से पंडित भवानी सहाय शर्मा स्मारक से नंदलाल बैरवा के संयोजन एवं खेम सिंह आर्य अध्यक्ष की मौजूदगी में विश्व शांति रैली निकाली गई। इस रैली को नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र चेयरवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

स्कूली छात्र-छात्राओं ने विश्व शांति को लेकर रैली में महात्मा गांधी के जीवन चरित्र से जुड़े स्लोगन के माध्यम से कार्यक्रम को ऊंचाइयां प्रदान की। इस अवसर पर रूपनारायण शर्मा, वीरेंद्र दाधीच मदनलाल शर्मा, अशोक कुमार, भूपेंद्र शर्मा, अजय यादव, सुरेश सेन,एन एल वर्मा एवं क्लब के अन्य सदस्य मौजूद रहे। नगर पालिका प्रशासन की ओर से कस्बे के गांधी पार्क में महात्मा गांधी जयंती का पर्व उत्साह एवं उल्लास से मनाया। नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र चेयरवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक जोहरी लाल मीणा एवं अन्य अतिथियों का माल्यार्पण वह साफा बांध स्वागत किया।

## सार-समाचार

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन



**श्रीमाधोपुर ।** राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ( श्रीमाधोपुर ) का उद्घाटन श्रीमाधोपुर विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को एक भव्य समारोह में किया। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीमाधोपुर डॉक्टर राजेश सिंह मंगावा नै बताया कि इस स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण पर 5 करोड़ 15 लाख रुपए खर्च हुये है। यह राशि भी विधायक शेखावत के प्रयासों से ही स्वीकृत हुई थी। इस अस्पताल के लिए श्री शेखावत ने विधायक कोटे से 82 लाख रुपए के उपकरण भी उपलब्ध करवाए है। अस्पताल को चालू हो जाने से श्रीमाधोपुर के सरकारी अस्पताल में भी मरीज का दबाव कम होगा। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस का कमेटी के पूर्व सचिव बालेंदु सिंह शेखावत ,मऊ के पूर्व सरपंच रामू सिंह शेखावत, अखिल राजस्थान संस्कृत शिक्षा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी मऊ, ठेकेदार भूदर मल कुमावत,पप्पू सिंह ठेकेदार व अन्य जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीण तथा राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ के प्रभारी डॉक्टर अभिषेक यादव व समस्त स्टाफ उपस्थित था।

### पशुपालन मंत्री का जताया आभार

**कोटपूतली।** राज्य सरकार के पशुपालन विभाग ने राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के बैनर तले की जा रही 11 सूत्रीय मांगों को मान लिये जाने पर संघ के सदस्यों द्वारा सोमवार को कस्बा स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय में मिठाईयों का वितरण कर हर्ष व्यक्त किया गया। साथ ही संघ के सदस्यों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पशुपालन मंत्री लालचन्द कटारिया का आभार भी व्यक्त किया। सरकार ने संघ द्वारा पदनाम परिवर्तन की मांग को मानते हुए पशुधन सहायक के पद को पशुधन निरीक्षक, पशु चिकित्सा सहायक को पशुधन प्रसार अधिकारी व सहायक सूचना अधिकारी को वरिष्ठ पशुधन प्रसार अधिकारी घोषित किया है। जिस पर संघ के सदस्यों ने राज्य सरकार का आभार जताया। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहिताश्व सैनी, नोडल अध्यक्ष सरदार सिंह यादव, ओमप्रकाश यादव, रामस्वरूप यादव, हरिनारायण शर्मा, शेरसिंह यादव, प्रकाश चंद कसाना, हेमराज, मोतीलाल सोनी, सीताराम यादव, राकेश कुमार, हंसराज गुर्जर व नवीन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### भाजपा की सदस्यता ली

**पावटा।** भ्रष्टाचार व जातीवाद से परेशान होकर भाजपा की रीति-नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस इकाई अध्यक्ष सूबेदार रोशन कैरोडी भाजपा में शामिल हुए। जिनका इस दौरान पावटा प्रधान कार्यालय पर प्रधान प्रतिनिधि व भाजपा नेता जगन चौधरी व उपप्रधान राजेंद्र टीटू सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर, रामसिंह, इंदर सिंह, अजीत सिंह गुरुजी, धर्म सिंह ने पार्टी का दुपट्टा पहनाकर कांग्रेस इकाई अध्यक्ष सूबेदार रोशन कैरोडी का भाजपा मे स्वागत किया।

## 'गरीब बेटी का विवाह सामूहिक सम्मेलन में होना गर्व की बात'

**लालसोट ।** चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने सैनी समाज द्वारा आयोजित किए जाने वाले अष्टम सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यालय व ग्राम ईकाई शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा समिति एवं सैनी माली समाज द्वारा उठाया गया यह कदम बड़ा सराहनी है एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से गरीब की बेटी का विवाह हम सबके लिए गर्व की बात है।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि सैनी समाज द्वारा पूर्व में भी मंडावरी लालसोट रामगढ़ पचवारा क्षेत्र में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित कर मिशाल कायम की है। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन से एक समाज में बड़ा मैसेज जाता है कि एक गरीब की बेटी को भी सम्मानपूर्वक पूरे समाज के सहयोग से खुद के घर से विदा होकर दूसरे घर जाने का मौका मिलता है। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि संक्रमण काल के बाद फिर से सैनी समाज द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है ऐसे में बीच के समय में जो आयोजन नहीं हुआ था उसकी ताकत को लेते हुए दिखने दम के साथ सामूहिक विवाह सम्मेलन को और भी बेहतर तरीके से संपादित किया जाए ताकि सैनी समाज द्वारा कराए जा रहे इस विवाह सम्मेलन की चर्चा दूर दूर तक हो। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि समाज द्वारा किए जा रहे सरोकार के कार्यों को देखते हुए पहले एक बीघा जमीन समाज को अलाट की गई थी लेकिन बाद में कम पड़ने पर माग करने पर जरूरत देखते हुए दोबारा कैबिनेट में ले जाकर दो बीघा जमीन डीएलसी दर के दस प्रतिशत पर समाज को आवंटित कराई गई।

# फतेहपुरा कलां में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण

■ **35 लाख रूपयों की लागत से 700 मीटर लम्बी नवनिर्मित सी.सी. सड़क का उद्घाटन किया**

**कोटपूतली।** क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव सोमवार को ग्राम पंचायत फतेहपुरा कलां के दौरे पर रहे। इस दौरान यादव ने विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण व उद्घाटन किया।

उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय के राजस्थान सरकार की फ्लैगशिप योजना के तहत महात्मा गाँधी योजनार्न्तगत अंग्रेजी माध्यम में क्रमोन्नत होने पर उद्घाटन किया। वहीं ग्राम पंचायत में उपस्वास्थ्य केन्द्र का भी शिलान्यास किया। यादव ने विधायक कोष द्वारा क्रमशः 35 लाख रूपयों की लागत से 700 मीटर लम्बी नवनिर्मित सी.सी. सडक व नवनिर्मित 100 मीटर लम्बी सडक का भी उद्घाटन किया। यादव का ग्रामीणों ने फतेहपुरा कलां पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए यादव ने कहा कि विकास एक निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है, अपने कार्यकाल में उन्होंने बिना किसी भेदभाव के सामूहिक विकास की भावना के साथ कार्य किया है। यादव ने कहा कि वे जनता का भरोसा किसी भी सुरत में नहीं टुटने देगें। इस मौके पर जांगिड़ समाज द्वारा भी उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद यादव, महिपाल यादव, रामावतार यादव, गिरधारी लाल गुरूजी, रामनिवास गिरदावर, रामनिवास तहसीलदार, हरिराम पहलवान, बंशीधर यादव, लालचंद मास्टर, सरपंच सचिन यादव, हनुमान हवलदार, सरपंच सुभाष मीणा, शेरसिंह कम्पाउन्डर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी, शेरसिंह नेता, संदीप यादव, जगदीश चौधरी, अजय जांगिड़, मोहन जांगिड़, विक्रम सिंह लीडर, अजय यादव, सुरेश यादव, रामसिंह सेठ, छाजुराम यादव, मुकेश यादव, दिनेश जांगिड़ समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## पैदल मार्च निकाला

**मालपुरा** (निस) राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंति पर सोमवार को मालपुरा मे पैदल मार्च निकाल गांधी पार्क मे सर्व धर्म प्रार्थना सभा का किया गया आयोजन। व्यास सर्किल से शुरू हुई पैदल मार्च शहर के मुख्य मार्गो से सदभावना का संदेश देते हुए गांधी पार्क पहुंची। जहां सर्वधर्म सभा का आयोजन हुआ। महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष शहरवासियो ने सर्व धर्म प्रार्थना सभा कर रामनाम संकीर्तन करते हुए गांधी जी पुष्पांजली अर्पित की। गांधी दर्शन समिति के कैलाश सोनी, प्रहलाद शर्मा, गोपीलाल बैरवा, डॉ. राजकुमार वर्मा, जयनारायण जाट, गिरधर सिंह, दिनेश विजय,पूर्व डीआर किशनलाल फगोडिया, ब्लॉक अध्यक्ष गोगाराम जाट, शहर अध्यक्ष इस्हाक नकवी सहित बडी संख्या मे मौजूद शहरवासियो ने पुष्पांजली अर्पित कर प्रार्थना सभा में शामिल हुऐ।

## मंदिर में लाउडस्पीकर सेट लगाया

**श्रीमाधोपुर।** हिंदू स्वाभिमान द्वारा ग्राम रतनपुरा में ग्रामीण वासियों के आर्थिक सहयोग से गांव में स्थित तेजाजी महाराज के मंदिर में कंप्लीट लाउडस्पीकर सेट लगाया गया।

# रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता पुरुस्कृत

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के महात्मा गाँधी पीजी कॉलेज में राष्ट्रिपता महात्मा गाँधी एवं लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती हर्षोल्लास से मनायी गयी।

महाविद्यालय प्रवक्ता राकेश शर्मा ने बताया की निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र सैनी, उप प्राचार्य विजेन्द्र पूनिया, सीटीओ सुरेश सामोता ने राष्ट्रिपता एवं शास्त्री जी के आवक्ष चित्र पर पुष्पहार अर्पित कर श्रद्वासुमन अर्पित किये। एनसीसी, स्काउट एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय प्रांगण से लेकर श्रीमाधोपुर मुख्य बाजार में प्रभारी मांगीलाल कुमावत, रामसिंह जाट, मुकेश कुमार, महेंद्र यादव के सानिध्य में सद्भावना रैली का आयोजन किया गया। निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र सैनी ने हरी झंडी दिखाकर सद्भावना रैली को श्रीमाधोपुर शहर के लिए रवाना किया। सद्भावना रैली महाविद्यालय से प्रारम्भ होकर, उपखण्ड कार्यालय, चौपड़ बाजार, अस्पताल रोड, जीण माता चौराहा, रेल्वे स्टेशन, बावड़ी आश्रम होते हुए कॉलेज पहुंची। रैली में गांधीजी की जीवंत झांकी सजाई गई।द्वितीय सत्र में सुशीला देवी व अभिषेक कुमावत के सानिध्य में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न ग्रुपों ने भाग लिया। रंगोली में शिवाजी ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमे सपना सेन, रुखसार, प्रियंका, अक्षिता, वर्षा ने रंगोली सजाई। द्वितीय स्थान राणा सांगा ग्रुप में प्राप्त किया। जिसमे नीरु, स्नेहा, पलक, एकता, पूनम सैनी ने रंगोली सजाई। तृतीय स्थान राजगुरु ग्रुप ने प्राप्त किया। जिसमे दिव्यांशी, सलोनी, प्रियंका, पायल जैन आदि ने रंगोली सजाई। तृतीय सत्र में व्याख्याता कोमल वर्माव विरेन्द्र यादव के सानिध्य में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमे मनप्रीत शेखावत ने प्रथम स्थान, तनु कुमावत ने द्वितीय स्थान व विशाल शर्मा एवं राजवीर राठौर ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में ज्योती शर्मा, सुशीला जाट एवं प्रीति शर्मा थे। 3 राज बटालियन एनसीसी, सीकर के आदेशानुसार सीटीओ सुरेश सामोता के सानिध्य में स्वच्छता रैली आयोजित की गई। एनसीसी द्वारा बावड़ी आश्रम व महाविद्यालय प्रांगण में श्रमदान किया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रमोद वर्मा व जितेन्द्र सिंह दायमा ने किया।

## फोर लाइन सड़क का शिलान्यास किया

**श्रीमाधोपुर।** विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत ने गौशाला तिराहे से लेकर बाईपास किराए तक 4.10 करोड़ की लागत से बनने वाली फोर लाइनमय डिवाइडर सहित सड़क का शिलान्यास कब्रिस्तान चौराहे पर किया गया। वार्ड नंबर 35 के पार्षद मदन चौहान ने बताया कि इस अवसर पूर्व पीसीसी सचिव बालेंद्र सिंह शेखावत पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता रमेश डबास एवं रक्षपाल दास स्वामी, पार्षद जगदीश मीणा, मनोहर सिंह शेखावत, उमेश चुलेट, लक्ष्मीकांत हरितवाल, राकेश ढोला महेंद्र उपाध्याय, रोहित कुमावत, यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष विक्की बिंवाल, केवल कुमार खटीक, सुनील कुमार , लक्की मऊवाला, जीतू पंजाबी, सुनील पंजाबी, पवन चौधरी, सुरेश पटवारी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। इसके बाद राष्ट्रिपता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# महात्मा गांधी एवं शास्त्री की जयंती पर पौधे रोपे

**मंडावरी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महारिया में सोमवार को महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर स्वच्छता अभियान के साथ ही एक शिक्षक एक पेड़ की थीम पर विद्यालय प्रांगण में 15 पौधे लगाये गए जिन की देखभाल का जिम्मा भी संबंधित शिक्षक का होगा।

इस कार्यक्रम में सांप्रदायिक सद्भावना सामाजिक समरसता सहित पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दिलाया गया.. प्रधानाचार्य कैलाश चंद मीना ने बताया कि इस अवसर विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्र छात्राओं के साथ ही विद्यालय के शिक्षकों ने महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी जीवन एवं आदर्शों पर विचार व्यक्त किए।

उप प्राचार्य कमलेश गौतम सहित भूरा राम योगी, महेश मीना, पिंकी बानो, विजय मीना, योगेन्द्र शर्मा, रूचिका अग्रवाल, रमेश योगी, रामनिवास सैनी ने सभी गतिविधियों के संचालन में सहयोग किया।

इसी तरह महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को मंडावरी सुरतपुरा खेडला खुर्द पट्टी किशोरपुरा टोडा ठेकला बगड़ी बिलोना खुर्द खेमावस आदि जगहों पर भी धूमधाम बाहर से उल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अभिभावक को सहित लोगो को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री द्वारा बताए गए अच्छे मार्गो पर चलती हुई सामाजिक सद्भावना एवं सामाजिक समरसता सहित शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम खड़े करने के लिए भी प्रेरित किया गया।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

मुख्य परियोजना प्रबन्धक गति – शक्ति उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यो के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। **क्र. सं.: 1. निविदा संख्या/कार्य का नाम:** गति-शक्ति/इंजी./जय/2023-24/40, जयपुर मण्डल "अमृत भारत स्टेशन स्कीम" के सम्बन्ध में फुलेरा – 2, नीम का थाना-2, रींगस-1, सीकर-2 एवं झुन्झुनू-1 लिफ्टों का सिविल कार्य का प्रावधान, **अनुमानित लागत: ₹16485799/-, बयाना राशि: ₹232400/-,** 1. उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड मुख्य परियोजना प्रबन्धक गति-शक्ति उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। **2.** निविदा स. गति – शक्ति/इंजी./जय/2023-24/40 की बन्द होने की तिथि 25.10.23 समय 15. 30 बजे एवं खुलने की तिथि 25.10.23 समय 16.00 बजे। 1053-CQ/23

हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें



456 21/9/23 **विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन** (आदेश 5 के नियम 1 और 5 )

समक्ष अपर सिविल न्यायाधीश, क्रम संख्या 3 जयपुर महानगर द्वितीय, जयपुर

**स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया विरूद्ध विक्रम तालुकदार एवं अन्य**

**वाद बाबत वसूली 1,12,090.44 रूपये**

**वाद संख्या 71 सन् 2022**

**बनाम- 1. विक्रम तालुकदार पुत्र श्री बोनोमाली तालुकदार निवासी मकान संख्या 59, श्याम एनक्लेव, पांच्यावाला, सिरसी रोड़, जयपुर-302034**

**2. श्री बोनोमाली तालुकदार पुत्र श्री नोलिनी तालुकदार निवासी- मकान संख्या 59, श्याम एनक्लेव, पांच्यावाला, सिरसी रोड़, जयपुर-302034**

वादी ने आपके विरूद्ध वसूली के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में दिनांक 17 माह नवम्बर सन् 2023 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो, अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावा के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लेखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप अपर बताई गई तारीख को न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

**यह वाद दिनांक 18 माह 09 सन 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।**

**प्रस्तुतकार, अपर सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट,**

(सील) **क्रम संख्या 3, जयपुर महानगर द्वितीय**


## गांधी एवं शास्त्री जंयती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित

**खैरथल ।** राष्ट्रिपता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती पर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरथल में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण,मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भारत भूषण सहित धर्म गुरु आचार्य ने राष्ट्रिपता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनकी सादगी एवं आदर्शों पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर सहारण ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की सादगी और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा राष्ट्रिपता महात्मा गांधीजी के आदर्शो को आज के युग में अधिक प्रासंगिक बताते हुए इनकों अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कही। उन्होंने बापू के आदर्शो, जीवनदर्शन, सिद्धान्तों को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि गांधीजी ने सत्य के मार्ग पर चलने की बात कही थी जिसकी शुरूआत हमें अपने स्वयं से ही करनी चाहिए। गांधीजी का पूरा जीवन हमें प्रेरणा देता है।

मुख्य वक्ता आचार्य विजय सेवक विश्रांति आश्रम लालपुर के द्वारा गांधी दर्शन पर विस्तृत प्रकाश डाला गया तथा वर्तमान समय में विचारों की प्रासंगिकता के साथ ही जीवन में आत्मसर करने पर बल दिया गया।

इस अवसर पर लोक कलाकारों दीपक खंडेलवाल और विजय ने गांधी जी के प्रिय भजनों की प्रस्तुति दी साथ ही सत्य अहिंसा प्रकोष्ठ द्वारा महात्मा गांधी के विचारों को प्रसार करने के लिए उनके प्रचारकों का धन्यवाद व्यक्त किया। इस दौरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शिवचरण गुप्ता, कनिष्क अभियंता मोतीलाल वर्मा, मनोनीत पार्षद रामचंद्र कॉमरेड सहित विभिन्न वार्डों के लोग उपस्थित रहें।

## 3 छात्रों का सॉफ्टबॉल टीम में चयन

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के एसबीएन पी जी महाविद्यालय श्रीमाधोपुर के तीन छात्रों राहुल सैनी बीए तृतीय वर्ष, रंजीत वर्मा बीए द्वितीय वर्ष व गणेश सैनी बीए द्वितीय वर्ष का राज्यस्तरीय सीनियर सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। महाविद्यालय के खेल सचिव बनवारी लाल जीतरवाल ने बताया कि चयनित तीनों खिलाड़ी राज्यस्तर पर खेलने के लिए देवगढ़ राजसमंद जाएंगे। महाविद्यालय के निदेशक डॉ मुकेश कुमार ब्लडवाल, प्राचार्य डॉ सुरेश कुमार जाट, सचिव इंजीनियर प्रदीप धायल, विज्ञान संकाय प्रभारी प्रवीण कुमार शर्मा, कला संकाय प्रभारी दीपक सैनी ने तीनों चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## शास्त्री और गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित

**सांभरझील।** यहां नगर कांग्रेस कमेटी सांभर की तरफ से पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री व राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से शास्त्री और गांधी के जीवन से प्रेरणा लेने एवं उनकी बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी दोहराया। इस मौके पर कहा गया कि शास्त्री ने अपने कार्यकाल के दौरान जो इतिहास रचा उसे युगों युगों तक भुलाया नहीं जा सकता वहीं अहिंसा के पुजारी बापू के सिद्धांत वर्तमान परिपेक्ष में समझने की खास जरूरत है हमें सभी को समानता के साथ एक दूसरे को गले लगाना होगा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर ही समाज और राष्ट्र का विकास संभव है। जातिगत भेदभाव को भुलाकर हमें विकास की नई संरचना को जन्म देना होगा तभी सच्चे मायने में हमारी इन महापुरुषों के प्रति श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर सीपी व्यास, केके शर्मा, टीकमचंद कुमावत, सिराजुद्दीन मंसूरी, बालूराम नोगिया, बाबूखां, अशोक पारीक, जितेंद्र मिश्रा, अब्दुल हमीद कादिर, दिनेश शर्मा, मुइनुद्दीन कुरैशी, सद्दीक मोहम्मद, मुकेश मौर्य, पुरुषोत्तम, भंवर बांसीवाल, अनिल पंवार धर्मेन्द्र बामणिया आदि की मौजूदगी रही। इसी प्रकार पालिका प्रशासन की ओर से सफाई मित्र सम्मान भी प्रदान किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष बालकिशन जांगिड़ , सहायक लेखा अधिकारी गोपाल सिंह पवार के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

# गांधी जयंती के अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ



जिला कलेक्टर शुभम चौधरी, पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

**कोटपूतली।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयन्ती के अवसर पर सरदार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपुतली में जिला कलेक्टर शुभम चौधरी, पुलिस अधीक्षक श्रीमती रंजीता शर्मा, नगर परिषद के कमिश्नर फतेह सिंह मीणा, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम के दौरान सर्वधर्म प्रार्थना सभा में "रधुपति राघव राजा राम, वैष्णव जन तो तेने कहिए, हर देश में तू हर भेष में तू" गांधीजी के प्रिय भजनों का स्काउट गाईड के बच्चों ने गायन करने के साथ ही दो मिनट का मौन धारण किया। साथ ही सत्य अहिंसा प्रकोष्ठ द्वारा महात्मा गांधी के विचारों को प्रसार करने के लिए उनके प्रचारकों तथा स्वच्छता कार्मिकों को उनके विशेष कार्यो के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए। इस दौरान महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के जिला संयोजक हर्षवर्धन शर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास, जिला शिक्षा अधिकारी राम सिंह यादव, उपखंड अधिकारी मुकुट सिंह , प्रधानाचार्य मनोरमा यादव, सहायक विकास अधिकारी रूपेंद्र कुमार सहित कलेक्ट्रेट परिसर के अधिकारी, कार्मिक उपस्थित रहें।

■ **गांधी जयंती पर उपवास रख नारेबाजी की**

**गांधी जयंती पर उपवास रख नारेबाजी की :** कोटपूतली। स्थानीय राजकीय बीडीएम चिकित्सालय के समस्त नर्सिंग अधिकारियों ने जहां गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के फोटो पर पुष्प माला अर्पित की वहीं सरकार की वादा खिलाफी व नर्सेज की 11 सूत्री मांगों के लिए जयपुर के एसएमएस अस्पताल के गेट नंबर तीन पर प्रदेश संयोजक राजेंद्र राणा व के के यादव के आमरण अनशन के समर्थन में बीडीएम के समस्त नर्सेज कर्मियों ने पूरे दिन का उपवास रखा तथा सुबह 8 बजे से 10 बजे तक गेट मीटिंग कर नारे बाजी की। इस दौरान माखनलाल वर्मा, गजानंद तंवर, पूरन सिंह शेखावत, गजराज यादव, रमाकांत यादव, जयप्रकाश यादव, नरेंद्र यादव, रतिराम यादव, उर्मिला, मधु यादव, मंजू यादव, सुशीला मीणा, अनिल वर्मा, दिनेश गुर्जर,मामराज गुर्जर, सुरेश गुर्जर बेरी, सुरेश पुतली व लाला मीणा सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।


1498 21/9/23 **विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन** (आदेश 5 के नियम 1 और 5 )

समक्ष जिला एवं न्यायाधीश, जयपुर महानगर द्वितीय, जयपुर

**स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया विरूद्ध श्रीमती अनु शर्मा एवं अन्य**

**वाद बाबत वसूली 9,93,630.00/- रूपये**

**वाद संख्या 135 सन् 2023**

**बनाम- 1. श्रीमती अनु शर्मा पत्नी स्वर्गीय श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा निवासी बी-10, गुडलक मार्ग, गोवर्धन बाड़ी, खातीपुरा, रोड़, झोटवाड़ा, जयपुर-302012 एवं केयर ऑफ मैसर्स शी सेड यस, बी-10, गुडलक मार्ग, गोवर्धन बाड़ी, खातीपुरा रोड़, झोटवाड़ा, जयपुर-302012**

**2. ओजस शर्मा पुत्र स्व. श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा उप्र अवयस्क, निवासी- बी-10, गुड़लक मार्ग, गोवर्धन बाड़ी, खातीपुरा रोड़, झोटवाड़ा जयपुर-302012 केयर ऑफ मैसर्स शी सेड यस, बी-10, गुडलक मार्ग, गोवर्धन बाड़ी, खातीपुरा रोड़, झोटवाड़ा, जयपुर-302012 जरिये प्राकृतिक संरक्षिका श्रीमती अनु शर्मा**

वादी ने आपके विरूद्ध वसूली के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में दिनांक 20 माह अक्टूबर सन् 2023 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो, अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावा के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लेखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप अपर बताई गई तारीख को न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

**यह वाद दिनांक 21 माह 09 सन 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।**

**आज्ञा से, वरिष्ठ मुंसरिम जिला एवं सैशन न्यायालय**

(सील) **जयपुर महानगर, द्वितीय**

## संक्षिप्त

### रक्तदान शिविर का पोस्टर जारी

**पावटा।** सेवार्थ संकल्प समिति के सदस्य स्व. मोनू चौधरी के चतुर्थ पुण्यतिथि पर 6 अक्टूबर 2०23 शुक्रवार को पावटा उपखंड केनरा बैंक के सामने भांकरी रोड पर सुबह 8 बजे से 4 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। रक्तदान शिविर का पोस्टर विमोचन करते हुए डॉ. अशोक जाट ने बताया कि समय समय पर रक्तदान शिविरों के आयोजन से मरीजों तक रक्त उपलब्ध हो पाता है। युवाओं को साल भर मे लगभग 2 बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। जिससे शरीर का विकास और रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित होती हैं। समिति सदस्य सुशील योगी ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन पावटा उपखंड केनरा बैंक के सामने भांकरी रोड पर होगा जिसमें रक्तदान करने सभी रक्तदाताओं को टी-शर्ट व प्रमाण पत्र देकर समानित कर उत्साहवर्धन किया जायेगा। वही क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक रक्तदान करने की विनती की। पोस्टर विमोचन करते समय समिति सदस्य सुशील योगी, गुलशन, सामाजिक कार्य कर्ता हरद्वारी लाल स्वामी, मनीष सहित हॉस्पिटल स्टाफ मौजूद रहा।

### छात्रों को किया उत्साहित

**पावटा।** प्रागपुरा में संचालित सीबीएसई स्कूल एमएम पब्लिक स्कूल में 2 अक्टूबर को राष्ट पिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के माध्यम से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम तथा अनेक प्रकार की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक मनोज मित्तल ने कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्रों को तथा अध्यापक गणों को स्वच्छता अभियान के बारे में बताया और छात्रों को उत्साहित किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक अखिलेश्वर मिश्रा ने राष्ट पिता महात्मा गांधी एवं देश के दूसरे पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के दिए ज्ञान पर प्रकाश डाला ।प्राचार्य योगेश शर्मा ने बताया कि भारतवर्ष के सभी छात्रों को सत्यमेव जयते और इस अवसर के महत्व के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर सभी अध्यापकगण मौजूद रहे।

# होंडा सिटी कार से भेड़-बकरियों की चोरी करते 4 आरोपी गिरफ्तार



लवाण थाना पुलिस ने भेड़ बकरी चोरी करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया ।

**दौसा ।** जिले की लवाण थाना पुलिस ने भेड़ बकरी चोरी करने वाले दिल्ली के गिरोह का खुलासा कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से घटना में प्रयुक्त होंडा सिटी कार, राजस्थान नंबर की फर्जी नेम प्लेट और अन्य औजार बरामद किए गए हैं। आरोपी दिल्ली

- **जयपुर -दौसा की दर्जन वारदातों का खुलासा**

एक्सप्रेस हाईवे से आकर वारदात को एग्जाम देते और फिर उसी रास्ते से दिल्ली चले जाते। इन्होंने जयपुर व दौसा में दर्जन भर वारदातों को अंजाम दिया है।

एसपी वंदिता राणा ने बताया कि 24 सितंबर को परिवादी द्वारा बकरी चोरी होने के संबंध में थाना लवाण पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पशु चोरियों की घटनाओं के खुलासे के लिए एडिशनल एसपी रामचंद्र सिंह व सीओ अरविंद कुमार के सुपरविजन एवं एसएचओ दिनेश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। कठिन टीम द्वारा कस्बे और अन्य जगहों की सीसीटीवी फुटेज खंगाल राजस्थान नंबर की संदिग्ध होंडा सिटी कार को चिन्हित किया।

मुखबिर की सूचना पर देर रात नाकाबंदी में सन्दिग्ध होंडा सिटी कार को डिटेन किया गया, जिस पर दिल्ली नंबर की प्लेट लगी हुई। गाड़ी के अंदर राजस्थान नंबर की वही नेम प्लेट मिली जो सीसीटीवी फुटेज से चिन्हित की गई थी। गाड़ी में चोरी के काम आने वाले उपकरण तार काटने का कटर, प्लस, नंबर प्लेट बदलने का गोल, पाना और बकरियां बांधने की रस्सियां मिली। गाड़ी में बकरियों की मिंगणियां भी पड़ी हुई थी।

एसपी राणा ने बताया कि मामले में संदिग्ध सोनू मीणा पुत्र रामेश्वर (33) निवासी थाना अमन विहार नॉर्थ दिल्ली, ओमप्रकाश वाल्मीकि पुत्र हरिचन्द (39) निवासी थाना मोहन गार्डन उत्तम नगर नई दिल्ली, राजू वाल्मीकि पुत्र चिमनलाल (38) निवासी बहादुरगढ़ जिला झज्जर हरियाणा और दीपक वाल्मीकि पुत्र लालाराम (25) निवासी पाटन थाना तुंगा जिला जयपुर को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने जयपुर, दोसा में दर्जन पर वारदाते करना स्वीकार किया है। हड्डियां इकट्ठी कर बेचने का काम करने वाला गिरफ्तार आरोपी दीपक हरिजन पिछले करीब 7 साल से दिल्ली गैंग के संपर्क में था। दिन में यह मोटरसाइकिल से गांव में घूम-घूम कर रैकी कर तीन-चार जगह को चिन्हित कर अपने साथियों को सूचित कर देता था।

### जिलेभर में हुई सर्वधर्म सभा

**टोंक।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती और विश्व अंहिसा दिवस के अवसर पर सोमवार को जिलेभर में सर्वधर्म प्रार्थना सभायें आयोजित की गई।

इस अवसर पर आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में पुष्पातंली अर्पित करने के बाद सम्पूर्ण जिला कांग्रेस कमेटी टोंक एवं गांधी दर्शन से जुडे लोगो ने अपने विचार रखें। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरि प्रसाद बैरवा ने कहा कि पूरी दुनिया को सत्य अंहिसा एवं शांति के मार्ग पर चलने के लिए महात्मा गांधी के विचार हमेशा प्रासांगिक रहेगें एवं लाल बहादुर शास्त्री का सादगीपूर्ण जीवन एवं प्रेरणादायी विचार सदैव स्मरणीय रहेगें।

सभा में अति. जिला कलेक्टर सुरजसिंह नेगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदर्श चौधरी, उपखंड अधिकारी कपिल शर्मा, नगर परिषद आयुक्त ममता नागर, महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के जिला संयोजक, सुनील बंसल, जिला शिक्षा अधिकारी, राजकीय महाविद्यालय टोंक के एनसीसी लेफ्टिनेंट अधिकारी मोहम्मद बाकिर हुसैन तथा पूर्व विधायक कमल बैरवा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका बैरवा, देहात ब्लॉक कैलाशी देवी मीणा, शहर ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद बेग, सुनिल बंसल, सेवादल जिलाध्यक्ष अब्दुल खालिक, सरपंच संग प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज फागणा तथा अनेक कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### शास्त्री जी को याद किया

**टोंक।** देवली उपखंड के दूनी तहसील मुख्यालय स्थित राज्य के उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य भंवरलाल कुम्हार की अध्यक्षता में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में छात्रों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी संतोष शर्मा ने बताया कि महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। भाषण प्रतियोगिता में गांधी एवं शास्त्री के जीवन पर छात्र-छात्राओं द्वारा प्रकाश डाला गया तथा दोनों ही महापुरुषों के आदर्शो को अपनाने पर बल दिया गया। शिक्षक सुरेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि इस अवसर पर शिक्षकों ने भी गांधी एवं शास्त्री के जीवन पर आधारित विभिन्न प्रेरक प्रसंग सुनाएं एवं बताया कि अहिंसा, सत्याग्रह सविनय अवज्ञा जैसे गांधी दर्शन न केवल प्रासंगिक है अपितु आज इनकी महती आवश्यकता है। कार्यक्रम संचालक अशोक शर्मा ने गांधी के प्रिय भजन "वैष्णव जन तो तेने कीजे पीर पराई जाने रे" सुना कर कार्यक्रम को संगीतमय बना दिया। प्राध्यापक लादू लाल मीणा ने बताया कि कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति कविता एवं गीत प्रस्तुत किए। विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मैडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। शारीरिक शिक्षक शिवजी लाल जाट ने बताया कि स्वच्छता कार्यक्रम के तहत कक्षा वाइज परिसर एवं खेल मैदान के अलग-अलग ब्लॉक आवंटन कर छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा सफाई का कार्य किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय से बस स्टैंड तक अहिंसा एवं स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को स्वच्छता शपथ दिलाई गई जिसमें सप्ताह में 2 घंटे तदनुसार 1 वर्ष में 100 घंटे स्वच्छता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई।

### आवासीय योजना की मांग

**बहरोड़/ अलवर।** अलवर जिले में पत्रकार आवासीय योजना शुरू करने की मांग को लेकर सभी पत्रकार एक मंच पर आ गए हैं। इस मामले को लेकर आज मंगलवार सुबह 11 बजे मिनी सचिवालय में जिला कलेक्टर पुखराज सेन को ज्ञापन दिया जाएगा । अलवर मीडिया क्लब राजस्थान के आ ान पर सभी पत्रकार संगठनों के प्रतिनिधि और पत्रकारों की बैठक जय कृष्ण क्लब में सोमवार को आयोजित हुई। इस बैठक में एक स्वर में कहा गया कि पत्रकार आवासीय योजना पहले से ही चल रही है। जिसे जयपुर और जोधपुर की तर्ज पर अलवर में भी शुरू किया जाए। अलवर में 2003 के बाद अभी तक आवासीय योजना में पत्रकारों को प्लॉट नहीं दिए गए हैं। जबकि अन्य शहरों में इस अवधि में कई बार आवासीय प्लॉट दिए गए हैं। इस मामले में जिला कलेक्टर को आज मंगलवार को ज्ञापन देकर आवासीय योजना के लिए जल्दी ही आवेदन पत्र प्रक्रिया शुरू करने की मांग की जाएगी। इसके लिए मुख्यमंत्री से भी मिलने का समय लिया जा रहा है। बैठक में सभी पत्रकार संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिसमें आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा भी तय की गई। बैठक में पत्रकार संगठनों के प्रतिनिधि और पत्रकार धर्मेंद्र यादव, चन्द्रशेखर शर्मा, अविनाश मल्होत्रा, पंडित सुभाष शर्मा बहरोड़, मनीष बावलिया, स्वराज कपिल, महेश वर्मा, पुष्पेन्द्र बसेन्द्र, महेन्द्र यादव, सुरेश शर्मा पंडित, मनीष बावलिया, पवन छाबड़ा, दीक्षित कुमार, साजिद, शफी मोहम्मद, रमेश चंद शर्मा, विपिन सेतिया, हरपाल सिंह, दिनेश लवानिया, सीता राम अठावाल, रूपेश शर्मा, विपीन सेतिया, गौरव, राजेश पंडित, गोपेश धारवाल, घनश्याम एस बाघी, गौरव शर्मा आदि उपस्थित रहे। संचालन धर्मेन्द्र ने किया।

### श्रमदान कर लिया स्वच्छता का संकल्प

**टोंक।** जिले के उनियारा उपखंड के बनेठा कस्बे में स्थित निजी विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर में महात्मा गांधी एवं शास्त्री के जन्म जयंती पर विधार्थियों द्वारा श्रमदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संचालक हरीश जैन ने दीप प्रज्जवलन कर एंव पुष्पार्पण कर किया गया। उन्होंने कहा कि आज के समय स्वच्छता एवं श्रम जीवन के लिए जरूरी है। इसलिए हमें अपने घरों और आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान देना होगा। इस मौके पर विद्यालय में निबंध,पोस्टर,मेंहदी, रंगोली प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय प्रबंधक ने महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने,स्वच्छता के प्रति सजग रहने एवं गंदगी नहीं फैलाने का संकल्प दिलाया गया। साथ ही विद्यालय के बच्चों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनेठा में श्रमदान किया।

### अग्रवाल का जन्मदिन मनाया

**टोंक।** सनातन धर्म प्रेमियों ने 2 अक्टूबर को टोंक घंटाघर स्थित सीताराम मंदिर में मानस केसरी सीताराम अग्रवाल वरिष्ठ कर सलाहकार का जन्मदिन केक काटकर व सहादत अस्पताल में फल व जल वितरण कर धूमधाम से मनाया। धर्म प्रेमियों ने बताया सीताराम अग्रवाल ने सनातन धर्म को लेकर सदैव सांसारिक, आध्यात्मिक, धार्मिक और धार्मिक तीर्थ स्थलों में वृद्धि की सदैव तट शास्त्रीय विद्वानों की भूमिका निभाई। वह गलत बात के आगे झुकने वालों में से नहीं रहे सबसे बड़ी बात यह रही की वह हमेशा सही बात का समर्थन करते थे। और इसके लिए वह किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार रहते थे। इस अवसर पर काफी संख्या में सनातन धर्म प्रेमी मौजूद रहे।

### उपकारागृह में कैम्प आयोजित

**कोटपूतली।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एव जिला सैशन न्यायाधीश के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष के निर्देशन में पीएलबी दीक्षा शर्मा, आदित्य शर्मा आदि द्वारा गोपालपुरा रोड़ स्थित उपकारागृह में सोमवार को गांधी जयंती पर कैम्प का आयोजन किया गया। इस मौके पर पीएलवी दीक्षा शर्मा ने बंदियों को निःशुल्क विधिक जानकारी दी। इस दौरान जेलर प्रेम प्रकाश, शेर सिंह, घनश्याम, जयसिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### युवक का शव नदी किनारे मिला

**टोंक।** पीपलू क्षैत्र के लाख गांव में कल देर रात नदी किनारे एक शव पायी जाने की सूचना थाने पर पंहुची जिस पर थानाधिकारी मय जाप्ता घटना स्थल पर पंहुचे तब तक परिजनो ने शव को पानी से निकाल बाहर नदी किनारे रख दिया था। मृतक रामनिवास पुत्र नारायण गुर्जर उम्र 50 साल निवासी लाख बताया गया है पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर श्शव परिजनो को सौपा।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की

**कोटपूतली।** स्थानीय फल-सब्जी मण्डी परिसर में सोमवार को मण्डी व्यापारियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन पूर्व चौयरमैन शंकर लाल सैनी की अध्यक्षता में किया गया।

इस मौके पर वक्ताओं ने गाँधी व शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्र के प्रति उनके त्याग, समर्पण व बलिदान को स्मरण किया। साथ ही महात्मा ज्योतिबा फूले, माँ सावित्री बाई फूले व संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर भी पुष्प अर्पित किये। इस दौरान सभापति प्रतिनिधि एड. दुर्गा प्रसाद सैनी, पूर्व चेयरमैन प्रकाश चंद सैनी व एड. महेन्द्र कुमार सैनी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी, पूर्व अध्यक्ष छीत्तरमल सैनी, एड. अशोक कुमार सैनी, सुगन भाई, रामसिंह सैनी दादुका, कैलाश चंद कपड़ेवाला, सैनी सभाध्यक्ष राकेश सैनी, फल-सब्जी व्यापार मंडल अध्यक्ष रमेश सैनी, जगदीश प्रसाद सैनी, रतन भैया, पूर्व पार्षद भीखाराम सैनी, किराणा व्यवसायी रमेश सैनी, हनुमान नेताजी, नत्थु अमीन, पवन सैनी टमाटरवाला, सरपंच कमलेश सैनी, बिड़दीचंद हवलदार, छोटु मिस्त्री, पूर्व सरपंच रामकुमार, सुन्दर लाल नेताजी, जे.पी. कोटिया, पूरणमल सैनी, पार्षद प्रमोद गुरूजी, रामचन्द्र सैनी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, महेश सैनी, एड. उपवन सैनी, बबलू बबेरवाल समेत बड़ी संख्या में फल व सब्जी मंडी व्यापारियों ने महापुरूषों को पुष्पांजलि अर्पित की। संचालन अमरसिंह सैनी ने किया।

# भाजपा की चुनावी तैयारियां शुरू

- **जिला प्रवासी सांसद जुगल किशोर शर्मा ने ली पांचों मण्डलों के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक**
- **कहा-पार्टी किसी को भी प्रत्याशी बनाये, हमारा लक्ष्य केवल कमल के फूल को जिताकर प्रदेश की विधानसभा में भेजना है**
- **'इस बार के विधानसभा चुनाव में कोटपूतली से भाजपा भारी मतों से विजयी होगी। साथ ही प्रदेश में प्रचण्ड बहुमत से भाजपा की सरकार भी बनेगी'**

**कोटपूतली।** एक ओर जहाँ भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक दो दिन में ही विधानसभा चुनाव को लेकर 65 विधानसभाओं में भाजपा प्रत्याशियों की घोषणा की चर्चायें तेज है।

वहीं भाजपा ने चुनाव को लेकर अपनी तैयारियां भी शुरू कर दी है। इसी क्रम में जयपुर देहात उत्तर के जिला प्रवासी सांसद जुगल किशोर शर्मा सोमवार को कोटपूतली पहुँचे। शर्मा जम्मु कश्मीर के पुंछ से भाजपा के लोकसभा सांसद है। उन्होंने स्थानीय मोरीजावाला धर्मशाला में कोटपूतली विधानसभा के सभी मंडलों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए आगामी चुनाव में भाजपा को जिताने की रणनीति पर विचार विमर्श किया। शर्मा ने कहा कि पार्टी किसी को भी प्रत्याशी बनाये, हमारा लक्ष्य केवल कमल के फूल को जिताकर प्रदेश की विधानसभा में भेजना है। उन्होंने दावा कि इस बार के विधानसभा चुनाव में कोटपूतली से भाजपा भारी मतों से विजयी होगी। साथ ही प्रदेश में प्रचण्ड बहुमत से भाजपा की सरकार भी बनेगी। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, विधानसभा चुनाव प्रभारी नरेश कुमार शर्मा, पूर्व प्रधान विक्रम सिंह तंवर, विधानसभा संयोजक पूरणमल सैनी, मंडल अध्यक्ष गोपाल मोरीजावाला, एड. रमेश रावत, कैलाश स्वामी, सुरेश वैद्यजी, जयराम गुर्जर, जिला पार्षद भोमाराम गुर्जर, जिला मंत्री रविन्द्र सिंह, दुलीचंद जाट, मंडल महामंत्री जितेन्द्र शेखावत, उपाध्यक्ष शशि मित्तल, गगन आर्य, वीरसिंह जाट, राजेन्द्र शर्मा, सोनू चौधरी, विक्रम शर्मा, रमन सैनी, अशोक मान, युवा नेता जयसिंह पायला, पूरणमल सैन, शीशराम जाट, कमल कसाना, विक्रम सैनी व अमित सैनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मतदाता जागरूकता अभियान शुरु


लालसोट उपखंड मुख्यालय पर गांधी व शास्त्री की जयंती पर मतदाता जागरूकता के लिए छात्राओं ने रंगोली बनाई ।

**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय स्थित अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लालसोट में राष्ट्रीय पर्व गांधी जयंती के अवसर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मदनलाल पारीक ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन चरित्र एवं मूल्यों से प्रेरणा ठाहण करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया इसके अलावा विद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों को अपने परिवार वाले, अपने आस-पड़ोस एवं सभी नागरिकों को अपना मतदान आवश्यक रूप से करने के लिए प्रेरित किया इन दोनों कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इस अवसर पर अशोक कुमार गुप्ता, मोहन उपाध्याय ,राजेंद्र कुमार गुप्ता, मुकेश बैनाडा, रामनारायण मीणा, धर्म सिंह मीणा, राजू लाल मीणा, संतोष जांगिड़, ऋषि मीणा ,दीपशिखा शर्मा, निर्मला गुप्ता, सरोज बैरवा, छवि पारीक, मनप्रीत मीना आदि शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित रहे इसी तरह राजकीय बालिका विद्यालय में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम दोनों ही महान आत्माओं को नमन करते हुए उनके छाया चित्रों पर माल्यार्पण किया। सामूहिक रूप से सर्वधर्म प्रार्थना की गई। संस्था प्रधान अंजना त्यागी द्वारा गांधी जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परस्पर निर्भरता के विचार को बताते हुए कहा कि आज के दौर में कोई भी देश पर्यावरण समस्या ,गरीबी, आतंकवाद , महामारी जैसी वैश्विक चुनौतियों का अकेले सामना करने में सक्षम नहीं होने के कारण राष्ट्रों के बीच सहयोग से विश्व कल्याण संभव है ।

### आवासीय योजना की शुरूआत कराने की मांग

**अलवर ।** अलवर जिले में पत्रकार आवासीय योजना शुरू करने की मांग को लेकर सभी पत्रकार एक मंच पर आ गए हैं। इस मामले को लेकर मंगलवार सुबह 11 बजे मिनी सचिवालय में जिला कलेक्टर पुखराज सेन को ज्ञापन दिया जाएगा।

मीडिया कलब राजस्थान के आ ान पर सभी पत्रकार संगठनों के प्रतिनिधि और पत्रकारों की बैठक जय कृष्ण कलब में सोमवार को हुई। इस बैठक में एक स्वर में कहा गया कि पत्रकार आवासीय योजना पहले से ही चल रही है जिसे जयपुर और जोधपुर की तर्ज पर अलवर में भी शुरू किया जाए। अलवर में 2003 के बाद अभी तक आवासीय योजना में पत्रकारों को प्लॉट नहीं दिए गए हैं जबकि अन्य शहरों में इस अवधि में कई बार आवासीय प्लॉट दिए गए हैं।

इस मामले में जिला कलेकटर को मंगलवार को ज्ञापन देकर आवासीय योजना के लिए जल्दी ही आवेदन पत्र प्रक्रिया शुरू करने की मांग की जाएगी। इसके लिए मुखयमंत्री से भी मिलने का समय लिया जा रहा है।

## गांधी एवं शास्त्री जयंती मनाई

**पावटा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पावटा तहसीलदार अजीतपाल यादव के मुय आतिथ्य व प्रधानाचार्य जय सिंह यादव की अध्यक्षता व एसडीएमसी सदस्य रामपाल मीणा तथा अहिंसा आंदोलन से अमित यादव, सीडीपीईओ सुमन, सीबीईओ कार्यालय से रेखा यादव के विशिष्ट आतिथ्य में राष्ट पिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान राष्ट पिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के छाया चित्र के सामने पुष्पांजलि भेट की गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा गांधी जी के भजन, सर्व धर्म प्रार्थना की प्रस्तुति दी गई। वही छात्र-छात्राओं ने विद्यालय प्रांगण की सफाई एवं श्रमदान किया। इस दौरान महिला बाल विकास मंत्रालय कार्यकर्ता मौजूद रहे। वही प्रागपुरा कस्बा के मुय बाजार सुभाष चौक पर राष्ट पिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कांग्रेस संगठन महामंत्री अजय सैनी, ब्लॉक उपाध्यक्ष शिभू दयाल हाडिया, ब्लॉक सचिव मनोज सोनी ने गांधीजी तथा लाल बहादुर शास्त्री के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

संगठन महामंत्री अजय सैनी ने गांधीजी तथा लाल बहादुर शास्त्री के जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश को अंग्रेजी हुकूमत से आजादी दिलवाने वाले महात्मा गांधी ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आजाद कराया। महात्मा गांधी पूरी दुनिया में मानव जाति को सत्य अहिंसा और शांति का पाठ पढाया।

आज हम सभी को उनके बताए सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलना होगा। इस दौरान ज्ञानचन्द्र चावला, विक्रम यादव, रिजवान कुरेशी, धर्मपाल यादव, लोकेश यादव, सुरेन्द्र चावला, जितेन्द्र यादव, दौलत सैनी, राजेश हाडिया, अलार खां, अर्जुन सैनी रोहिताश मेहरा मनीष निमोरिया, सीताराम सिंघल, सद्दाम हुसैन, रमेश यादव, मोती गुर्जर, शिभू सैनी, उमेश, इरफान, नेमीचंद रणजीत, रमेश आदी मौजूद रहे।

### गांधी जी व शास्त्री को नमन किया

अलवर । राष्ट्रिपता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शांति और अंहिसा विभाग राजस्थान सरकार, जिला प्रशासन एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को नगर निगम कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें सर्वधर्म प्रार्थना सभा और रामधुनी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नगर निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर, जिला कलकटर पुखराज सेन, पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा, एडीएम द्वितीय संतोष कुमार मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेजपाल सिंह, नगर निगम आयुक्त मनीष फौजदार, महात्मा गांधी दर्शन समिति के जिला संयोजक हिमांशु शर्मा एवं संबंधित अधिकारियों ने दोनों महान आत्माओं के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। नगर निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर ने दोनों महान आत्माओं को नमन करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने जो अहिंसा का मार्ग दिखलाया है। वर्तमान समय में उस पथ पर चलने की महती आवश्यकता है।

# गोमाता के नाम भजन संध्या का आयोजन

- **देर रात तक चले कार्यक्रम में हजारों लोग मौजूद रहे**

**चाकसू**(निस)। कस्बे के टोंक रोड बाइपास गरूडवासी मोड पर स्थित एवं जन सहयोग से संचालित श्री कामधेनु गौशाला में गौसेवा परिवार समिति के नेतृत्व में रविवार देर रात तक वार्षिकोत्सव ,विशाल भजन संध्या एक शाम गोमाता के नाम एवं सामूहिक गोठ का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में निवाई क्षेत्र में संचालित किवाडा आश्रम के गोभक्त संत प्रकाश दास महाराज का संगीतमय प्रवचन एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रकाश दास महाराज ने कहा कि जब भी देखता हूं जागरण के दिन सारी रात काली करते हैं सारी रात रोते हैं सुबह देखते हैं पड़ोस का जो पाडा मरा था वो उठकर भाग गया। ऐसे जागरण करने फायदा नहीं है। सत्संग को आचरण में नहीं उतार सकते तो रात काली करने से कोई फायदा नहीं है। जब भी किसी के घर सत्संग भगवान का , ग्यारवें का या जन्मदिन का हो तो वह गाय माता के लिए होना चाहिए। जिससे जितने भी गोसेवक परिश्रम कर रहे हैं वे सफल हो। आप लोग इनका साथ दो,पर्वत तो इन्होंने उठा लिया है पर लाठी तो सभी लगा सकते हैं। चाकसू छोटी मोटी नगरी नहीं है यह महादेव,चंपावती और भरतरी की नगरी है।अपना जन्म भारत की भूमि पर हुआ है। हमें अपने सनातन धर्म और संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। प्रत्येक आदमी को हनुमान चालीसा का पाठ करना आना चाहिए अब तो सड़कों पर भी हनुमान चालीसा पढ़ना चाहिए सड़क पर इबादत हो सकती है तो हनुमान चालीसा का पाठ भी हो सकता है। मुझे बड़ा ही दुख हुआ कुछ दिन पूर्व कालवाड़ के आगे जोबनेर के पास में एक तालाब है जिसमें कसाइयों ने 400-500 गौ माता को कत्ल कर दिया। जब गांव वालों को माता बहनों के द्वारा सूचना मिली तो चार-पांच लोगों को दबोच लिया उनकी गाड़ी पकड़ ली तीन लोग गाड़ी लेकर भाग गए उससे भी बड़ी दुखी बात यह है कि वहां की विधानसभा का एमएलए भी सुनवाई नहीं करता। उन कसाइयों को जमानत पर छोड़ दिया जाता है। तब हमें शर्म आती है हमें शीश झुकाना पड़ता है में चाहूंगा अगर असल में सनातनी हो तो अब सर उठा कर जीना सीखो कायरों की तरह मत रहो। वोटो की खातिर राजनीतिक पार्टियों ने लोगों को विभिन्न समाजों के रूप में बांट रखा है। आप लोगों से निवेदन करता हूं किसी प्रकार की कोई जाति नहीं हम सिर्फ हिंदू और सनातनी जाति के हैं। अभी जाग जाओ अब मौका है। सनातन के लिए पूरे देश में क्रांति लानी है। कार्यक्रम में गोभक्त संत प्रकाश दास महाराज का संगीतमय प्रवचन एवं मार्गदर्शन एवं भजन गायक गौतम शर्मा (दूनी) विशेष आकर्षण के केंद्र रहे जिन्होंनेअपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम में मौजूद हजारों गौभक्तों, श्रोताओं और श्रद्धालुओं को झूमने को मजबूर कर दिया।

### डिजिटल साक्षरता पर प्रशिक्षण

**टोंक।** जिला प्रशासन टोंक एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों को और मजबूत बनाने के लिए बहुत से अग्रणी कदम उठाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला परिषद् टोंक के सहयोग से रॉकेट लर्निंग संस्था के द्वारा जिले की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को "ईसीई का महत्व" तथा "ईसीई के डोमेन" भाषा विकास, संज्ञानात्मक विकास, शारीरिक विकास, सामाजिक-भावनात्मक विकास पर प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। इसी के साथ मिशन बुनियाद टोंक एवं डिजिटल साक्षरता के महत्व की जानकारी दी जा रही हैं। बतौर सुगमकर्ता संस्था साथी मोहित वैष्णव एवं चितरंजन नामा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रशिक्षण की इस कड़ी में मालपुरा ब्लॉक के चांदसेन, डिग्गी, लांबाहरीसिंह, लावा, सोडा, पछेवर, टोरडी तथा मालपुरा सिटी में ट्रेनिंग दी गयी जिसमें 283 कार्यकर्ताएँ शामिल रही। इस ट्रेनिंग के अंतर्गत महिला एवम बाल विकास अधिकारी सरोज मीणा, सीडीपीओ हनुमान प्रसाद तथा स्थानीय सुपरवाइजर पिंकी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# 'देश की आजादी में गांधीजी का बड़ा योगदान रहा'


श्रीमाधोपुर एस.बी.एन. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गांधी जयंती मनाई।

**श्रीमाधोपुर।** एसबीएन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनसीसी व एन एस एस के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को गांधी जी एवं शास्त्री जी की जयंती मनाई गई ।इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक डॉ मुकेश कुमार बल्डवाल व प्राचार्य डॉ एस के जाट ने गांधीजी व शास्त्री जी की प्रतिमा को माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एसके जाट ने अपने उद्बोधन में बताया कि देश की आजादी में गांधी जी के अमूल्य योगदान को भूलाया नहीं जा सकता गांधी जी जीवन से संबंधित विभिन्न प्रसंगों के बारे में विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रकट किया ।इस अवसर पर एनसीसी जीसीआई अनिता चौधरी एवं एन एस एस के प्रभारी ओम प्रकाश वर्मा ,खेल प्रभारी बनवारी लाल जीतरवाल, राजेंद्र प्रसाद वर्मा, श्रीमती मोनिका शर्मा, सुश्री ज्योत्सना स्वामी, श्रीकृष्णा बिजारणिया, श्रीमती ज्योति जाखड़, सुश्री कोमल सैनी, सुश्री रितु पाराशर एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इसी तरह श्री आदर्श महिला बी एड कॉलेज श्रीमाधोपुर में अहिंसा दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉक्टर बाबूलाल सैनी के अनुसार संस्थान के निदेशक जितेंद्र शर्मा ने दो महापुरुषों महात्मा गांधी और श्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिन स्वच्छता पखवाड़े के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक जितेंद्र शर्मा ने छात्राध्यापिकाओं को स्वच्छता का महत्व बताते हुए स्वयं को और आसपास की स्वच्छता के लिए प्रेरित करने का आ ान किया। इस अवसर पर छात्राध्यापिकाओं ने 21वीं शदी में गांधी जी के सपने शीर्षक से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीएड द्वितीय वर्ष में छात्राध्यापिका पूजा सोनी प्रथम, खुशबू शर्मा द्वितीय स्थान पर रही।



सांवलिया जी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शानदार स्वागत हुआ। प्रधानमंत्री ने विशाल जनसभा को संबोधित किया।

# सांवलिया जी में मोदी की विशाल सभा, 50,000 लोग आए

## प्र.मंत्री मोदी ने कहा चुनाव में हमारा एक ही चेहरा है, कमल का फूल

- **मोदी ने कमल के फूल को चेहरा बता कर एक बार फिर साफ कर दिया कि, पार्टी यहां किसी को भी मुख्यमंत्री प्रोजैक्ट नहीं कर रही है। इसे पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के लिए झटका बताया जा रहा है।**
- **मोदी ने सांवलिया जी में 7000 करोड़ रू. की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी।**
- **मोदी ने राजस्थान सरकार और मुख्यमंत्री गहलोत पर कटाक्ष किए और कहा, गहलोत तो पूरे समय कुर्सी बचाने में लगे रहे और आधी से ज्यादा कांग्रेस उन्हें कुर्सी से गिराने की कोशिश करती रही।**

उदयपुर/मंडफिया, 2 अक्टूबर (कासं)। प्रदेश में विधानसभा चुनावों का बिगुल बजने से पहले भाजपा पूरी तैयारी में जुट गई है। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चित्तौड़गढ़ जिले के प्रसिद्ध सांवलियाजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर भारी जनसभा को संबोधित किया, तथा सांवलिया जी में 7000 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने इस बार चुनाव में ''कमल के फूल'' को भाजपा का चेहरा बताया, वहीं कांग्रेस की गहलोत सरकार पर जमकर कटाक्ष किए। सभा में करीब 50 हजार की भीड़ जुटी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार सुबह विशेष विमान से डबोक एयरपोर्ट पहुंचे जहां से वे हेलीकॉप्टर द्वारा चित्तौड़गढ़ रवाना हो गए।

पीएम मोदी ने सांवलिया जी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, राजस्थान एक ऐसा राज्य है जिसके पास अतीत की विरासत है, वर्तमान की ताकत है और भविष्य की संभावनाएं हैं। नाथद्वारा पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि, यह पर्यटन सर्किट का हिस्सा है, जिसमें जयपुर का गोविंद देव मंदिर, सीकर का खाटू श्याम मंदिर और राजसमंद का नाथद्वारा शामिल है। इससे राजस्थान का गौरव बढ़ेगा व पर्यटन उद्योग को लाभ होगा। स्वदेश दर्शन योजना के तहत सांवलिया सेठ मंदिर में विकास होने से तीर्थयात्रियों को और अधिक सुविधा मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा, राजस्थान का इतिहास हमें सिखाता है कि, हमें वीरता, गौरव और विकास के साथ आगे बढ़ना चाहिए। आज भारत इसी परिपाटी पर चल रहा है। मोदी ने कहा, आगामी चुनाव में हमारा एक ही चेहरा है और वह चेहरा है ''कमल का फूल'' और इस कमल के नेतृत्व में ही राजस्थान का भाग्य तेज गति से आगे बढ़ाएंगे। मोदी ने कहा कि हमारी उम्मीद व उम्मीदवार कमल ही है। भाजपा को जिताएंगे, इसी लक्ष्य के साथ हम सबको एकजुट होकर ताकत के साथ निकलना होगा। कहा जा रहा है कि, कमल को पार्टी का चेहरा बताने के साथ ही मोदी ने यहां पर सपने संजोएं बैठी वसुंधरा को दरकिनार करने का संदेश दिया है।

मोदी ने अपने भाषण में राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा, मैं दुखी मन से कह रहा हूं कि, आज जब अपराध की बात आती है तो राजस्थान टॉप पर है। राजस्थान के लोगों को भ्रम में डालकर कांग्रेस ने यहां सरकार तो बना ली, लेकिन सरकार चला नहीं पाए। यहां गहलोतजी उठते-बैठते, सोते-जागते मुख्यमंत्री की कुर्सी बचाने में लगे रहे, वहीं आधी से अधिक कांग्रेस उन्हें गिराने में जुटी थी। वे जनता को अपने हाल पर छोड़ आपसी लड़ाई में ही व्यस्त रहे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चित्तौड़गढ़ जिले के सांवलियाजी में लगभग 7000 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन परियोजनाओं में मेहसाणा-भटिंडा-गुरदासपुर गैस पाइपलाइन, आबू रोड में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का एलपीजी संयंत्र, अजमेर बॉटलिंग प्लांट में अतिरिक्त भंडारण, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) रेलवे और सड़क परियोजनाएं, नाथद्वारा में पर्यटन सुविधाएं और कोटा में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान का स्थायी परिसर शामिल हैं।

# 'जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी भागीदारी'

## नीतीश कुमार ने कास्ट सर्वे रिपोर्ट जारी कर 2024 के आम चुनावों की राजनैतिक ''थीम'' निर्धारित की

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **कास्ट सर्वे रिपोर्ट में ओ.बी.सी. व ई.बी.सी. (इकोनॉमिकली बैकवर्ड क्लास) की आबादी को 63 प्रतिशत बताया गया है। विपक्ष का मत है कि, यह कदम भाजपा के हिन्दुत्व पर भारी पड़ सकता है।**
- **अब यह मांग उठने की संभावना है कि, जनसंख्या के आधार पर ओ.बी.सी. का आरक्षण कोटा 27 प्रतिशत से बढ़ाया जाए।**

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। विधानसभा चुनावों से पहले जातीय सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी कर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और इंडिया गठबंधन ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भी भूमिका तैयार कर ली है।

सर्वेक्षण में ओ.बी.सी. और ई.बी.सी. की अनुमानित जनसंख्या 63 प्रतिशत है जो भाजपा के हिन्दुत्व अभियान पर भारी पड़ सकती है क्योंकि अन्य राज्यों से भी जातीय जनगणना की मांग उठ रही है। कांग्रेस नीत कर्नाटक सरकार पूर्व की सिद्धारमैया सरकार द्वारा करवाई गई जातीय जनगणना की रिपोर्ट जारी करने की योजना बना रही है।

तमिलनाडू सहित कम से कम पांच राज्य सरकारी नौकरियों में सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशांतर्गत आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को लांघ चुके हैं। बिहार का सर्वेक्षण जारी होने के बाद यह मांग उठेगी कि ओ.बी.सी. की 27 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को उनकी जनसंख्या के अनुपात में बढ़ाया जाय।

सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी करने में पहल कर बिहार के मुख्यमंत्री ने सत्तारूढ़ भाजपा की भी हवा निकाल दी है जो ओ.बी.सी. के 27 प्रतिशत आरक्षण कोटे में ही ई.बी.सी. का अलग कोटा बनाना चाहती थी, जस्टिस जी. रोहिणी आयोग की रिपोर्ट की सिफारिशों के अनुसार। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की पार्टी की पूर्व की धारणा से अलग हटकर ओ.बी.सी. के लिए जातीय जनगणना की मजबूत वकालत कर रहे हैं। इससे कांग्रेस को आगामी विधानसभा चुनाव में लाभ मिल सकता है।

पटना में जातीय सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी होने के बाद अलग-अलग जातियों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति की रिपोर्ट जारी हो सकती है। इसमें सरकारी नौकरियों में विभिन्न जातियों का प्रतिनिधित्व, उनकी शिक्षा और आर्थिक स्थिति जैसे मानदंड हो सकते हैं। बिहार की राजनीति में तो जोर शोर से यह मांग उठ रही है, ''जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उतनी उसकी भागीदारी।'' बिहार के वरिष्ठ प्रेक्षक ने कहा कि आगामी माहों में यह मांग पूरे देश में आग की तरह फैलेगी।

### नवरात्रि में घोषित...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

यादव बालकनाथ शामिल है। राजस्थान में दो केन्द्रीय मंत्रियों अर्जुनराम मेघवाल और गजेन्द्र सिंह शेखावत को भी मैदान में उतारा जा सकता है और अटकलें हैं कि इनमें से कोई एक मुख्यमंत्री बन सकता है।

पार्टी छत्तीसगढ़ में 21 नामों की घोषणा कर चुकी है और दूसरी सूची शीघ्र जारी कर सकती है। पहले नेतृत्व वसुंधरा राजे की जगह चार बार सांसद रहे उनके पुत्र दुष्यंत सिंह को खड़ा करने की सोच रही थी लेकिन अब उसकी संभावना नहीं है क्योंकि पार्टी परिवार में से एक को ही टिकट देगी। पार्टी के सूत्रों ने कहा उम्मीदवारों की सूची जमीनी रिपोर्टों और सर्वेक्षणों के आधार पर बनाई गई है।

# दिल्ली का 3 लाख रु. का इनामी आतंकी गिरफ्तार

- **बताया जाता है कि मोहम्मद शाहनवाज़ उर्फ शैफी उज्जमा के सम्बन्ध आई.एस. से हैं और वह किसी बड़ी वारदात करने की तैयारी में था।**

नयी दिल्ली, 2 अक्टूबर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने राजधानी में आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड करते हुए आई.एस.आई.एस. मॉड्यूल के एक मोस्ट वांटेड आतंकवादी सहित अन्य तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि, गिरफ्तार आतंकवादी का नाम मोहम्मद शाहनवाज़ उर्फ शैफी उज्जमा है। पुलिस ने शाहनवाज़ से पूछताछ के बाद तीन अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया है। शाहनवाज़ पर तीन लाख रुपये का इनाम था। बताया जा रहा है कि, शाहनवाज़ और एक अन्य को जहां दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है, वहीं तीसरे संदिग्ध को दिल्ली के बाहर से दबोचा गया है। ये आतंकी मॉड्यूल उत्तर भारत में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक शाहनवाज़ पेशे से इंजीनियर है और राष्ट्रीय राजधानी का रहने वाला है। कुछ समय पहले पुणे पुलिस की कस्टडी से फरार हो गया था और तब से वह दिल्ली में ही रह रहा था।

# नांदेड के सरकारी अस्पताल में 24 घंटों में 24 मरीजों की मौत

- **बताया जाता है कि, शंकर राव चव्हाण सरकारी अस्पताल में दवाओं की भारी कमी से यह हादसा हुआ है, मृतकों में 12 नवजात बच्चे भी हैं।**

नांदेड़, 2 अक्टूबर। महाराष्ट्र में नांदेड़ के शंकरराव चव्हाण सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कथित रूप से दवाओं की कमी के कारण पिछले 24 घंटों में कम से कम 24 गंभीर रूप से बीमार मरीजों की मौत हो गयी। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि, मृतकों में 12 नवजात शिशु भी शामिल हैं। बताया जाता है कि, राज्य भर के सरकारी अस्पताल दवाओं की कमी से जूझ रहे हैं। इन सरकारी अस्पतालों में दवा सप्लाई करने वाली कंपनी हाफकिन इन्स्टिट्यूट ने दवाईयों की खरीदारी बंद कर दी है जिसके कारण यह स्थिति पैदा हुई है।

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव को लागू करने में कोई जल्दबाजी नहीं'

- **'एक राष्ट्र एक चुनाव' के लिए गठित कमेटी के सदस्य गुलाम नबी आजाद ने कहा कि, अभी एक ही बैठक हुई है सभी की राय ली जाएगी। इस मुद्दे पर कोई जल्दबाजी नहीं है।**

श्रीनगर, 2 अक्टूबर। डेमोक्रैटिक प्रोग्रेसिव आज़ाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आज़ाद ने सोमवार को कहा कि, देश में ''एक राष्ट्र, एक चुनाव'' की अवधारणा को लागू करने में कोई जल्दबाजी नहीं है।

आज़ाद पूरे देश में एक साथ राष्ट्रीय और राज्य चुनाव कराने के लिए सरकार की ''एक राष्ट्र एक चुनाव'' अवधारणा की जांच करने के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्य हैं। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता वाली समिति ने पिछले महीने अपनी पहली आधिकारिक बैठक की।

उन्होंने कहा कि, समिति की केवल प्रारंभिक बैठक हुई थी और यह एक परिचयात्मक बैठक थी। उन्होंने कहा,मुझे नहीं लगता कि इसे लागू करने में कोई जल्दबाजी है, जैसा कि कुछ लोग सुझाव दे रहे हैं। राष्ट्रीय दलों, मान्यता प्राप्त दलों, क्षेत्रीय और अन्य दलों के साथ विचार-विमर्श किया जाना चाहिए तथा विचार-विमर्श के लिए आमंत्रित किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, यह गलत सूचना है कि समिति स्वयं निर्णय लेगी। उन्होंने कहा, हर किसी की राय मांगी जाएगी।

महिला आरक्षण विधेयक पर आजाद ने कहा कि, यह विधेयक तीन दशक देर से आया है। उन्होंने विधेयक पारित करने के लिए सरकार और अन्य सभी दलों की सराहना करते हुए कहा कि, देर हो गयी है। इसे 15 से 20 साल पहले आना चाहिए था। इसे 30 साल पहले भी आना चाहिए था। यूपीए के समय की तरह पहले के प्रयासों में भी कुछ घटक दल इसके खिलाफ थे। कोई एकमत नहीं था। अब, कम से कम सर्वसम्मति है और यह लोकसभा तथा राज्यसभा दोनों में पारित हो गया।

# हिमाचल के लाहौल में हिमपात

- **मनाली-लेहमार्ग पर वाहनों की आवाजाही रोकी गई, हालांकि देर शाम सीमा सडक संगठन ने रास्ता खोल दिया।**

शिमला, 2 अक्टूबर। हिमाचल प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। लाहौल की ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात हुआ है। शिमला में बारिश हुई और कुछ स्थानों पर ओले गिरे हैं। लाहौल-स्पीति व कुल्लू में हल्की बर्फबारी और बारिश हुई। मनाली में सुबह बारिश हुई।

मनाली-लेह मार्ग पर वाहन आवाजाही को बर्फबारी के कारण जिंगजिंगबार से आगे रोक दिया गया है। बारालाचा दर्रे में बर्फ जमने से दारचा से आगे किसी भी वाहन को जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

देर शाम तक सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने बर्फ हटाकर रास्ता खोल दिया, लेकिन यातायात आवाजाही पर प्रशासन फैसला लेगा। दो से तीन दिनों में मानसून प्रदेश से विदा हो जाएगा। छह जिलों, कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, सोलन और सिरमौर में मानसून सीजन खत्म हो चुका है, जबकि जिला शिमला के निचले भागों से यह आंशिक रूप से जा चुका है। कुल्लू, किन्नौर, लाहौल-स्पीति, चंबा, मंडी और शिमला के ऊपरी क्षेत्रों से यह मानसून दो-तीन दिनों के भीतर विदा हो जाएगा। पिछले वर्ष भी 3 अक्तूबर को मानसून विदा हुआ था।



*चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार के साथ ही 2023 के नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की शुरुआत हो गई है। शरीर-क्रिया विज्ञान एवं औषधि (फिज़िऑलजी एवं मैडिसिन) क्षेत्र के लिए 2023 का नोबेल पुरस्कार हंगरी मूल की जैव-रसायन वैज्ञानिक कैटलिन कारीको और अमेरिका के ड्रू वाइज़मैन को एम-आरएनए आधारित कोविड-19 वैक्सीन के विकास में उनके योगदान के लिए संयुक्त रूप से देने की सोमवार को घोषणा की गयी। नोबेल असेंबली के सचिव थॉमस पर्लमैन ने स्टॉकहोम के कोरोलिंस्का संस्थान में इस पुरस्कार की घोषणा की। दोनों वैज्ञानिकों को न्यूक्लियोसाइड आधारित संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के सम्मान के तौर पर यह पुरस्कार दिया जा रहा है। बयान के अनुसार उनकी खोज से करोना वायरस-कोविड-19 से बचाव के लिए एम-आरएनए टीकों के विकास में मदद मिली। कैटलिन कारीको मूल रूप से हंगरी की हैं और अमेरिका में बस गयी हैं। वे बायोकेमिस्ट हैं और उन्हें आरएनए के हस्तक्षेप से प्रभावित शारीरिक क्रियाओं की व्यवस्था का विशेषज्ञ माना जाता है। कैटलिन ने प्रोटीन उपचार के लिए इन विट्रो-ट्रांसक्राइब्ड एम- आरएनए के विकास पर शोध किया है। वे पैन्सिल्वेनिया विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर हैं। अमेरिका के वैज्ञानिक वाइज़मैन ने पैन्सिल्वेनिया विश्वविद्यालय में ही कारीको के साथ मिल कर शरीर के अंदर न्यूक्लियोसाइड आधारित परिवर्तन पर अनुसंधान किया।*

# कर्नाटक में कांग्रेस भी जातिगत...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जुबानी जमा खर्च कर रही है लेकिन सबसे पिछड़े वर्ग के हितों की पूर्णतया अनदेखी कर रही है। राहुल ने कहा कि भारत सरकार के 90 सचिवों में से केवल 3 ओ.बी.सी. से होना समाज के वंचित वर्ग के प्रति अन्याय है। राहुल गांधी ने कहा कि जब तक जातीय जनगणना हकर हर जात की संख्या सामने नहीं आती। तब तक उनके लक्षित लाभकारी और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने वादा किया कि अगर केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो सबसे पहले जातीय जनगणना होगी।

राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में होने वाले विधानसभा चुनाव के मौके पर उठाए गए इस मुद्दे ने भाजपा को परेशान कर दिया है जिसकी पूर्व में सुनियोजित सोशल इंजीनियरिंग ने उसे देश भर में ओ.बी.सी. का भारत समर्थन दिलाया था जिससे उसे भारी बहुमत मिला।

कर्नाटक में कांग्रेस के सूत्र संकेत दे रहे हैं कि राज्य सरकार शीघ्र जातीय जनगणना रिपोर्ट जारी कर रही है। पिछली सिद्धारमैया सरकार (2013-2018) में जातीय जनगणना हुई अवश्य थी लेकिन कार्यकाल समाप्त होने तक जारी नहीं हो पाई।

हालांकि रिपोर्ट जारी करने में एक संशय यह है कि जातीय जनगणना के आंकड़े दो जातियों का प्रभुत्व कम कर सकते हैं-लिंगायत और वोक्कालिगा, क्योंकि असली आंकड़े इस धारणा को चुनौती दे सकते हैं कि राज्य की आबादी में उनका बड़ा हिस्सा है।

यह संशय अवश्य है कि, जातीय जनगणना के आंकड़ों से कुछ और आंतरिक विभाजन हो सकते हैं। जिससे आरक्षित सीटों में फेरबदल हो सकता है। अभी कर्नाटक की 224 विधानसभा सीटों में से 36 आरक्षित हैं।

जनगणना के आंकड़े जारी करने के मामले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार एकमत हैं। कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व ओ.बी.सी. का मुद्दा इतनी मजबूती से उठा रहा है कि कर्नाटक राज्य सरकार तुरंत इस पर कार्रवाई करेगी।

लेकिन इससे यह तथ्य समाप्त नहीं हो जाता कि इसमें कई स्थानीय मुद्दे भी हैं जिससे जातीय आंकड़ों से राजनैतिक गठबंधन और सामाजिक शक्तियों का समीकरण बिगड़ सकता है। कुशल आर्थिक सामाजिक सर्वेक्षण और जातीय जनगणना के पक्ष में यह तर्क है कि इससे सरकार असमानताओं को कम कर सकेगी और ओ.बी.सी., दलितों, आदिवासियों और महिलाओं को राजनीति, प्रशासन और अन्य क्षेत्रों में उचित प्रतिनिधित्व दे सकेगी।

# राहुल गांधी ने स्वर्ण मंदिर...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पहुंचने पर राणा के. पी. सिंह, सांसद गुरजीत सिंह औजला, इंटक नेता सुरिंदर शर्मा तथा अन्य नेताओं स्वागत किया। स्वर्ण मंदिर पहुंचने पर पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता वहां मौजूद थे। गांधी का अन्य धार्मिक स्थलों पर भी मत्था टेकने का कार्यक्रम है।

उनके इस दौरे के मद्देनजर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि, गांधी स्वर्ण साहिब में माथा टेकने के लिए अमृतसर आ रहे हैं। यह उनकी निजी और आध्यात्मिक यात्रा है, उनकी निजता का सम्मान करें। सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि वे इस दौरान वहां न पहुंचे। अगली बार वे उनसे मिल सकते हैं।

पार्टी की अमृतसर इकाई के अध्यक्ष अश्वनी कुमार पप्पू ने कहा कि, गांधी स्वर्ण मंदिर आएंगे। पार्टी की ओर से हिदायत है कि, गांधी के निजी कार्यक्रम में कोई भी नेता नहीं होना चाहिए। इसलिए कोई भी पार्टी नेता उनके निजी कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेगा। राहुल गांधी अन्य धार्मिक स्थलों पर भी माथा टेकेंगे। इससे पहले राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भी अमृतसर आए थे और स्वर्ण मंदिर में पीली पगड़ी पहन कर मत्था टेका था।

# बिहार कास्ट सर्वे: भाजपा नेतृत्व...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि रिपोर्ट का विस्तृत अध्ययन करने के बाद ही पार्टी अपनी प्रतिक्रिया देगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा ने सर्वे का दृढ़ता से समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि ''भाजपा ने सर्वे का पूर्ण समर्थन किया था। हम जब बिहार में सरकार का हिस्सा थे, तब हमने ही यह कार्य शुरु किया था।''

प्रकाशित डेटा से पता चला है कि बिहार की कुल आबादी में ओ.बी.सी. और ई.बी.सी. का 63 प्रतिशत का एक बड़ा हिस्सा है। विकास आयुक्त विवेक सिंह द्वारा पटना में जारी किए गए डेटा के अनुसार राज्य की कुल आबादी 13.07 करोड़ से थोड़ी ही अधिक है और उसमें से एक्सट्रीमली बैकवर्ड क्लासेस (ई.बी.सी.) 36 प्रतिशत के साथ सबसे बड़ा सामाजिक वर्ग है व उसके बाद अदर बैकवर्ड क्लासेस (ओ.बी.सी.) 27.13 प्रतिशत है।

सर्वे में यह भी बताया गया कि ओ.बी.सी. में आने वाले यादव, जिनसे उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का भी ताल्लुक है, वह कुल आबादी के 14.27 प्रतिशत के साथ सबसे बड़ा ओ.बी.सी. ग्रुप है।

दलित, जिन्हें अनुसूचित जाति के नाम से भी जाना जाता है, राज्य की कुल आबादी का 19.65 प्रतिशत है। राज्य में अनुसूचित जनजातियों के लोगों की आबादी 22 लाख यानी कि 1.68 प्रतिशत है।

अनारक्षित वर्ग यानी कि सर्वविदित ''सवर्ण'' जिनका 1990 के दशक की मण्डल लहर तक राजनीति में दबदबा था की जनसंख्या कुल आबादी का 15.52 प्रतिशत है।

सर्वे में यह भी प्रतिपादित किया गया है कि राज्य की कुल आबादी में हिन्दुओं की संख्या 81.99 प्रतिशत है, जबकि मुस्लिम 17.7 प्रतिशत है।

अन्य धर्मों को मानने वाले ईसाई, सिख, जैन और अनीश्वरवादियों की आबादी की भी राज्य में नाम मात्र की उपस्थिति है। इन सभी की आबादी राज्य की कुल जनसंख्या के एक प्रतिशत से भी कम है।

''इण्डिया'' गठबंधन के गठन में प्रसाद और कुमार दोनों की ही महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस गठबंधन ही हाल ही बैंगलुरु में हुई मीटिंग में जातिगत जनगणना की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई थी और उस प्रतिबद्धता को अब पूरा कर लिया गया है।

केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने जब यह स्पष्ट कर दिया था कि वह जनगणना में एस.सी. और एस.टी. के अलावा अन्य जातियों के लोगों की गणना में समर्थ नहीं होगी, उसके बाद ही इस प्रकार का सर्वे कराने के पिछले वर्ष आदेश दिए गए थे।

इससे पहले सभी जातियों के लोगों की गणना वर्ष 1931 में की गई थी। जो लोग जातियों का नवीनत सर्वे कराने की मांग कर रहे है उनका यह जोर देकर कहना है कि स्वतंत्रता के बाद के युग में बेहतर जीवन प्रत्याशा वाले समाज के जिन कमजोर वर्गों की आबादी में अनुपातिक वृद्धि हुई है, उनके लिए एक नया आकलन बेहद जरुरी है।

राज्य मंत्रिमण्डल ने गत वर्ष 2 जून को एक जातिगत सर्वे का अनुमोदन किया था और इसके लिए 5 सौ करोड़ रुपयों की भारी भरकर राशि स्वीकृत की गई थी। सर्वे के काम में हल्का सा रोड़ा तब अटक गया था जब इस मुद्दे पर सुनवाई कर रहे पटना हाईकोर्ट ने सर्वे पर रोक लगा दी थी।

### डिज़ाइन बॉक्स...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रहे हैं, मुख्यमंत्री के अलावा किसी के साथ भी को-आपरेट करने से इन्कार कर रहे हैं और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जो कि राज्य में संगठन के प्रभारी भी हैं, के साथ अपनी प्रचार योजनाओं को शेयर करने से भी इन्कार कर रहे हैं? अब यह देखना मजेदार होगा कि अशोक गहलोत इस पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं और क्या डिज़ाइन बॉक्स को अभी भी मुख्यमंत्री गहलोत का वरदहस्त प्राप्त होता रहेगा।

### सीटों के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अन्य पार्टियों ने जातिगत जनगणना का मुद्दा जोर शोर से उठाया है, लेकिन इसे लेकर कई पार्टियों के बीच मतभेद हैं। भोपाल रैली के रद्द होने के बाद हुई पांच संयुक्त रैलियों में भी इस पर कोई चर्चा नहीं हुई। ऐसे संकेत हैं कि सीट शेयरिंग के निर्णय के लिए पार्टियों को नवम्बर माह में होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों तक इन्तज़ार करना होगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908